रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 3 फरवरी 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 162 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मेघालय के 60, नागालैंड के 20 प्रत्याशी घोषित किये भाजपा ने

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने मेघालय एवं नागालैंड की विधानसभाओं के चुनाव के लिए अपने कुल 80 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी एवं भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में कल शाम यहां हुई पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन नामों को मंजूरी दी गयी। भाजपा ने मेघालय की सभी 60 सीटों पर उम्मीदवार उतारें हैं जबकि नागालैंड विधानसभा की 60 सीटों में से 20 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किये हैं। मेघालय के 60 उम्मीदवारों में छह महिलाएं हैं। जबकि नागालैंड के 20 उम्मीदवारों में एक महिला है।

### कांग्रेस एलआईसी मुद्दे पर सोमवार को करेगी देशव्यापी प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने एलआईसी तथा सरकारी बैंकों के शेयरों में हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद आई गिरावट को गंभीर बताते हुए कहा है कि यह गरीबों के पैसे लुटवाए गये हैं और पार्टी छह फरवरी को इसके विरोध में देशव्यापी आंदोलन करेगी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि जनता के पैसे लुटवाने और इसको लेकर उभरे लोगों के आक्रोश को देखते हुए पार्टी ने सोमवार 06 फरवरी को जीवन बीमा निगम कार्यालयों और भारतीय स्टेट बैंक के कार्यालयों के सामने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि अडानी समूह में एलआईसी ने कुल 36,474.78 करोड़ रुपये का और राष्ट्रीय बैंकों ने इसमें लगभग 80,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

### सेंसेक्स 224 अंक चढ़ा

**मुंबई।** फेड रिजर्व के ब्याज दर में चौथाई प्रतिशत की वृद्धि से वैश्विक बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, इंडस्ट्रियल्स और आईटी समेत आठ समूहों में हुई लिवाली से सेंसेक्स 224 अंक चढ़ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 224.16 अंक की तेजी लेकर 59932.24 अंक पर पहुंच गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 5.90 अंक की मामूली गिरावट लेकर 17610.40 अंक पर सपाट बंद हुआ।

# बच्चों ने एस्ट्रो लैब में मुख्यमंत्री को दिखाया कैसे अलग-अलग ग्रहों पर ग्रेविटी का होता है अलग प्रभाव

## मुख्यमंत्री ने सैजेस जामगांव (एम) के एस्ट्रोलैब्स की तारीफ की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड के जामगांव (एम) में स्वामी आत्मानंद स्कूल के 2 करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने यहां स्थापित एस्ट्रोलैब भी देखी। यहां पर बच्चों ने मुख्यमंत्री को बताया कि किस तरह से ग्रेविटेशन का प्रभाव अलग-अलग ग्रहों में अलग-अलग पड़ता है। मुख्यमंत्री ने बच्चों से चर्चा में कहा कि आप लोगों को बहुत सुंदर तरीके से खगोल विज्ञान के बारे में जानकारी दी जा रही है जो बहुत अच्छी बात है। मुख्यमंत्री ने टेलिस्कोप भी देखा। साथ ही भारत के अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा एवं कल्पना चावला आदि के कार्य का डिस्प्ले भी देखा। मुख्यमंत्री स्कूल के फिजिक्स लैब, केमिस्ट्री लैब और बायो लैब में भी गए। मुख्यमंत्री ने यहां बच्चों के प्रैक्टिकल भी देखे तथा उनसे प्रश्न भी पूछे। मुख्यमंत्री ने बच्चों से पूछा कि आपको इस स्कूल में पढ़ाई करके कैसा लग रहा है। बच्चों ने कहा हमको बहुत अच्छा लग रहा है। यहां आपने सारी सुविधाएं हमें दी हैं।



### सीएम भूपेश ने ऑडियो विजुअल क्लास भी देखी

हमारी टीचर बहुत अच्छे हैं और हमें अत्याधुनिक तरीके से पढ़ाई कराई जाती है। हमें स्मार्ट क्लास ले जाया जाता है, वहां हम ऑडियो विजुअल कंटेंट के माध्यम से सारी जानकारी हासिल करते हैं और सीखते हैं। मुख्यमंत्री ने ऑडियोविजुअल क्लास भी देखी। एक बच्चे प्रदीप चंद्राकर ने ऑडियोविजुअल क्लास के माध्यम से बच्चे को फोटोसिंथेसिस के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की तारीफ की और कहा कि इस तरह से पढ़ने और सीखने की प्रक्रिया बच्चों के लिए बहुत आनंददायी हो जाती है। मुख्यमंत्री बच्चों के अभिभावकों से भी मिले अभिभावकों ने कहा कि पढ़ाई निःशुल्क है। इतनी अच्छी सुविधाएं हैं टीचर बहुत अच्छे से पढ़ाते हैं। हमें अपने बच्चों को यहां भेज कर बहुत अच्छा लग रहा है मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से भी चर्चा की और उनकी प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि स्कूल का निर्माण दो करोड़ रुपए की लागत से किया गया है यहां पर बच्चों की शैक्षणिक सुविधा के साथ ही प्लेग्राउंड भी है और बच्चों की खेल संबंधी सुविधाओं का ध्यान भी रखा गया है। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने बताया स्कूल में शिक्षकों की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही बच्चों के विकास के लिए सभी संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। इस मौके पर संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

# हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोकसभा में कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) तथा सरकारी बैंकों में आम लोगों का धन डूबने के मुद्दे पर चर्चा की माँग करते हुए गुरुवार को सदन में भारी हंगामा किया जिसकी वजह से सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई विपक्षी दलों के सदस्य सदन के बीचोबीच आकर हिंडनवर्ग की रिपोर्ट के मद्देनज़र सदन में इस मुद्दे पर चर्चा की माँग को लेकर हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच में पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र अग्रवाल ने ज़रूरी कागज़ात पटल पर रखवाए। वह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू करवाते कि इससे पहले ही सदस्यों हंगामा शुरू कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सदस्यों से आग्रह किया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पहला अभिभाषण है और इस पर चर्चा होनी चाहिए, लेकिन हंगामा कर रहे सदस्यों ने उनकी कोई बात नहीं सुनी। पीठासीन अधिकारी ने भी बार-बार सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की, लेकिन उनकी बात भी नही सुनी गयी और हंगामा होता रहा तो उन्होंने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।



### हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर संसद में हंगामा

अडानी समूह पर अमेरिकी शोध कंपनी हिंडनबर्ग की एक रिपोर्ट को लेकर गुरुवार को संसद में विपक्षी दलों के सदस्यों ने भारी हंगामा किया जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका और दोनों सदनों की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा और राज्यसभा में पूर्वाह्न 11 बजे कार्यवाही शुरू होने के साथ कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों के सदस्यों ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट का मुद्दा उठाया और तुरंत चर्चा की मांग की। दोनों सदनों में पीठासीन अधिकारियों ने विपक्ष की इस मांग को विभिन्न कारणों का उल्लेख करते हुए अस्वीकार कर दिया तो विपक्षी सदस्यों ने शोर शराबा करना आरंभ कर दिया। इसके कारण दोनों सदनों में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो सका। राज्यसभा और लोकसभा में पूर्वाह्न 11 बजे जैसे आवश्यक दस्तावेज रखे जाने और पूर्व केन्द्रीय कानून मंत्री शांति भूषण को श्रद्धांजलि देने की प्रक्रिया पूरी हुई और सदनों की कार्यवाही शुरू करने की घोषणा की गयी तो कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा करने लगे। सभापति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन का कामकाज सुचारु रूप से चलने देने की बार-बार अपील की लेकिन विपक्षी सदस्यों ने हंगामा जारी रखा। इसे देखते हुए धनखड़ और बिरला ने सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी। अपराह्न दो बजे राज्य सभा की कार्यवाही जब फिर शुरू हुई तो विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। धनखड़ ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा कराने का प्रयास किया तो कांग्रेस के जयराम रमेश, दिग्विजय सिंह और पी चिदंबरम अपनी सीटों पर खड़े गये और नियम 267 के तहत दिये गये नोटिस के बारे में पूछने लगे। कांग्रेस के अन्य सदस्य भी अपनी सीटों पर खड़े हो गये और जोर-जोर से बोलने लगे। अन्य विपक्षी सदस्यों ने भी कांग्रेस का साथ दिया और जोर-जोर से बोलने लगे। रमेश ने कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में अमृतकाल घोटाला हो रहा है। स्थिति को देखते हुए सभापति ने सदन की कार्यवाही पांच मिनट के भीतर ही दिनभर के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी।

## कस्टम मिलिंग के लिए 91 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में धान खरीदी के अंतिम तिथि के पश्चात् अब कस्टम मिलिंग के लिए मिलर्स द्वारा तेजी के साथ धान का उठाव शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश की पहल पर पिछले वर्ष की तर्ज पर इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव शुरू किया गया था, जिसके चलते राज्य सरकार को परिवहन व्यय में काफी कमी आयी है। इसके साथ ही धान खरीदी के बाद धान उठाव की लंबी प्रक्रिया से भी निजात मिली है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 23 लाख 82 हजार से अधिक किसानों से 31 जनवरी 2023 तक 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। किसानों को धान खरीदी के एवज में भुगतान हेतु बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत मार्कफेड द्वारा अपैक्स बैंक को 22 हजार 67 करोड़ रूपए जारी किया गया है। अब तक कुल धान खरीदी 107.53 लाख मीट्रिक टन में से कस्टम मिलिंग के लिए 97 लाख 20 हजार मीट्रिक टन धान उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 91 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव कर लिया गया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य में बीते चार सालों में धान खरीदी की व्यवस्था को इतना सुदृढ़ और बेहतर किया गया है कि किसानों को धान बेचने और भुगतान प्राप्त करने में किसी भी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ता है। यही वजह है कि बीते चार सालों में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वालों किसानों की संख्या और धान खरीदी की मात्रा में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है, जिसके चलते छत्तीसगढ़ सेंट्रल पूल में धान के योगदानकर्ता राज्य के रूप में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

## जेपी नड्डा कल त्रिपुरा में चुनावी अभियान की करेंगे शुरुआत

**अगरतला।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा शुक्रवार को त्रिपुरा में चुनावी अभियान की शुरुआत करने वाले हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य ने गुरुवार को कहा कि नड्डा पहली सभा को उनाकोटी जिले के कुमारघाट और उसके बाद गोमती जिले के अमरपुर में संबोधित करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सात और आठ फरवरी को दो दिवसीय प्रचार अभियान के लिए यहां पहुंचने वाले हैं, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नौ फरवरी को रैलियों को संबोधित करने वाले हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी दो चरणों की यात्रा के दौरान पश्चिम और दक्षिण त्रिपुरा जिलों में कई चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे और शाह अपने त्रिपुरा दौरे के तीन चरणों में 10 रैलियों और रोड शो को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा के शीर्ष नेता भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार अभियान का नेतृत्व करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कई शीर्ष नेता कांग्रेस के लिए प्रचार करेंगे जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) महासचिव सीताराम येचुरी, प्रकाश करात और माणिक सरकार सहित माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य वाम दलों के लिए प्रचार करेंगे। तृणमूल कांग्रेस के त्रिपुरा राज्य प्रभारी राजीव बनर्जी ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित तृणमूल कांग्रेस के सितारे अगले सप्ताह से त्रिपुरा में चुनाव प्रचार करेंगे।



## इसरो ने रिपोर्ट में बताई एसएसएलवी-डी-1 मिशन की असफलता की वजह

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पिछले साल अगस्त में प्रक्षेपित लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी-डी वन) की पहली विकासात्मक उड़ान की असफलता के कारणों का खुलासा गुरुवार को जारी रिपोर्ट में किया। इसरो ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि उड़ान के दौरान सेपरेशन की दूसरी स्टेज के दौरान थोड़े से ही समय के लिए हुए कंपन के कारण यह उड़ान असफल हो गयी थी। इसरो ने इस मिशन की असफलता को लेकर बारीकी से जांच के बाद तैयार की गयी असफलता विश्लेषण रिपोर्ट में यह खुलासा किया। रिपोर्ट के अनुसार एसएसएलवी मिशन की पहली असफलता को लेकर पूरे मामले की गंभीरता से जांच की गयी, जिसमें प्रक्षेपण यान की उड़ान से पहले शुरू हुए काउंटडाउन से लेकर उड़ान भरने, प्रोपल्शन के कार्यप्रदर्शन, सेपरेशन स्टेज और उपग्रह छोड़े जाने तक की प्रक्रिया का सविस्तार विश्लेषण किया गया तो पाया कि सेपरेशन की दूसरी स्टेज में कुछ ही समय के लिए हुए कंपन ने नेविगेशन सिस्टम को प्रभावित किया और इससे सेंसर में कमी आयी जिसके कारण डिटेक्शन और आइसोलेशन सॉफ्टवेयर में कमी आयी। प्रारंभिक जांच में पता चला की एसएसएलवी-डी1 की प्रांरभिक उड़ान सामान्य थी और सभी सॉलिड प्रोपल्शन स्टेज सामान्य रूप से काम कर रही थीं, लेकिन इसके बावजूद उड़ान के दूसरे चरण में परेशानी आने से मिशन असफल हो गया।

## प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने से बचें युवा : धनराज गिरी

**नयी दिल्ली।** आजाद भारत सनातन संघ (आभास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनराज गिरी ने आयोजित 'अटल आजाद स्मृति सम्मान' समारोह के अवसर पर कहा कि आधुनिक युवाओं को प्राकृतिक संसाधनों का दोहन नहीं करने का संकल्प लेना चाहिए और इसके प्रति समाज को भी जागरूक करते रहना चाहिए। गिरी ने संस्थान के कार्यप्रणाली के बारे में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि देश की भावी पीढ़ियों को प्राकृतिक संसाधन हमेशा मिलता रहे इसके लिये हमें हमेशा सचेत रहना होगा। 'आजादी के अमृत महोत्सव' के अवसर पर आजाद भारत सनातन संघ के तत्वाधान में गुरुवार को दिल्ली में 'अटल आजाद स्मृति सम्मान समारोह एवं राजनीति के शिखर पुरुष अटल' संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आजाद भारत सनातन संघ के कार्यकर्ताओं ने 'पानी पेड़ एवं पहाड़ बचाओ और आजाद भारत को सनातन-समृद्ध बनाओ' का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विजय सोनकर शास्त्री ने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी के साथ बिताए हुए लम्हों को याद किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुदेश वर्मा, दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की पोती अंजली मिश्रा और चंद्रभूषण सिंह ने भी युवाओं को संबोधित किया। एन.सी.सी की छात्राओं ने महिला सशक्ति करण की मिशाल प्रस्तुत की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा करने वाले कई विभूतियों को सम्मानित किया गया।



### जानकी मंदिर के महंत तपेश्वर दास ने चंपत राय को शालिग्राम शिलाएं सौंपी

# दो विशाल शालिग्राम शिलाएं नेपाल से अयोध्या पहुंची

एजेंसी < अयोध्या
www.dailypioneer.com

नेपाल से शालिगराम शिलाएं अयोध्या में पहुंचने से वहां गुरुवार को दीपावली जैसा उत्साह देखने के मिला। 373 किलोमीटर और 7 दिन के सफर के बाद दो विशाल शालिग्राम शिलाएं नेपाल से अयोध्या पहुंच गई हैं। गुरुवार को रामसेवक पुरम में 51 वैदिक ब्राह्मणों ने शालिग्राम शिलाओं का पूजन कराया। इसके बाद नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री विमलेंद्र निधि और जानकी मंदिर के महंत तपेश्वर दास ने चंपत राय को शालिग्राम शिलाएं सौंप दी। इसी 6 करोड़ साल पुराने शालिग्राम पत्थर से भगवान राम और सीता की मूर्ति बनेगी, जो राम दरबार में स्थापित होगी। विमलेंद्र निधि ने बताया कि जनकपुर में राम व जानकी की जयंती से सात ही सीताराम विवाह धूमधाम से मनाते हैं। महंत तपेश्वर दास की मंशा से यह काम हो रहा है। न्यायालय के फैसले के बाद मन में आया कि राममंदिर में शालिग्राम शिला की मूर्ति लगे। इसके लिए 40 शिलाओं की पहचान की गई। वैज्ञानिक तरीके से पहचान के बाद ट्रस्ट से पत्रचार किया गया। विमलेंद्र निधि ने बताया कि वे नृपेंद्र मिश्र से भी मिले। फिर दोनों देशों के बीच सहमति बनी। शिला को भारत लाने के लिए मुझे और महंत राम तपेश्वर दास को जिम्मेदारी दी गई थी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्र, मेयर ऋषिकेश उपाध्याय ने शिलाओं को रामसेवकपुरम में रखवाया। सुरक्षा के लिए बाहर पुलिस तैनात की गई है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने बताया, भगवान श्रीराम के मंदिर में मूर्ति किस तरीके की हो और किन शिलाओं से यह मूर्ति निर्मित हो इस पर राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट विचार कर रहा है। इसके लिए देशभर के मूर्तिकारों के विचारों को जानने के लिए बुलाया गया है। भगवान की मूर्ति की भाव भंगिमां कैसी हो, इस पर गहनता से विचार किया जा रहा है। ओडिशा और कर्नाटक की भी शिलाएं मंगवाई गई हैं, लेकिन उनके यहां आने का समय अभी तय नहीं हुआ है। सभी शिलाओं को एकत्र करने के बाद विशेषज्ञों की सलाह के बाद ही गर्भगृह की मूर्ति किस पत्थर से बनाई जाएगी यह निर्णय लिया जाएगा। सभी शिलाओं की जांच के बाद, उनमें से एक शिला का इस्तेमाल गर्भगृह के ऊपर पहली मंजिल पर बनने वाले दरबार में श्रीराम की मूर्ति बनाने में किया जाएगा। वहीं, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की मूर्तियां भी इन्हीं शिलाओं से बनाई जाएंगी। बता दें, गर्भगृह में अभी श्रीराम समेत चारों भाई बाल रूप में विराजमान हैं। इन प्रतिमाओं के छोटी होने के कारण भक्त अपने आराध्य को निहार नहीं पाते हैं। ऐसे में बताया जा रहा कि इन प्रतिमाओं का बड़ा स्वरूप बनाया जाएगा। हालांकि इसको लेकर अभी मंथन चल रहा है। मंदिर प्रशासन की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और विश्व हिंदू परिषद एक साल से इन शिलाओं को लाने का प्रयास कर रही थी। नेपाल के जनकपुर में काली नदी से ये पत्थर निकाले गए थे। अभिषेक और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद शिला को 26 जनवरी को अयोध्या के लिए रवाना किया गया था। इस दौरान यह बिहार के रास्ते क्रमें कुशीनगर और गोरखपुर होते हुए बुधवार रात अयोध्या पहुंची हैं। एक शिला का वजन 26 टन है, वहीं दूसरी शिला का वजन 14 टन है। माना जा रहा है कि यह शिलाएं 6 करोड़ साल पुरानी हैं। मंदिर प्रशासन की माने तो भगवान राम के मंदिर का निर्माण तेजी के साथ किया जा रहा है। ऐसे में कार्यशाला में राम मंदिर निर्माण कार्य के लिए पत्थरों के तराशने का कार्य भी चल रहा है। अगस्त 2023 तक भगवान श्री राम के मंदिर का भूतल बनकर तैयार हो जाएगा।





## एफपीओ वापसी के फैसले से कई लोग हैरान : गौतम अडानी

एजेंसी < तिरूवनंतपुरम
www.dailypioneer.com



अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के प्रमुख गौतम अडानी ने शुक्रवार को कहा कि पूरी तरह से सब्सक्राइब किए गए फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) के बाद कंपनी के इसे वापस लेने के फैसले से कई लोगों को चौंका दिया है लेकिन कल (01 फरवरी) को बाजार की अस्थिरता को देखते हुए बोर्ड ने दृढ़ता से महसूस किया कि एफपीओ के साथ आगे बढ़ना नैतिक रूप से सही नहीं होगा। अडानी ने एक बयान में कहा, एक उद्यमी के रूप में चार दशकों से अधिक की मेरी यात्रा में मुझे सभी हितधारकों विशेष रूप से निवेशक समुदाय से भारी समर्थन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। मेरे लिए यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि मैंने जीवन में जो कुछ भी थोड़ा बहुत हासिल किया है, वह उनके विश्वास और भरोसे के कारण है। मैं अपनी सारी सफलता का श्रेय उन्हीं को देता हूं। मेरे लिए, मेरे निवेशकों का हित सर्वोपरि है और सब कुछ गौण है, इसलिए निवेशकों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए हमने एफपीओ वापस ले लिया है। इस निर्णय का हमारे मौजूदा संचालन और भविष्य की योजनाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हम परियोजनाओं के समय पर पूरा होने और वितरण पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, हमारी कंपनी के मूल तत्व मजबूत हैं। हमारी बैलेंस शीट मजबूत है और परिसंपत्तियां मजबूत हैं। हमारा ईबीआईडीटीए स्तर और नकदी प्रवाह बहुत मजबूत रहा है और हमारे पास अपनी कर जिम्मेदारियों को पूरा करने का एक त्रुटिहीन ट्रैक रिकॉर्ड है। हम दीर्घकालिक मूल्य रचना पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे।

# ग्राम कनेकेरा में बीज निगम अध्यक्ष ने किया खाद गोदाम का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष अग्नि चंद्राकर ने ग्राम कनेकेरा में खाद गोदाम का भूमिपूजन किया। क्षेत्र के किसानों की मांग पर चंद्राकर ने यहां खाद गोदाम निर्माण के लिए बीज निगम के सीएसआर मद से 8.84 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। खाद गोदाम बनने पर इसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। इस मौके पर किसानों और ग्रामीणों की भीड़ भरी सभा को संबोधित करते हुए निगम अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की सरकार है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार हर वो कदम उठा रही है, जिससे किसानों का हित हो। इस सरकार ने अपने काम की शुरुआत ही किसानों की कर्जा माफी के साथ की थी। इसके बाद राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए किसानों की खुशहाली का मार्ग खोल दिया। आज पूरे भारत में किसानों को धान का सबसे अधिक दाम छत्तीसगढ़ में मिल रहा है। भूपेश सरकार के नवाचार और न्याय आधारित योजनाओं से प्रदेश के हर वर्ग में खुशहाली आई है। विकास की गति को और तेज करने के लिए 6 नए जिलों और 85 नई तहसीलों का गठन किया गया है। प्रशानिक विकेंद्रीकरण से प्रशासन जनता के और करीब होता है तथा लोगों को कामकाज में काफी सुविधा होती है। इन्हीं बातों का ध्यान रखते हुए अविभाजित मध्यप्रदेश के समय महासमुंद को जिला बनाने के लिए मैंने अपने विधायक पद से त्यागपत्र दे दिया था। सत्ता पक्ष के विधायक के इस्तीफे से राजधानी भोपाल में खलबली तो मचनी ही थी। आखिरकार जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सरकार को महासमुंद जिला बनाना पड़ा। मेरे लिए सदैव जनहित सर्वोपरि रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं से छत्तीसगढ़ के हर वर्ग के लोगों के जीवन में सुखद, सकारात्मक बदलाव आए हैं। जिला पंचायत सभापति अमर अरुण चंद्राकर ने कहा कि भूपेश बघेल के रूप में प्रदेश छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री मिला है, जिन्होंने जन-जन में छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान जगाया है। सभा को ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ढेलू निषाद ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष के प्रतिनिधि नारायण नामदेव, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चन्द्राकर, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष जसमीत सिंह, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री हर्षित चन्द्राकर, बृजेन्द्र हीरा बंजारे, बिहारी पटेल, सरपंच नीलकंठ साहू, उपसरपंच गंगा बाई, मितेंद्र चंद्राकर, केके दीवान, येतराम साहू, पूर्व सरपंच कमलनारायण, गयालाल निषाद, देवकी यादव आदि मौजूद थे।

# भोरिंग उपमंडी में सीसी रोड के साथ ही किसान कुटीर का होगा निर्माण

- विकास कार्यों के लिए संसदीय सचिव ने किया भूमिपूजन किसान कुटीर बनने से किसानों को होगी सहूलियत

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत भोरिंग के उपमंडी में सीसी रोड के साथ ही किसान कुटीर का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने निर्माण कार्यों के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि किसान कुटीर बनने से किसानों को सहुलियत हो सकेगी। आज ग्राम पंचायत भोरिंग के उपमंडी में सीसी रोड निर्माण तथा किसान कुटीर निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे ने की। विशेष अतिथि के रूप में मंडी उपाध्यक्ष गोविंद साहू, सदस्य चमन सिन्हा, दीपक साहू, जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष ढेलू निषाद, विधायक प्रतिनिधि संतोष साहू, अश्वनी गिलहरे, गौतम सिन्हा, राजेश चंद्राकर, गजेंद्र साहू, शैलेंद्र सेन मौजूद थे। अपने संबोधन में संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि किसान कुटीर भवन में किसानों के लिए एक कमरा बनेगा। एक हाल रहेगा। महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग सर्व सुविधायुक्त शौचालय बनाया जाएगा। मंडी में किसान अपने काम से पहुंचते है। बैठने की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में किसानों के लिए ही कुटीर भवन बनाने शासन ने सकारात्मक पहल की है। भवन बनने के बाद किसानों को राहत मिलेगी। संसदीय सचिव चंद्राकर ने प्रदेश सरकार को किसान हितैषी बताते हुए कहा कि अन्नदाता किसानों का सम्मान करते हुए भूपेश सरकार ने अपना वादा निभाया है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार चार सालों से गांव, गरीब, किसान, महिलाओं को ध्यान में रखकर काम कर रही है। भूपेश सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने पर केन्द्र सरकार द्वारा लगाए जा रहे अड़चनों के बावजूद हम समर्थन मूल्य और राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए सर्वाधिक मूल्य में किसानों से धान खरीदा जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच उषा राजेश साहू, पुष्पा तेजराम साहू, शिशुपाल बर्मन, डा तुलसीराम साहू, वेदप्रकाश साहू, हेमधर आवरे, श्यामबाई निर्मलकर, अभिषेक नेहरू राजीव मितान कलब अध्यक्ष, सुखनंदन डहरिया, कविदाश सोनवानी, राहुल आवडे, सुरूज ढीढी, सेवंतीन साहू, रेखा ढीढी, तेजराम साहू, नीतू साहू, भारती लाकेश्वरी पाठक सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

# बाल सुलभ पुस्तकालय तथा बालिकाओं के लिए हमारी चौपाल (जीवन कौशल केंद्र) का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर महासमुंद निलेश क्षीरसागर द्वारा कमरौद प्राथमिक पाठशाला में बाल सुलभ पुस्तकालय तथा बालिकाओं हेतु हमारी चौपाल (जीवन कौशल केंद्र) का उद्घाटन किया गया। बाल सुलभ पुस्तकालय में उद्घाटन के पश्चात् बच्चों के साथ पुस्तकालय से सम्बंधित गतिविधियाँ संचालित की गई जिला कलेक्टर ने इस दौरान बच्चों से पुस्तकालय और उनकी पढ़ाई से सम्बंधित सवाल किए जिसका बच्चों ने बड़ी रोचकता और उत्साह के साथ जवाब दिया। इसी दौरान रूम टू रीड, छत्तीसगढ़ के राज्य प्रमुख प्रतीक बनर्जी ने बताया कि पढ़ पाने की कुशलता अर्जित करने और पढ़ने की आदत विकसित होने के लिए बाल सुलभ पुस्तकालय अत्यंत महत्वपूर्ण संसाधन है, जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती ढ्ढ यहाँ पर बच्चों को जब किताबों की दुनिया में छोड़ दिया जाता हैं तब वो किताबों में बने चित्रों के माध्यम से कहानियों को सींचते हैं और पढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं । रूम टू रीड ने बागबहारा विकासखंड में कमरौद सहित 30 विद्यालयों में बाल सुलभ पुस्तकालय स्थापित किया हैं, जिसमें बच्चों के पढ़ने के स्तर के आधार पर पुस्तकों को रखा जाता है ताकि सभी प्राथमिक शाला के सभी विद्यार्थियों को पढ़ने के एवं उपयोग में लाने के समान अवसर उपलब्ध हो सके जीवन कौशल केंद्र का उद्घाटन करने के बाद, सोशल मोबिलाईडर हास्यलता द्वारा बालिकाओं के साथ जीवन कौशल विषयक गतिविधि की गई, जिसका बालिकाओं के लिए काफी रोचक अनुभव था व उन्होंने पूछे गए प्रश्नों के जवाब दिए ढ्ढ बागबाहरा ब्लॉक के कुल 9 स्कूल में बालिका शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रतीक बनर्जी व प्रभात जायसवाल द्वारा बालिका शिक्षा कार्यक्रम व परियोजना विजयी के अंतर्गत राज्य व जिला महासमुंद स्तर पर किये जा रहे प्रयासों को साझा किया गया, कलेक्टर महोदय द्वारा कक्षा 6 की बालिकाओं के साथ चर्चा की गई।

# धर्मेंद्र दुबे को सेवानिवृत्त की भावभीनी विदाई दी

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

शास. उच्च. माध्य. विद्यालय शेर महासमुंद में वाणिज्य व्याख्याता धर्मेंद्र दुबे को समस्त स्टाफ, मित्रगण, परिवार के सदस्य एवं समिति के सदस्यगण, ग्रामीण जनों की उपस्थिति में सेवानिवृत्त की भावभीनी विदाई दी गई। सर्वप्रथम ज्ञानदायिनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात धर्मेंद्र दुबे पत्नी माधवी दुबे पुत्री अंकिता एवं पुत्र अंकित दुबे के साथ विद्यार्थियों को पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। दुबे जी का मानना था कि विद्यार्थी हमारे राष्ट्र का भविष्य है। हमारे लिए विद्यार्थी देव तुल्य हैं। इसके बाद संस्था के प्राचार्य एस बी लाल,समिति के वरिष्ठ सदस्य गिरजा शंकर चंद्राकर,बड़े भैया दुर्गा प्रसाद दुबे, गोपीनाथ मिश्रा, बलदेव मिश्रा,(भूतपूर्व सैनिक) का स्वागत दुबे जी के द्वारा किया गया।दुबे का मानना है कि उनके आशीर्वाद से ही मैं कर्तव्य निर्वहन कर्मठता पूर्वक कर पाया हूं। तत्पश्चात समस्त शिक्षक स्टॉप,समिति के सदस्य गण ग्रामीण जन एवं विद्यार्थियों के द्वारा धर्मेंद्र दुबे को तिलक लगाकर फूलों की माला, गुलदस्ता आदि से भरपूर स्वागत किया गया। दुबे का संघर्ष पूर्ण जीवन परिचय टोहन देवांगन व्याख्याता के द्वारा बताया गया, जन्म के समय दुबे जी कीआंख की रोशनी का जाना एवं कुछ समय बाद हनुमान जी की कृपा से रोशनी का पुनः वापस आना। वापस आने की वजह से दुबे जी शिक्षा लेकर शिक्षक पेशा को अपना पाय। सेवानिवृत्त के 5 वर्ष पहले फिर से आंखों की रोशनी का कम हो जाना,लेकिन दुबे जी अपनी आंखों की अपंगता को कभी अध्यापन कार्य में आगे आने नहीं दिया।वाणिज्य के सभी अध्याय दुबे जी के कंठस्थ थे। वह बच्चों को बड़ी सहजता से कहानी,नवाचार के माध्यम से समझाते थे। दुबे जी के अंदर कर्मठता समय की पाबंदी,अनुशासन प्रिय, बेबाक जवाब कूट-कूट कर भरी हुई थी। उक्त जानकारी विद्यालय के शिक्षक दीपक शर्मा ने दी। इस कार्यक्रम में संचालन रोहित मिश्रा एवं रिचा पटेल ने की।वरिष्ठ व्याख्याता डीके छत्रे, टेकराम सेन शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष महासमुंद, ए डी कुर्रे डाइट व्याख्याता, शोभा दीवान, रामनाथ सिन्हा,हितेंद्र शर्मा सेवाराम साहू अंगद पटेल आशीत तांडी, बदूद अहमद, रिखी राम देवांगन, सिराज बख्स,अभिषेक सालोमन, राजनारायण दुबे अशोक शर्मा, रेणुका शर्मा, आशा सिन्हा,मधुमति डहरिया, सलिल चौधरी,संगीता टांडेकर, हेमकुमारी नेताम,भुवन साहू, उमाशंकर पटेल,प्रेम लाल पटेल डोमेश्वरी साहू, खेमिन चंद्राकर, दिनेश सोनी,मोंगरे मैडम,रेणुका मिश्रा पदमा दीवान मितेश श्याम, ससिम कौसर, टेकराम देवांगन,गायत्री सेन आदि का योगदान रहा।

# प्रस्तुत बजट को आम नागरिकों की आशाओं एवं आकाक्षाओं को पूर्ण करने वाला बताया

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भाजपा नेता विजय केसरवानी ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को आम नागरिकों की आशाओं एवं आकाक्षाओं को पूर्ण करने वाला अमृतकाल का ऐतिहासिक बजट बताते हुए कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट में गांव, गरीब, किसान, महिलाओं, मध्यम एवं सभी वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। केसरवानी ने कहा की अब सात लाख रुपये से कम सालाना आय वालों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा. जो मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत है। साथ ही किसानों के लिए 20 लाख करोड़ तक क्रेडिट कार्ड जरिए ऋण, कृषि जानकारी हेतु किसान डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म, कृषि स्टार्टअप हेतु कृषि निधि, मोटे अनाज उत्पादन बढ़ावा हेतु श्री अन्न योजना, बागवानी हेतु 2,200 करोड़ राशि के आवंटन के साथ ही 2,516 करोड़ रुपये के निवेश से 63,000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का कम्प्यूटरी करण आदि महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। सबका साथ सबका विकास की मूल भावना के साथ जन आकांछाओं को पूर्ण करने वाला ऐतिहासिक बजट हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्तमंत्री निर्मल सीतारमन को धन्यवाद एवं आभार।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत के परिकल्पना को साकार करने वाला बजट : डा. रामकुमार

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के सरकार का आम बजट केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सदन में पेश किया गया जिस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डा. रामकुमार साहू नें कहा की मोदी जी के द्वारा देश के विकास के लिए जो प्राथमिकताएं तय किया गया है उसमें गरीब तपके के लोगों तक सरकार के जन कल्याणकारी योजना को पहुंचाना प्राथमिकता में शामिल है जिससे आम आदमी के जीवन में खुशहाली आ सके और वह आर्थिक रूप से समृद्ध होकर मुख्य धारा से जुड़ सके और अपने सुनहरे सपनों को साकार कर सके, मोदी जी के द्वारा अधोसंरचना के क्षेत्र बड़ा निवेश को भी प्राथमिकता में शामिल करने से आने वाले समय में बड़ी मात्रा में रोजगार सृजन की संभावना बढ़ेगी जिससे करोड़ों लोगों को रोजगार प्राप्त होगा,देश के युवा पीढ़ी को और ज्यादा हुनरमंद बनाने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से प्रशिक्षित कर विभिन्न क्षेत्रों में लोकल फार वोकल को बढ़ावा देने की बात बजट में मोदी जी के द्वारा समाहित किया गया है, पर्यावरण के क्षेत्र में आने वाले चुनौतियों को ध्यान में रख कर बड़ा कदम उठाने का निर्णय स्वागत योग्य है,देश के युवा शक्ति को पहचानने का काम युवाओं के ऊर्जा को सहीं दिशा देकर देश और समाज के विकास में लगाने और उन्हें आर्थिक रूप में सक्षम बनाने की योजना को भी बजट में शामिल करना क्रांतिकारी कदम है,इसी तरह वित्तीय संस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाने प्रोत्साहन करने की बात बजट में शामिल करने से समग्र ग्राम विकास की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है, सरकार के सहीं नीति एवं साफ नीयत के कारन कोरोना जैसे वैश्विक महामारी और आर्थिक मंदी के चलते जहां कई देश आर्थिक रूप से बर्बाद होने के कगार पर है तब मोदी जी के दूरदृष्टि के चलते आज भारत के आर्थिक मजबूती को दुनिया सराहना कर रही है और विश्व मानस पटल पर भारत सारे क्षेत्रों में मजबूती से आगे बड़ रहा है,मोदी सरकार के द्वारा पेश यह समावेशी बजट आने वाले समय में एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण में ऐतिहासिक बजट साबित होगा ।

## बजट नए भारत के सपनों को पंख देने वाला : चंद्रशेखर साहू

अमृतककाल में देश के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए बजट पर प्रति या व्यक्त करते हुए भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने सराहते हुए इसे नए भारत के सपनों को पंख देने वाला बजट बताया। उन्होंने बजट को जन उपयोगी और हर वर्ग के लिए फायदेमंद बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार का बजट सभी लोगों को राहत देने वाला बजट है। बजट भारत को विकास की तरफतेजी से आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम दिखाता है,अभी हम दुनिया की पांचवीं बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरे हैं।पहली बार बजट में एक करोड़ किसानों को जैविक खेती आगे बढ़ाने के लिए दिया गया है। बजट में 52 नए एयरपोर्ट बनाने का प्रावधान रखा है,रोड नेटवर्क के लिए 75 हजार करोड़ रुपए रखा है,सबसे अधिक लाभ गरीब वर्ग को है जिसके लिए गरीब कल्याण योजना में 80 करोड़ लोगों के लिए फ्रि एक साल तक बढ़ाया है। वास्तव में प्रत्येक दृष्टिकोण से बजट की सराहने योग्य है।

## केंद्रीय बजट में छत्तीसगढ़ के लिए कुछ नहीं : संजय नेताम



केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए 2023 के बजट पर प्रति या व्यक्त करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता संजय नेताम ने इसे निराशाजनक बजट बताते हुए कहा कि बजट में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए कुछ नहीं है। केंद्र में छत्तीसगढ़ के जितने सांसद हैं उन्हें राज्य के हित में प्रयास करना चाहिए। किसानों के लिए, छत्तीसगढ़ प्रदेश में रेलवे के विस्तारीकरण के लिए ,मजदूरों और बेरोजगारों के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का सपना केंद्र सरकार ने दिखाया था लेकिन किसानों की फसल पर एमएसपी के विषय पर कोई खास इस बजट में नहीं दिखा। 2022 तक सबको पक्का मकान देने की उम्मीद दिखाने वाले अब इस पर मौन हैं। यूपीए की सरकार में छत्तीसगढ़ को जितना दिया जाता था क्या इस सरकार ने दिया । किसान,मध्यम और गरीब वर्ग महंगाई से परेशान है। देश की अधिकांश आबादी गांव में बसती है लेकिन गांव गरीब मजदूर किसान के लिए बजट में कुछ नहीं किया है। ये बहुत ही निराशाजनक बजट है।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर नशा मुक्ति शपथ एवं जागरुकता लाने हेतु विशेष सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पनगांव एवं सकरी में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर भारत माता वाहिनी समूह एवं स्कुली छात्रों के द्वारा नशामुक्ति जागरुकता रैली एंव प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे 130 स्कुली छात्र-छात्राएं एवं भारत माता वाहिनी समूह रैली में सम्मिलित होकर ग्राम वासियों को नशामुक्ति होने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग अरविंद गेड़ाम सहित पंचायत सचिव, सरपंच,पटवारी एवं पंचगण उपस्थित थे।

## बुलंद भारत की मजबूत अर्थ व्यवस्था का प्रतीक : संजू साहू

भाजपा पिछड़ा मोर्चा मंडल महामंत्री वा युवा नेता संजू साहू ने वित्त मंत्री द्वारा पेस किए गए बजट में को ऐतिहासिक बताया है यह बजट बुलंद भारत की मजबूत अर्थ व्यवस्था का प्रतीक है बजट शानदार वा जानदार है संजू साहू ने कहा कि देश के स्वर्गीन विकास के लिए बेहतरीन बजट पेश प्रस्तुत किया गया है इसमें हर वर्ग का ध्यान रखा गया है बजट में गांव गरीब वा मध्यम वर्ग महिलाओं युवाओं किसानों शिल्पकारों बुजर्गो पिछड़ों वचितो दलितों सहित सभी वर्गो का ध्यान रखा गया है केंद्र सरकार ने गरीब खाद्यन योजना को एक साल बड़ा कर इस वर्ग में 80करोड़ लोगो को लाभ पहुंचाया है।

## कर्नाटक में स्पॉट फोटोग्राफी में दूसरा स्थान प्राप्त किया

**बागबहरा।** शासकीय खेल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा के एम ए अर्थशास्त्र के छात्र प्रियतम देवांगन ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया है, प्रियतम ने 36 वे अन्तर विश्वविद्यालयीन युवा उत्सव, कलाबुर्गी, गुलबर्गा विश्वविद्यालय, कर्नाटक में स्पॉट फोटोग्राफी में दूसरा स्थान प्राप्त किया, ज्ञात हो कि,साउथ ईस्ट जॉन प्रतियोगिता में तीन राज्यों-तेलंगाना, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ के 28 विश्वविद्यालयों ने भाग लिया था। प्रियतम कुलेश देवांगन एवं माता संतोषी देवांगन के सुपुत्र हैं, साथ ही महाविद्यालय की माइम टीम का प्रदर्शन भी बहुत सराहनीय पूरे महाविद्यालय परिवार,सांस्कृतिक प्रभारी भूमिका शर्मा, प्राचार्य बी .एस ठाकुर ,एवं परिवार के सदस्य गौरवान्वित है एवं प्रियतम के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की है।

## वार्ड 5 के नवनिर्वाचित पार्षद का शपथ ग्रहण समारोह अनुविभागीय अधिकारी ने दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं. 05, में 09.जन.2023 को सम्पन्न हुये उप चुनाव मे विजयी पार्षद पद के लिये शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन स्थानीय सभाकक्ष में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रोमा श्रीवास्तव के द्वारा निर्वाचन नियमों के अधिन निर्वाचित धर्मेन्द्र वर्मा को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई गई, शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार का मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया व शपथ ग्रहण पश्चात् नवनिर्वाचित पार्षद धर्मेन्द्र वर्मा का भी अभिनंदन किया गया, इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने नगर विकास में हर संभव सहयोग किये जानें के साथ ही नगर के विकास में एक जुट होकर कार्य करनें की बात कहते हुये नवनिर्वाचित पार्षद धर्मेन्द्र वर्मा को शुभकामनाएँ दी। इस दौरान नव निर्वाचित पार्षद के द्वारा भी वार्ड विकास मे कार्य करनें के साथ ही वार्ड वासियों की मंशा के अनुरूप कार्य करनें की बात कहते हुये सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया गया। नगर पालिका के सभाकक्ष में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पार्षद संकेत शुक्ला, रूपेश ठाकूर, जितेन्द्र माहले।


**छत्तीसगढ़ राजय सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
**06 फ्लोर, सी ब्लॉक, सी.बी.डी. कॉम्पलेक्स, कमर्शियल टावर, सेक्टर-21, मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**

विपणन संघ

क्रमांक/स्टेशनरी/6419/2023 नवा रायपुर, दिनांक 02/02/2023

**// विपणन संघ मुख्यालय में कैन्टीन संचालन हेतु निविदा सूचना //**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर में 01 वर्ष के लिये कैंटीन संचालन हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र विपणन संघ की वेबसाईट - www.markfed.cg.nic.in में देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय तथा कार्यालयीन दिवस में राशि रू. 1000.00 के बैंक ड्राफ्ट जो छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर के नाम से देय हो, के माध्यम से लेखा कैश कक्ष से प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा प्रकाशन तिथि - 03.02.2023
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय - 03.02.2023 से 23.02.2023 सायं 5.30 तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 24.02.2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान - 24.02.2023 अपरान्ह 4.00 बजे तक

छठवीं मंजिल, टावर 'सी' कमर्शियल काम्पलेक्स, सी.बी.डी., सेक्टर-21, मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

**सचिव,**
**छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर जिला रायपुर (छ.ग.)**

संवाद-35543/3



**न्यायालय नजूल अधिकारी, बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

आनलाईन क्रमांक/202301210200031/अ-20(3) वर्ष 2022-2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप यादव पिता जगतराम यादव जाति राउत निवासी नयापारा बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा नगर बलौदाबाजार स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 14 सी, भूखण्ड क्रमांक 29/4, 29/5 क्षेत्रफल क्रमशः 211, 728 कुल 939 वर्गफीट भू-भाटक 9.37 मकानमय आंगन जो भूधारक सुरेश, दिलीप शिवकली, शांति, मालती पिता जगतराम महेश, ललित, मुकेश, अनिल, पुष्पा, रानी पिता शिवप्रसाद, रमेश, रामनारायण, सतीश लता पिता गोवर्धन, नवीन्द्र, ना.बा. प्रमोद, लता, जानकी, सोमेश्वरी पिता नरेन्द्र वली बड़ा भाई नवीन्द्र पिता नरेन्द्र यादव साकिन बलौदाबाजार के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सह-धारक ललित यादव पिता शिव प्रसाद यादव की मृत्यु दिनांक 04.04.2022 को हो जाने के कारण उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा मेंटनेंस खसरा की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 15.02.2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**बलौदाबाजार**



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)**

**// ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना //**
**(प्रथम आमंत्रण)**

दिनांक 31/01/2023

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा **"डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी** के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 20.02.2023 है।

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 313 Tender No. 122550 | उपसंभाग बलौदाबाजार के अन्तर्गत बलौदाबाजार बायपास मार्ग के जीरो पाईन्ट में सौंदर्यीकरण का कार्य। | रू. 49.41 लाख |
| NIT NO. 314 Tender No. 122551 | उपसंभाग बिलाईगढ़ अन्तर्गत जिला सारंगढ़ के विभिन्न 4 मार्गो एवं पुलिया का विशेष मरम्मत का कार्य। | रू. 35.02 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्युडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्युडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन अभियंता,**
**लो.नि.वि.रायपुर मण्डल क्र.2 (छ.ग.)**

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

G-98142/3

आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

## स्वास्थ्य पंचायत जनसंवाद कार्यक्रम के मितानिन सम्मेलन में शामिल हुए विधायक नाग

# स्वास्थ्य सेवा में मितानिन की भूमिका महत्वपूर्ण : विधायक नाग

### विधायक बोले क्षेत्र के विकास से जुड़े प्रत्येक मुद्दे और विषय पर मितानिन बहनों के साथ हूं

पायनियर संवाददाता < अंतागढ़
www.dailypioneer.com





विधायक अनूप नाग ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाएं घर-घर पहुंचाने में हमारी मितानिन बहिनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। मितानिन बहने शासन द्वारा संचालित की जा रही स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी गांव-गांव, घर-घर पहुंचाती हैं। विधायक नाग गुरुवार को पखांजूर के नया बाजार स्तिथ बस स्टैंड में समस्त ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति द्वारा स्वास्थ्य, पंचायत सम्मेलन एवं जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित मितानिन सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक नाग ने कहा कि मितानिन बहनों के इस कार्यक्रम में मैं आपका हृदय से अभिनंदन करता हूँ, आज आपके बीच उपस्थित होकर मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है। समाज में मितानिनों का महत्व सर्वविदित है विशेषकर ग्रामीण अंचलों में शासन की स्वास्थ्य संबंधी लोक कल्याणकारी नीतियों को घर-घर पहुंचाने में आपका महत्वपूर्ण योगदान है आपका यह परिश्रम आपके लिए आजीविका भी है और समाज की सेवा भी, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का आप जो कार्य कर रहे हैं, उसके सुखद परिणाम प्राप्त होने लगे हैं। मैं आपसे यह भी कहना चाहता हूँ कि आपका काम एक दिन का काम नहीं है। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इसलिए आपका सतत् सजग और समर्पित होना आवश्यक है। विधायक नाग ने कहा कि जहां तक शासन से आपकी कुछ अतिरिक्त अपेक्षाओं को प्रश्न है तो इस संदर्भ में मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रत्येक महत्वपूर्ण अवसर पर समाज में आपकी उपयोगिता और महत्व को स्वीकार किया है साथ ही आपके लिए जो बेहतर हो सकता है वह किया जा रहा है और आगे भी किया जाएगा। श्री नाग ने कहा कि क्षेत्र के विकास से जुड़े प्रत्येक मुद्दे और विषय पर मैं आपके साथ हूँ इस क्षेत्र की बुनियादी आवश्यकताएं पूर्ण हो और हमारे इस क्षेत्र का समुचित विकास हो यह मेरा संकल्प है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े किसी भी कार्य को करने के लिये हम और हमारी सरकार कृत संकल्पित हैं। क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूर्ण करने संबंधी सभी काम कराते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन की कोई भी योजना अथवा निर्माण कार्य के माध्यम से उपलब्ध सेवाओं का हम लाभ लें, साथ ही यह भी स्मरण रखें कि सार्वजनिक सम्पत्ति के रखरखाव की नैतिक जिम्मेदारी हम सबकी है।

**मितानिनों की मांग पर विधायक नाग ने दी विकास की सौगात**

मितानिन सम्मेलन में मितानिनों ने विधायक नाग से एकाएक अपनी समस्याएं भी बताई और उसके निवारण के लिए निवेदन भी किया। विधायक नाग ने भी सभी की समस्याओं का निराकरण करने का भरोसा दिया और उन्होंने मितानिनों द्वारा एक स्वर में की गई मितानिन भवन की मांग पर अपनी सहमति जताते हुए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की एवं सिविल अस्पताल में नवीन शौचालय निर्माण और पेयजल के लिए बोरिंग के स्थापना की घोषणा की।

**इनकी रही मौजूदगी:-** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंकज साहा, मितानिन जिला समन्वयक सावित्री मंडावी, एल्डरमैन जगदीश साहा, अमल बड़ाई, ब्लॉक समन्वयक संगीता बोस, दीपिका मंडल, महासरस्वती मड़ई, भुनेश्वर साहू, मोतीलाल शील, निरंजन ढाली, सुशीला मंडल, भगीरथ हालदार, सुधीन अधिकारी, हर्षित दास, रंजीत बैरागी, प्रकाश राय, अभिराज ढाली, तुलसी बैरागी, देवलाल नेताम, जुतिका राय, जानकी गावड़े, मनिका विस्वास, सरिता करेकट्टा, रूपाली सरकार, मिनती शील, सविता ध्रुव, सुनीता ढाली समेत सैकड़ों की संख्या में मितानिन मौजूद थे।

# बकावंड चौकी का उन्नयन किया गया थाना में

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र के बस्तर एवं बकावंड को थाना बनाने की पुरानी मांग थी पर इसे वित्तीय स्वीकृति नहीं मिल रही थी पर संयोग से इसी सत्र में दोनों को थाने का दर्जा मिला जो खुशी की बात है उन्होंने कहा कि ओडिशा सीमा पर नलपावंड, बदलावंड तथा कोलावल में चेकपोस्ट स्थापित होने का प्रभाव यह है कि इस साल धान या अन्य तस्करी का मामला सामने नहीं आया, यह अच्छी बात है विधायक बघेल ने कहा कि छोटी छोटी बातों को लेकर लोगों को थाना चौकी न आना पड़े, समस्याओं का निराकरण गांव स्तर पर ही हो यह ग्राम प्रमुखों की जिम्मेदारी है यह बस्तर की परंपरा भी है साथ ही इसका अधिकार पेसा कानून के तहत संविधान ने भी दिया है उन्होंने थाना खोलने को लेकर पुलिस स्टाफ जनप्रतिनिधियों तथा उपस्थित लोगों को बधाई दी।

इस अवसर पर आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि थाना खुलने से जनता के साथ स्टाफ को भी सुविधा होगी और पहले से बेहत्तर ढंग से काम होगा जनता का विश्वास हासिल करना यही हमारा उद्देश्य है और वर्तमान में पुलिस की कार्यप्रणाली इसी पर आधारित है वर्तमान में जनता और पुलिस के मध्य कोई तनाव की स्थिति नही है और बेहतर काम, सुरक्षित माहौल निर्मित करने की हमारी कोशिश रहेगी।

इससे पूर्व स्वागत प्रतिवेदन में एसपी जितेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि 1982 में बकावंड में पुलिस चौकी खुली थी और नगरनार थाने के अंतर्गत था 41 साल बाद यह थाना बना है पहले बकावंड उप थाना के अंतर्गत 28 गांव थे अब 35 गांव को इसमें शामिल किया गया है, कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सुखदेई बघेल, कृषि बोर्ड के सदस्य जानकी राम सेठिया, दिनेश यदु, हरीश पारख, मधु निषाद,बस्तर रेंज आईजी पी. सुंदरराज जी,बस्तर एसपी अभिषेक मीणा जी, एएसपी योगेश देवांगन, थाना प्रभारी चन्द्रशेखर श्रीवास, सरपंचगण गुरबारी बघेल, माहेश्वर भद्र , तिजू राम, मोहनलाल भारती, दशोदा कश्यप, धन्य बाकड़े, रघुनाथ कश्यप, रामेस्वर कश्यप, नरसिंह कश्यप, सुखराम कश्यप, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसी राम ठाकुर, दीपक पांडे, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com




भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश महामंत्री व पूर्व मंत्री केदार कश्यप, भाजपा जिला संगठन प्रभारी भरत मटियारा, विधानसभा प्रभारी मनोज जैन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन, भाजपा नेता गौतम गोलछा व कार्यकारी जिलाध्यक्ष रतन दुबे के आतिथ्य मे सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता,पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्प आर्पित कर किया गया। इसके बाद सभी प्रमुख अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री व पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने संगठन की मजबूती व कार्यकर्ताओ की सक्रियता को लेकर मुख्यरूप से चर्चा की। आगामी 2023 के चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओ को सजग रहने का आह्वान किया, सभी की भागीदारी चुनाव मे होनी चाहिए।कश्यप ने कहा की सभी मातृशक्ति, युवा शक्ति भाजपा को मजबूत करने के लिए आगे आये। महिलाओ व युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़े और केंद्र की मोदी सरकार की सभी वर्ग के हित की योजनाएं है, उनका लाभ हितग्राही को मिले इसके लिए भाजपा की टीम कार्य करे। वही आगे उन्होंने राज्य की भूपेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की आज पुरे प्रदेश मे अराजकता का माहौल निर्मित है हर तरफ भय भ्रष्टाचार का माहौल व्याप्त है। जिन वादों के दम पर कांग्रेस सत्ता मे आयी आज तक वो वादे धरातल मे कही दिखाई नहीं दे रहे सिर्फ और सिर्फ कुछ हो रहा है तो कर्ज लेकर छतीसगढ़ को गर्त मे ले जाने का कार्य भूपेश सरकार बखूबी कर रही है। आज आये दिन प्रदेश की कानून व्यवस्था लचर होती जा रही है और सरकार के कान मे जूँ तक नहीं रेंग रहा है।तत्पश्चात बैठक को मंचस्थ अन्य अतिथियों ने सम्बोधित करते हुए राज्य की भूपेश सरकार को हर मोर्चे पर विफ्ल बताते हुए उपस्थित जनों से आने वाले 2023 के चुनाव मे भ्रष्टाचार के आकंठ मे डूबी कांग्रेस सरकार को सत्ता से हटाकर पुनः छत्तीसगढ़ मे भाजपा की सरकार बनाने संकल्प लेकर जन जन तक भुपेश सरकार की विफलताओं को पहुंचाने का कार्य करें। बैठक का सफल संचालन व आभार जिला भाजपा महामंत्री संजय नंदी, इस अवसर पर सोनू कोर्राम, संदीप झा, प्रभूनाथ देवांगन, प्रताप मंडावी, मरण शील, जग्गन्नाथ यादव,उत्तम जैन, बिन्देश्वर महावीर, जैकी कश्यप, अख्तर अली, भुजबळ सूर्यवंशी, पंकज जैन, विश्वनाथ देवांगन, सुदीप झा,मो. फिरोज, बाबू नंदी, तेनसिंह ठाकुर, रीता मंडल, रानो पोटाई, केसर निषाद, बबीता ठाकुर, मंगली कावड़े, शांति ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की बेमियादी हड़ताल शुरू, सरकार से लड़ेंगे आर या पार की लड़ाई

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ के प्रांतीय आवाह्न पर ब्लॉक इकाई केशकाल की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका महिलाएं एक बार फिर केशकाल के रावणभाटा मैदान में कलेक्टर दर पर मानदेय दिए जाने समेत कुल 6 सूत्रीय मांगों को लेकर बेमियादी हड़ताल पर बैठ गए हैं। ऐसे में महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी के संचालन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार ने चुनाव से पहले अपने जांघोषणपत्र मे हमें जो वादे किए थे वह 4 साल बीत जाने के बाद भी पूरे नहीं हुए हैं। ऐसे में अब हम आर या पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। भूपेश सरकार जल्द से जल्द जनघोषणपत्र में किए गए वादों को पूरा करे अन्यथा आगामी दिनों में हम उग्र आंदोलन करेंगे। जिसकी पूर्ण जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी।

**ये हैं मुख्य मांगे**

आपको बता दें कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की छः सूत्रीय मांगों में मुख्य रूप से आंगनबाडी कार्यकर्ता सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए तथा कलेक्टर दर पर वेतन तत्काल दिया जाए। आंगनबाडी सहायिकाओं को कार्यकर्ता के रिक्त पद पर शत प्रतिशत एवं कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर पद पर शतप्रतिशत पदोन्नति दिया जाए। आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को प्राइमरी स्कूलों में प्रायमरी शिक्षक का दर्जा एवं वेतन दिया जाए। मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के समान वेतन दिया जाए। आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को 5 लाख रुपये एवं सहायिकाओं को 3 लाख रुपये रिटायरमेंट के बाद एक मुश्त राशि दिया जाए, और मासिक पेंशन, ग्रेच्यूटी, व समूह बीमा योजना लागू किया जाए। प्रदेशस्तर में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों को तत्काल भरा जाए। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष खेवन कश्यप, सचिव खेमलता नेताम, लक्ष्मी छाया साहू, सुमित्रा राणा, देवकी पुजारी, मीना ध्रुव, सुमित्रा नाग समेत सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं।

# दूधमुहे बच्चें को लेकर हड़ताल पर पहुंची आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता



**किरंदुल।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ पूरे प्रदेश में 23 जनवरी से छ सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। बता दें गुरुवार को कुआकोंडा विकासखंड के किरंदुल परियोजना में 30 से 35 किलोमीटर दूर से अपने दुधमुंहे बच्चे को लेकर पैदल सफर तय कर धरना प्रदर्शन में शामिल होने 'कार्यकर्ता पहुची। उनका कहना है की जब तक हमारी मांग पूरी नही होगी और हमको लिखित में नही दिया जाएगा यह आंदोलन चलता रहेगा। संघ की परियोजना अध्यक्ष रानी राव ने कहा कि हमारी प्रमुख मांग है कि हमे कलेक्टर दर पर पेमेंट दिया जाए। हर बार हमको छ्ला जाता है और इस बार हम लोग नही मानने वाले। इस बार हमें जब तक लिखित में हमारी मांग पूरी नही की जाती तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। हम अंतिम दम तक लड़ते रहेंगे।

# छत्तीसगढ़ के युवाओं को पुन: छलने की तैयारी कर रहे हैं सीएम भूपेश : दीपिका शोरी

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



लगभग 50 माह हो गए हैं कांग्रेस पार्टी के भूपेश बघेल की सरकार को और आज तक छत्तीसगढ़ के प्रत्येक युवा का 1 लाख 25 हजार रु के बेरोजगारी भत्ते के कर्ज से लदे भूपेश बघेल पुनः छत्तीसगढ़ के युवाओं को ठगने व छलने की तैयारी कर रहे हैं वो भूल रहे हैं कि छत्तीसगढ़ का युवा अब उनकी बातों में आने वाला नहीं है 26 जनवरी को उन्होंने पुनः अप्रेल माह से छत्तीसगढ़ के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की है मैं भूपेश बघेल से कहना चाहती हूँ कि आज छत्तीसगढ़ में लगभग 19 लाख पंजीकृत युवा बेरोजगार है पहले 25 सौ रु प्रतिमाह की दर से 19 लाख युवाओं का 23 अरब 75 करोड़ रु का बेरोजगारी भत्ता कर्ज देवें उसके बाद अप्रेल से भत्ता देने की बात करें झूठ बोलकर सत्ता हथियाने वालों की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और छत्तीसगढ़ का प्रत्येक युवा संकल्प ले चुका है कि इस झूठी सरकार को जड़ से उखाड़ कर फेंकना है आने वाले 2023 विधान सभा चुनाव में भी छत्तीसगढ़ की जनता को छलने व ठगने व लालच देने का सिलसिला कांग्रेसी पुनः प्रारम्भ कर दिए हैं परन्तु छत्तीसगढ प्रदेश की जनता पिछले चार सालों में कांग्रेस सरकार की रीति नीति,उसकी कार्य शैली को भलीभांति पहचान चुकी है अब इनकी चुनावी घोषणापत्र और बातों में नहीं आने वाली हैं इनकी करनी और कथनी में किस तरह फर्क यह लोगों को बताने की आवश्यकता नहीं है।

# कोंडागांव डीएफओ के दुर्व्यवहार के विरुद्ध में भेजा संतराम को पत्र

**कोंडागांव।** वन मंडल अधिकारी दक्षिण वन मंडल कोंडागांव रमेश कुमार जांगड़े के द्वारा आम जनों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत करते जिले के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम शिकायती पत्र कलेक्टर को सौंपा था, यह पहली दफा होगा कि, ग्रामीणों की शिकायतों को लेकर स्वयं पत्रकार अधिकारियों से मिलकर ग्रामीणों की बात ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों तक पहुंचाई हैं। वन मंडल अधिकारी रमेश कुमार जांगड़े से ग्रामीण जन परेशान हैं। वन अधिकार पत्र की योजनाओं को लेकर वन मंडल अधिकारी रमेश जांगड़े कार्यों के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं, जिससे शासन की माहिती योजनाएं धरातल पर भली-भांति नजर नहीं आ रही हैं।

# विधानसभा चुनाव : परलकोट क्षेत्र से मन्तुराम पवार का नाम तय

पायनियर संवाददाता < पखांजुर
www.dailypioneer.com



इस वर्ष विधानसभा चुनाव होने वाले हैं जिसके चलते अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के परलकोट से मन्तुराम पवार के नाम सर्व सम्मति से जनता ने तय कर लिया है। इसके पहले भी आमाबेड़ा, अन्तागढ़ में भी इसी तरह आम जनता ने सर्वदलीय बैठक कर मंतूराम पवार को अन्तागढ़ विधान सभा मे निर्दलीय विधायक के रूप में चुनाव लड़ने के लिए प्रस्ताव रखा। आमांबेड़ा में पिछले साल 10 मई 2022 को एवं कोयलीबेड़ा होली मिलन के रुप में अंतागढ़ के विधानसभा उम्मीदवार और अभी जहां पर निणार्यक मतदाता पंखाजूर कापसी में भी अपना क्षेत्रीय उम्मीदवार के नारा देकर राष्ट्रीय कांग्रेस और भाजपा को सोचने के लिए मजबूर कर दिया,पुरे विधानसभा में एक ही आवाज कांग्रेस ना भाजपा हमारा सर्व समाज का प्रत्याशी जनता का निंदली प्रत्याशी मन्तुराम पवार का नाम सर्व समिति से तय किया जारहा है। मंतूराम पवार-अगर क्षेत्र की जनता इस प्रकार की निर्णय लिया है, तो मैं इस निर्णय का समर्थन एवं सम्मान करता हु,आगे इस पर विचार किया जयगा।

पखांजूर-परलकोट क्षेत्र के जनता अगले साल 2024 में अन्तागढ़ विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने के मूड में, इस बार सर्व समाज नजर आ रहा हैं । इस बार निर्दलीय प्रत्याशी को जिताने के इरादे परलकोट के प्रबुद्ध जन एक मंच में नजर आ रहे है। कापसी वन विभाग के गेस्ट हाउस परिसर में सर्व समाज का बैठक आहूत हुई। इस बैठक में आमाबेड़ा , कोयलीबेड़ा, अंतागढ़ बांदे, इरपनाआर कोड़ेनार, छोटेबेटिया, रेंगावाही, सितरम पानावार गोंडाहुर, बड़गांव, बारदा, बांदे ,संगम, कापसी पखांजूर से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए और आगमी विधान सभा चुनाव में परलकोट से प्रत्याशी उतारने के संबध में आपसी रायशुमारी कर रणनीति तय की गई। रतन राय पीवी 35 के कद्दावर नेता ने कहा की परलकोट के साथ राजनीतिक दलों ने केवल छलावा किया हैं। परलकोट की वीर भूमि को नजरंदाज करने का काम किया गया है। कांग्रेस हो या भाजपा सभी पार्टियों ने परलकोट की जनता को केवल वोट बैंक का मात्र साधन समझा है। छल प्रपंच की राजनीति कर परलकोट को उचित स्थान नही दिया गया।

सर्व समाज की उपेक्षा इस विधान सभा चुनाव में सहन नही किया जाएगा। भाजपा और कांग्रेस नेताओं की फरेबी का जबाब इस बार मुंह तोड़ दिया जाएगा। भुवन बढ़ाई बैठक को संबोधित करते हुए कहा आज परलकोट की जनता को उचित स्थान नहीं दिया जा रहा। सभी राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव में अंतागढ़ से ही अपने प्रत्याशी खड़े किए हैं कभी परलकोट की जनता की मांग पर ध्यान नहीं दिया। सभी प्रत्याशी केवल अपने ही क्षेत्र की ही बात करते आए है। कभी परलकोट का दुख दर्द को समझा नही लेकिन इस बार परलकोट का सर्व समाज स्थानीय प्रत्याशी को मैदान में उतारने मजबूर है।

### सभी समाजों ने शोभायात्रा में अपने समाज की झांकी निकली

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



सर्व हिंदू समाज जिला नारायणपुर के तत्वाधान में गायत्री परिवार नारायणपुर के द्वारा संचालित 24 कुंडीय नवचेतना जागरण नारी सशक्तिकरण गायत्री महायज्ञ में सर्व हिंदू समाज जिला नारायणपुर के आह्वान पर 17 हिंदू समाज के द्वारा प्रथम दिवस 1 फरवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली गई इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में माताओं और बहनों ने अपने शीश पर मंगल कलश को धारण कर शोभा यात्रा में सम्मिलित में इसके अलावा सनातन सद ग्रंथों को शीश पर धारण करके अलग-अलग समाज के लोगों ने अपने सामाजिक आराध्य देव की अनुपम और आकर्षक झांकी भी इस शोभायात्रा में सम्मिलित किया 4 दिनों तक चलने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए बालक क्रीड़ा परिसर में 24 यज्ञ कुंडों का निर्माण किया गया है इसके लिए समस्त हिंदू समाज के द्वारा चावल दाल तेल अन्य भोज्य सामग्री के साथ-साथ नगद आर्थिक राशि प्रदान की गई है आज की शोभायात्रा सर्व हिंदू समाज के लिए एक गौरव यात्रा के रूप में निरूपित किया जा रहा है सबसे पहले इस शोभायात्रा के अनुक्रम में यादव समाज का राउत नाचा और उनके राधा-कृष्ण की जीवंत झांकी को प्रस्तुत किया गया था उनके ठीक पीछे यादव समाज के माताएं और बहनें धर्म ग्रंथ तथा मंगल इस शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रही थी उनके ठीक पीछे गायत्री परिवार की बहने गौ संरक्षण का संदेश देते हुए गौ माता की झांकी निकाली थी निकाले थे और उनके ठीक पश्चात भर्ती अनुक्रम में ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान परशुराम की मनोहारी झांकी निकाली गई इसके ठीक पीछे राम नवमी बंधु जोगी बाबा बिहारी दास के अनन्य भक्त के रूप में जाने जाते हैं ने आकर्षक नृत्य के माध्यम से भजनों की प्रस्तुति देते हुए इस शोभायात्रा की शोभा को द्विगुणित कर दिया।

इसी क्रम में साहू समाज ने माता कर्मा और भगवान जगन्नाथ की झांकी निकालकर की शोभायात्रा को अनुपम स्वरूप प्रदान किया कलार समाज ने भगवान सहस्त्रबाहु की झांकी निकालकर सबका मन मोह लिया निषाद समाज ने गुहराज निषाद की झांकी निकालकर राम भक्ति का संदेश प्रसारित किया इस सुभायात्रा में गायत्री परिवार के द्वारा परिवार परिवार की बहनों ने कमान संभाली थी। शोभायात्रा में 251 कलश और 108 धर्म ग्रंथों को धारण किए हुए माताएं एवं बहनों ने सर्व हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व किया।

# कलेक्टर ने माकड़ी व फरसगांव ब्लाक में सिकलसेल जांच और परामर्श सेवाएं देने के लिए 2 मोबाईल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा जिले के माकड़ी व फरसगांव ब्लाक में सिकलसेल जांच और परामर्श सेवाएं प्रदान करने हेतु दो मोबाईल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर अवगत कराया गया कि, भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएसआर के अंतर्गत पिरामल स्वास्थ्य के सहयोग से कोंडागांव जिले के माकड़ी और फरसगांव ब्लॉक में मोबाईल मेडिकल यूनिट के जरिये आगामी दो महिने तक सिकलसेल जांच व परामर्श सेवाएं प्रदान की जाएगी।

इस दौरान मोबाईल मेडिकल यूनिट के द्वारा गर्भवती माताओं सहित उनके परिवार के सदस्यों, आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों सहित 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के साथ ही किशोर बालक-बालिकाओं का सिकलसेल जांच के लिए रक्त परीक्षण उनके गांवों में जाकर किया जाएगा। रक्त परीक्षण में सिकलसेल धनात्मक पाये जाने पर सम्बन्धित के रक्त नमूने को इलेक्ट्रोफेरेसिस जांच हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा जिला अस्पताल भेजा जाएगा। वहीं ग्रामीणों को सिकलसेल रोग से मुक्त करने के लिए परामर्श देकर जागरूक किया जाएगा।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा, सिविल सर्जन डॉ आरसी ठाकुर, डीपीएम भावना महलवार, पीएमयू राजशेखर रेड्डी व सिओना कोरिया, पिरामल फाउंडेशन के एडीसी प्रोग्राम लीडर प्रदीप राव और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहें।

# अमृतकाल का पहला आम बजट : अग्रवाल

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को अमृतकाल का पहला आम बजट बताते हुए इसे लोक कल्याणकारी बजट करार दिया है। उन्होंने आगे कहा कि यह बजट बच्चों की पढ़ाईए मध्यम वर्ग की कमाई और बुजुर्गों की भलाई पर जोर देने वाला है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ने इसे गांव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ों,शोषितों, वंचितों और आर्थिक रूप से पिछड़ों तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट बताते हुए कहा है कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर प्राप्त कराने वाला बजट है। गौरीशंकर अग्रवाल ने दावा किया कि इस बार के बजट का एजेंडा नागरिकों के लिए बड़े अवसर उपलब्ध करानाए विकास और रोजगार सृजन को मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करना और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करना है और इसलिए समावेशी विकासए अंतिम व्यक्ति तक पहुंच,बुनियादी ढांचा और निवेश क्षमता को उजागर करनाए हरित विकासए युवा और वित्तीय क्षेत्र को मजबूती प्रदान करना इस बजट की प्राथमिकताएं हैं। बजट को सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी एवं देश के जन.जन के सर्वांगीण कल्याण हेतु समर्पित बताते हुए इस बजट के लिए भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी,वित्त मंत्री सीतारमण और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। भाजपा जिला अध्यक्ष बलौदाबाजार व पूर्व विधायक बिलाइगढ एपूर्व उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्राधिकरण छत्तीसगढ़ डा.सनम जांगड़े ने कहा है कि बजट में प्रधानमंत्री के मूल मंत्र सबका साथए सबका विश्वास और सबका प्रयास की झलक दिखाई पड़ती है। इसमें गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़ा वर्ग,किसान युवा, व्यापारी वर्ग एवं मध्यम वर्ग का विशेष खयाल रखा गया है। विशेषकरअनुसूचित जाति, आदिवासी भाइयों के लिए कई लाभकारी कदम उठाए गए हैं। वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि अगले 3 सालों में एकलव्य आवासीय विद्यालय में 38,800 शिक्षकों और स्टाफकी नियुक्ति होगी। इस कदम से लगभग साढ़े तीन लाख आदिवासी छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा।

## बजट विश्व स्तर पर भारत को सशक्त एवं समृद्ध बनाने वाला

पायनियर संवाददाता < नगरी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के जिला के मंत्री राजेंद्र गोलछा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट विश्व स्तर पर भारत को सशक्त एवं समृद्ध बनाने वाला बजट है। इस बजट से मध्यम वर्ग के लोगों को विशेष राहत मिली है टैक्स की सीमा को पांच लाख से 7 लाख किया गया है। इसी के साथ ही इस बजट से युवा, गरीब, मजदूर, व्यवसायी, महिलाओं सहित सभी वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। इस बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सभी मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। युवाओं को रोजगार मिले इस बात का भी विशेष ध्यान रखा गया है। फाइनेंशियल सेक्टर और युवाओं का ध्यान रखा गया है। गोवर्धन योजना के लिए दस हजार करोड रुपए का आवंटन किया गया है। वही प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवंटन 66फीसदी बढ़ा कर 79 हजार करोड़ किया गया है। कोरोना महामारी के चलते लोगों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अंत्योदय योजना के अंतर्गत गरीब वर्ग को 1 साल के लिए मुफ्त अनाज योजना को बढ़ाया गया है। बेरोजगार युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ बेरोजगारी भत्ता दिए जाने का निर्णय लिया गया है कृषि ऋण की लक्ष्य को बढ़ाया गया है कृषि के क्षेत्र में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने की कोशिश की गई है। शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए एकलव्य एवं मॉडल स्कूलों में 38 हजार अध्यापकों एवं स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी इससे आदिवासी क्षेत्र में पढ़ने वाले बच्चों को लाभ मिलेगा।157 नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाने से स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ेगी।

## केंद्रीय बजट को संसदीय सचिव ने बताया निराशाजनक

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों, बेरोजगारों, महिलाओं, युवाओं और व्यापारियों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। केंद्र सरकार के सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट किसी काम का नहीं है क्योंकि इस बजट में जीएसटी और पेट्रोल डीजल के दामों में कोई कमी नहीं की गई है। इसमें महंगाई कम करने और बेरोजगारी को रोकने के लिए कुछ नहीं है। इस बजट में सिर्फ आकर्षक घोषणाएं की गई है। ऐसी घोषणाएं मोदी सरकार पहले भी कर चुकी है। जिका कोई फायदा आम लोगों को नहीं हुआ है। इस बजट ने देश की जनता के सपने तोड़ दिए हैं। बजट में पेट्रोलियम उत्पादों और रूपए के मूल्य में गिरावट के बारे में कोई उल्लेख नहीं है। सरकार के इस बजट से आम जनता की उम्मीदें खत्म हो गई हैं। इस बजट में न गरीबों के लिए कुछ रखा गया है और न ही मध्यमवर्ग के लिए। कुल मिलाकर यह बजट पूरी तरह से जनता को निराश करने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों के साथ छलावा किया गया है। बजट से जनता की अपेक्षा भी पूरी नहीं हो सकी है।

# 6 करोड़ 45 लाख 20 हजार से होगा हायर सेकेंडरी-हाई स्कूल व प्राथमिक स्कूलों में मरम्मत कार्य

पायनियर संवाददाता < बागबाहरा
www.dailypioneer.com



खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में अब भवन तथा पहले के बने हुए भवनों के मरम्मत की समस्या का समाधान हो गया है। जहां एक और पुराने विद्यालयों के मरम्मत का कार्य पूरा होगा वहीं दूसरी ओर विद्यालयों में नवीन अतिरिक्त कक्ष का निर्माण भी होगा। और इन विकास कार्यों की स्वीकृति मिली छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रयासों के चलते। जिसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हायर सेकेंडरी हाई स्कूल एवं प्राथमिक शालाओं के मरम्मत कार्य एवं अतिरिक्त कार्य के लिए 6 करोड़ 45 लाख 20 हजार की राशि की स्वीकृति शासन के द्वारा प्रदान की गई है।बता दे उक्त राशि से अतिरिक्त कक्ष प्राथमिक शाला चितमखार 8.07, अतिरिक्त कक्ष हायर सेकण्डरी स्कूल झारा 32.020, प्राथमिक शाला कमरौद मरम्मत 3.100 प्राथमिक शाला मोखा मरम्मत 4.000, प्राथमिक शाला मुनगासेर मरम्मत 4.820, प्राथमिक शाला आमापारा मूनगासेर मरम्मत 0.960,प्राथमिक शाला कलमीदादर अतिरिक्त कक्ष 16.100 , प्राथमिक शाला मोंगरापाली अतिरिक्त कक्ष 8.070, प्राथमिक शाला सालडबरी मरम्मत 2.950 ,प्राथमिक शाला कन्हारपुरी मरम्मत 3.600, प्राथमिक शाला छोटे खेमडा मरम्मत 1.420, प्राथमिक शाला डोंगाखम्हरिया अतिरिक्त कक्ष 5.200,प्राथमिक शाला पोटिया अतिरिक्त कक्ष 16.100, प्राथमिक शाला ठोंगा मरम्मत 2.350, प्राथमिक शाला रोडा अतिरिक्त कक्ष 5.200, प्राथमिक शाला कौहाकुडा अतिरिक्त कक्ष, प्राथमिक शाला तिलईदादर अतिरिक्त कक्ष 16.100, प्राथमिक शाला अनवरपुर अतिरिक्त कक्ष 5.200,प्राथमिक शाला हिच्छा मरम्मत 3.430 ,प्राथमिक शाला अमेरा अतिरिक्त कक्ष 8.070, प्राथमिक शाला भदरसी मरम्मत 0.500, प्राथमिक शाला छिबरा अतिरिक्त कक्ष 8.070,प्राथमिक शाला बाघामुडा अतिरिक्त कक्ष 5.200, प्राथमिक शाला लालपुर बागबाहरा अतिरिक्त कक्ष 16.10, प्राथमिक शाला पण्डरीपानी अतिरिक्त कक्ष 16.100, प्राथमिक शाला ढोड अतिरिक्त कक्ष 8. 700,प्राथमिक शाला मोहबा अतिरिक्त कक्ष 5.200, प्राथमिक शाला कन्या बागबाहरा अतिरिक्त कक्ष 16.10, प्राथमिक शाला जुनवानीकला अतिरिक्त कक्ष 5.200, प्राथमिक शाला तुपकबोरा अतिरिक्त कक्ष 16.100,प्राथमिक शाला शिकारीपाली अतिरिक्त कक्ष, 16.100 प्राथमिक शाला ठकुरीपाली अतिरिक्त कक्ष 5.200,प्राथमिक शाला खुडमुडी मरम्मत 0.500, प्राथमिक शाला खुटेरी अतिरिक्त कक्ष 16.100,प्राथमिक शाला डुमरपाली मरम्मत 4.300, प्राथमिक शाला आमाकोनी मरम्मत ,प्राथमिक शाला खेमडा मरम्मत 1.300,प्राथमिक शाला गांजर मरम्मत 0.830,प्राथमिक शाला धरमपुर मरम्मत 0.930 ,प्राथमिक शाला कुशपाली मरम्मत 1.200, प्राथमिक शाला पेण्ड्रा मरम्मत 2.650, प्राथमिक शाला आमगांव मरम्मत 1.500, पूर्व मा. शाला धरमपुर मरम्मत 1.000, पूर्व कन्या मा. शाला गांजर मरम्मत 1.300, पूर्व मा. शाला भदरसी मरम्मत 2.200, हाईस्कूल छुईहा अतिरिक्त कक्ष 8.070, हाईस्कूल टेका अतिरिक्त कक्ष 8.070, हायर सेकण्डरी स्कूल तमोरा अतिरिक्त कक्षा 24.2001, हायर सेकण्डरी स्कूल मोहंदी अतिरिक्त कक्ष 24. 200, हायर सेकण्डरी स्कूल बकमा अतिरिक्त कक्ष 32.200, हायर सेकण्डरी स्कूल बोकरामुडाकला अतिरिक्त कक्ष 24. 200, हायर सेकण्डरी स्कूल लमकेनी अतिरिक्त कक्ष 32.200, हायर सेकण्डरी स्कूल बी. के. बाहरा अतिरिक्त कक्ष 32.200, प्राथमिक शाला खुटेरी जीर्णोद्वार 1.190,प्राथमिक शाला भरूवामुडा अतिरिक्त कक्ष 8.070, प्राथमिक शाला हरदी अतिरिक्त कक्ष 8.070, प्राथमिक शाला कोटाद्वार जीर्णोद्वार 9.330, प्राथमिक शाला बेलर अतिरिक्त फक्ष 8.070,प्राथमिक शाला ठकुरदियाखुर्द जीर्णोद्वार 3.050, हाईस्कूल अरण्ड अतिरिक्त कक्ष 16.100, हायर सेकण्डी स्कूल कौहाकुडा अतिरिक्त कक्ष 32.200, हायर सेकण्डी स्कूल बढईपाली अतिरिक्त कक्ष 32.200, हायर सेकण्डी स्कूल गोडबहाल जीर्णोद्वार 1.850,हायर सेकण्डी स्कूल गडवेडा अतरिक्त कक्ष 32.300, इत्यादि विद्यालयों में मरम्मत व निर्माण कार्य संपन्न होंगे।

# गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने छत्तीसगढ़ में अपने पहले शोरूम का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



इबलु रेंज के प्रोडक्ट बनाने वाली गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने रायपुर, छत्तीसगढ़ में अपने पहले शोरूम ड्रीम विजन का उद्घाटन किया है। विश्व-स्तरीय टेक्नोलॉजी से लैस, यह शोरूम ग्राहकों को इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को खरीदने का एकदम अलग अनुभव प्रदान करता है और क्षेत्र में ईवी को अपनाये जाने पर जागरूकता बढ़ाता है।

इस शोरूम का उद्घाटन हीरा ग्रुप के सीएमडी बी.एल. अग्रवाल ने किया। यह शोरूम 1440 वर्गफीट में फैला है और इसमें 720 वर्गफीट की सर्विस सेंटर फैसिलिटी है। शोरूम का पता है- अशोका मिलेनियम प्लाजा, शॉप नंबर 3, 4, 5 और 6, रिंग रोड नंबर 1, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001. इस शोरूम की महत्वपूर्ण खासियत यह होगी कि ग्राहकों की गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स द्वारा पेश 3एस फैसिलिटीज तक पहुँच मिलेगी। शोरूम ब्राण्ड की यात्रा भी दिखाएगा और ग्राहकों की ईवी से जुड़ी सारी जरूरतों के लिये सिंगल टच पॉइंट का काम करेगा। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के सीईओ हैदर खान ने कहा, रायपुर में नये गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स शोरूम का उद्घाटन हमें छत्तीसगढ़ के लोगों के एक कदम करीब लेकर आया है और हमारी हाल ही में लॉन्च हुई इबलु रेंज के साथ इलेक्ट्रिक यातायात को मिलकर अपनाये जाने में मददगार है। हमें इस क्षेत्र में कई नये सब-डीलर स्थापित करने की आशा है, ताकि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में बढ़ोतरी हो, क्योंकि हमने सभी के लिये एक समावेशी, स्थायी और बेहतर भविष्य की गारंटी देने का लक्ष्य तय किया है। ड्रीम विजन के मालिक धीरज काले नह्रे कहा, हमें अपने ग्राहकों को उच्च प्रदर्शन और टिकाऊपन की गारंटी देने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों की एक स्थायी कम्युनिटी बनाने के लिये गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के साथ भागीदारी करने पर बहुत खुशी और गर्व हो रहा है।

# केंद्रीय बजट हर वर्ग के सपनों को पूरा करने वाला बजट : मानिकपुरी

पायनियर संवाददाता < बेलर
www.dailypioneer.com

सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने वाला और देश को गति प्रदान करने वाला बजट है। भाजपा मंडल बेलर (सिहावा) के महामंत्री मनोहर दास मानिकपुरी ने बजट पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि इस बजट के आधार पर भारत ने संकल्पों को लेकर आगे बढ़ेगा। केंद्रीय बजट में निम्न और मध्यम वर्ग के लिए अनेकों सौगातें दी गई है। इस बजट में टेक्नोलॉजी और न्यू इकोनॉमी पर बल दिया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जिससे सड़कें, रेल, पोर्ट के क्षेत्र में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित होने से भारत के विकास को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे साथ ही देश की बड़ी आबादी को आय के नए अवसर प्राप्त होंगे।

मनोहर दास मानिकपुरी ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये आगे कहा कि बजट में वित्तमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना में 66 प्रतिशत की कच्चे मकानों में रहने वाली गरीब जनता के लिए बहुत बड़ा उपहार है गरीबों के स्वाभिमान को बढ़ाने के लिए केंद्रीय बजट में किया गया प्रावधान स्वागत योग्य है। मानिकपुरी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये आगे कहा कि बजट मे करमुक्त आय की सीमा को बढ़ाकर तीन लाख किए जाने और सात लाख रुपये तक की आय पर इनकम टैक्स नहीं लगने का प्रावधान मध्यमवर्गीय लोगों के लिए बहुत बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात अमृत काल का यह प्रथम बजट देश के विकास की नई गाथा शुरू करेगा।मनोहर दास मानिकपुरी ने कहा कि पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन पर ध्यान देते हुए कृषि ऋण का लक्ष्य 20 लाख करोड़ रुपए करने से देश के किसान वर्ग को सबसे अधिक लाभ पहुंचेगा और किसान फसल उत्पादन के लिए अपने वित्त की आवश्यकता को आसानी से ऋण द्वारा पूरा कर सकेंगे और देश के विकास में अपना और अधिक योगदान दे सकेंगे।

## ग्राम मरदाकला में मड़ई मेला आयोजित

**गरियाबंद ।** ग्राम मरदाकला में बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया। इस मड़ई मेला में क्षेत्र भर के देवी -देवताओ की ध्वज पताके डांगडोली पहुंचे जहां पूरे क्षेत्र भर के लोगो के द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किया गया और देवी -देवताओ की शोभायात्रा निकाला गया। देवी -देवताओ की शोभायात्रा मे उनसे आशीर्वाद लेने हजारो की संख्या में लोग उमड़ पड़े क्षेत्र मे मड़ई मेला मे भारी उत्साह देखने को मिला आदिवासी परंपरा अनुसार देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर मड़ाई बिहाई गई और एक दिन पूर्व रात्री जागरण कर पूजा अर्चना किया गया। इस मड़ई मेला मे शामिल होने आसपास ग्रामो के हजारो लोग पहुंचे जहां कई प्रकार के दुकान लगाई गई थी और जमकर खरीददारी भी हुआ।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मांगों का आम आदमी पार्टी का समर्थन : भूपेन्द्र चन्द्राकर

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कल्याण संघ के संयुक्त मोर्चा के 6 घटकों द्वारा 23 जनवरी से जारी अनिश्चितकालीन आंदोलन, राजधानी से जिलों में फैल गया है तथा प्रदेश के सभी 32 जिलों में आंगनबाड़ी महिला कार्यकर्ता सहायिका आंदोलनरत है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर ने आज नारी शक्ति का सम्मान करते हुए हड़ताली आंगनबाड़ी महिलाओं के मंच पर जाकर खुला समर्थन व्यक्त किया है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर ने बताया है कि वर्ष 2018 के चुनावी जनघोषणा पत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका को नियमितीकरण करने, शासकीय सेवक घोषित कर कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान करने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदों पर आंगनबाड़ी सहायिका को शतप्रतिशत पदोन्नति देने तथा महिला बाल विकास में रिक्त महिला पर्यवेक्षक के पदों पर शत-प्रतिशत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके अनुभव का लाभ देते हुए पदोन्नति देने का आश्वासन दिया गया था। साढ़े 4 साल के कार्यकाल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को केवल सरकारी रैली सभा आयोजनों में भीड़ बढ़ाने के लिए सरकार ने उपयोग किया,लेकिन उनकी जायज मांगों पर कभी विचार नहीं किया गया। साथ ही रायपुर राजधानी में धरनारत महिलाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम व अन्य पुलिस प्रशासन की धमकी देकर रायपुर राजधानी में धरना देने से भी वंचित कर लोकतंत्र में धरना प्रदर्शन के मौलिक अधिकारों का भी हनन किया गया है।

# बजट में मनरेगा का कोई जिक्र नहीं : रश्मि चंद्राकर

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि बजट में मनरेगा का कोई जिक्र नहीं था। सरकार मजदूरों के लिए क्या करने जा रही है? बेरोजगारी, महंगाई की बात भी नहीं की गई। ये बजट देश की वास्तविक भावना को संबोधित नहीं कर रहा है जो कि महंगाई और बेरोजगारी है। इसमें केवल फैंसी घोषणाएं थीं जो पहले भी की गई थीं लेकिन कार्यान्वयन के बारे में क्या? पीएम किसान योजना से सिर्फ बीमा कंपनियों को फायदा हुआ किसानों को नहीं। ये चुनावी बजट है, किसानों के लिए कुछ नहीं है। किसानों की एमएसपी की बात नहीं की है। रेलवे को पूरी तरह नज़रअंदाज़ किया गया है। आधी से ज्यादा आबादी गांव में बसती है लेकिन उनके लिए कुछ नहीं किया है. ये बहुत ही निराशाजनक बजट है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने चुनावी वायदे में किसानों से कहा था देश के किसानों की आय 2022 तक दुगुनी कर देंगे। 2022 को बीते एक माह हो गये किसानों की आय दुगनी तो नहीं हुई। मोदी सरकार की किसान विरोधी नीति के कारण कृषि का लागत मूल्य बढ़ गया। डीजल, उर्वरक, कीटनाशक के दाम बढ़ने से किसानों की आय घट गयी। मोदी का किसानो से किया वायदा भी गलत साबित हुआ है। कृषि सुधार के नाम पर किसानों को धोखा दिया जा रहा है। सिंचाई पर योजना और किसानों को प्रत्यक्ष सब्सिडी के बजाय चंद पूंजीपति मित्रों को उपकृत करने का षडयंत्र रचा जा रहा है। देश के किसानों की अपेक्षा है कि मोदी अपने अंतिम बजट में ही वायदा निभाये किसानों की आय बढ़ाने के लिये ठोस वित्तिय प्रावधान किए जाएं। 8 सालों में किसान, मजदूर, युवा, बेरोजगार और महिलाओं को कुछ नहीं मिला विगत 8 वर्षो से केंद्रीय बजट में देश के किसान, मजदूर, युवा, बेरोजगार, महिलाओं और आम जनता को कुछ नहीं मिला, राहत केवल चंद पूंजीपति कारपोरेट मित्रों पर केंद्रित रहा है। मोदी सरकार जनकल्याण की योजनाओं के बजट आवंटन में लगातार कटौती कर रही है। खाद सब्सिडी, खाद्य सब्सिडी और मनरेगा जैसे जनकल्याणकारी मदों में विगत 3 बजट से 25 से 35 परसेंट तक की भारी कटौती लगातार जारी है। अमीरों से लिया जाने वाला वेल्थ टैक्स खत्म कर डीजल पर लगभग 10 गुना सेंट्रल एक्साइज बढ़ाना मंहगाई का सबसे बड़ा कारण है। रेपो दर चालू वित्त वर्ष में ही 5 बार बड़ाए गए, लोन पर ब्याज दरें बढ़ गई लेकीन महंगाई नियंत्रण से बाहर है। शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, गैस सब्सिडी जैसे समाज कल्याण के कार्यक्रमों में बजटीय आवंटन लगातार घटाए जा रहे हैं। यही कारण है कि पूंजीवादी नीतियों के चलते मोदी राज में असमानता दिनों-दिन बढ़ रही है, मोदी के चंद मित्र हर मिनट ढाई करोड़ से अधिक कमा रहे हैं जबकि आम जनता की आय लगातार घट रही है।

## जिले के 1 लाख 49 हजार 166 किसानों ने 6 लाख 18 हजार 605 मे.टन का बेचे अपना धान

# धान खरीदी की व्यवस्थाओं से किसान हुए गदगद

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

धान खरीदी के अंतिम दिन कुल 62 किसानों ने 385 क्विंटल धान बेचकर धान खरीदी त्यौहार का समापन किया। 1 नवम्बर से प्रारंभ हुई धान खरीदी के तहत जिले के 1 लाख 49 हजार 166 किसानों से 6 लाख 18 हजार 605 मे.टन धान खरीदी की गई है। जिसके एवज में सभी किसानों को कुल 12 सौ 62 करोड़ 13 लाख 82 हजार 464 रूपये राशि का भुगतान किया गया है। इस वर्ष धान खरीदी की समुचित व्यवस्थाओं से किसान काफी गदगद हुए है। उन्होंने शासन की खरीदी व्यवस्था की तारीफ करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

जिले के खाद्य अधिकारी विमलेश दुबे ने बताया कि जिले में 1 लाख 53 हजार 491 किसान पंजीकृत थे। जिसमें 162 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 1 लाख 49 हजार 166 किसानों ने 6 लाख 18 हजार 605 मे.टन धान बेचे है। जो कि कुल रकबा का 96.83 प्रतिशत है। जिसमें मोटा धान 1 लाख 26 हजार 221 मे.टन, पतला 9 हजार 132 में टन एवं सरना 4 लाख 83 हजार 250 मे.टन शामिल है। इसके साथ ही 91 प्रतिशत धान का उठाव उपार्जनों केन्द्रों से किया जा चुका है। आने वाले दिनों में उक्त उठाव 100 प्रतिशत हो जायेगी। इसी तरह जिले के 15 सहकारी बैंक शाखाओं के माध्यम किसानों के खाते में 12 सौ 62 करोड़ 13 लाख 82 हजार 464 रूपये राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जा चुका है। लाभान्वित किसानों में शाखा कोसमंदी के 5706 किसानों को 45 करोड़ 1 लाख 75 हजार 352 रूपये, पलारी 5983 किसानों को 47 करो? 9 लाख 48 हजार 184 रूपये, निपनिया 10283 किसानों को 93 करोड़ 77 लाख 44 हजार 120 रूपये, कोदवा 9742 किसानों को 81 करोड़ 23 लाख 80 हजार 712 रूपये, वटगन 6288 किसानों को 55 करो? 3 लाख 36 हजार 360 रूपये, भटभेरा 8116 किसानों को 65 करोड़ 48 लाख 92 हजार 576 रूपये, कसडोल 13041 किसानों को 1 सौ 6 करोड़ 54 लाख 33 हजार 248 रूपये, हथबंद 7941 किसानों को 67 करोड़ 6 लाख 31 हजार 272 रूपये, भाटापारा 11795 किसानों को 98 करोड़ 66 लाख 32 हजार 632 रूपये, लवन 13021 किसानों को 1 सौ 4 करोड़ 11 लाख 38 हजार 768 रूपये, टुण्ड्रा नवीन 9218 किसानों को 73 करोड़ 82 लाख 50 हजार 704 रूपये, बलौदाबाजार 16204 किसानों को 1 सौ 38 करो? 74 लाख 37 हजार 552 रूपये, सिमगा 14942 किसानों को 1 सौ 21 करो? 39 लाख 47 हजार 264 रूपये, बया 9194 किसानों को सौ करो? 44 लाख 77 हजार 568 रूपये एवं रोहांसी 7692 किसानों को 63 करोड़ 69 लाख 56 हजार 152 रूपये राशि का भुगतान किया गया है। कलेक्टर ने धान खरीदी में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति जताया आभार कलेक्टर रजत बंसल ने जिलें मे निर्विवाद पूर्ण तरीके से धान खरीदी होने पर खरीदी में लगे विभिन्न विभागों के सभी मैदानी कर्मचारी, अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशो के अनरूप धान खरीदी में किसी भी किसान को कोई तकलीफ न हो इसका मैदानी कर्मचारियों ने विशेष ध्यान रखा। सभी ने बहुत मेहनत किया जिसका ही परिणाम है कि धान खरीदी में कोई बड़ी समस्याओं का सामना जिले में नहीं करना पड़ा। किसानों के लिए बारदानों से लेकर किसानों के पीने की पानी तक कि व्यवस्था सुचारू रूप से किया गया था जो कि काबिले तारीफ है।



# जिले में नियम विरूध्द चल रहे है अवैध रेत खनन का व्यापार : आप

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर ने कहा आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा महासमुन्द जिले में चल रहे घाटों का कार्य निरक्षण किया गया,जिसमें चल रहे रेत खदानों मे घोर अनियमितता पाई गई मौके मे जाँच करने पर पता चला कि निर्धारित समय सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक रेत का उत्खनन करना है पर पूरी रात किया जा रहा है, खदान में 12 घन मीटर के पीट पास में 20 घन मीटर रेत लोड की जा रही है, वाहन बिना पीट पास के भी जा रहे थे और एकहि पीट पास को कई बार उपयोग किया जा रहा था,रेत लोडिंग का कार्य शत प्रतिशत मशीन से कराया जा रहा है जबकि नियम अनुसार 50 प्रतिशत कार्य ग्राम वासियों से कराना है,आंबटित जगह के बाहर रेत खनन चल रहा है घाटो में आंबटित भुमि की सीमा चिन्हाकित नही है,आबंटित मात्रा से ज्यादा रेत खनन हो रहा है। आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर महासमुन्द को पत्र लिख कर रेत खदानों मे हो रहे अनियमितता, रेत ठेकेदारो द्वारा खुले आम शासन प्रशासन के आखों में धूल झोक कर कानून की जो धज्जियॉ उडायी जा रही है जिसमें खनिज विभाग की भुमिका संदिग्ध है इसके कारण पर्यावरण को खतरा व ओवर लोड गाडियों से सड़के खराब हो रही है,आम जनता को जान माल का नुकसान व उडती रेत से प्रदूषण फैल रहा है जिससे जनता के आखों पे खतरनाक प्रभाव पड़ रहा है। पत्र के माध्यम से आम आदमी पार्टी ने यह मांग किया है कि तत्काल प्रभाव से नियम अनुसार रेत घाट का संचालन हो, ओवर लोडिंग बंद हो, अवैध खनन बंद हो, गाडिया तालपतरी से ढक के जायें और दोषियों पर कानूनी कार्यवाही हो अन्यथा आम आदमी पार्टी आन्दोलन व धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होगी ।

# अंधविश्वास ने ली अधेड़ महिला की जान, गड़ा धन प्राप्त करने के लिए दिया वारदात को अंजाम

## अंधविश्वास जनित कृत्यों से पैसे कमाने के लालच में युवकों ने एक अधेड़ महिला की जान ले ली

पायनियर संवाददाता ◀ कसडोल
www.dailypioneer.com





अंधविश्वास जनित कृत्यों से पैसे कमाने के लालच में युवकों ने एक अधेड़ महिला की जान ले ली। कसडोल विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम भवरीद में रहने वाली एक महिला के पास मटिया नामक प्रेत होने की आशंका से कसडोल निवासी एवं प्रकरण के मुख्य आरोपी ललित कुमार श्रीवास ने कमल सिंह कंवर, प्रवीण साहू तथा सुक्रीत दास मानिकपुरी के साथ मिलकर योजना बनाई एवं उक्त महिला से संपर्क किया, जिसपर महिला ने इनकार कर दिया। आरोपियों द्वारा लालच में आकर योजनाबद्ध तरीके से चारपहिया वाहन से ग्राम भवरीद पहुंचकर मृतिका देवमती विश्वकर्मा को अपने साथ बैठा कर कसडोल के मिनी स्टेडियम ले आए।मिनी स्टेडियम में महिला को लालच देने एवं डराने का प्रयास किया फिर भी महिला के नही मानने पर आरोपियों द्वारा महिला के हाथ पैर एवं गले को तार से बांधकर रात्रि के समय ग्राम कुम्हारी थाना गिधौरी के पत्थर खदान में फेंक दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। गौरतलब है कि थाना गिधौरी टुंडरा क्षेत्र में प्रार्थी द्वारा अज्ञात महिला उम्र 75 वर्ष का शव पत्थर खदान में तैरता पाए जाने की सूचना पर पुलिस ने कायम कर पंचनामा करवाई में लिया जांच की जाने पर भादवि की धारा 302 पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। पूरे मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन तथा थाना गिधौरी-टुण्डरा प्रभारी निरीक्षक हितेश जंघेल के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाकर अज्ञात मृतिका की मृत्यु के संबंध में आरोपियों की तलाश की गई। इस पूरे प्रकरण में राजेश नवरंगे,मिलन साहू, रामलाल कैवर्त्य, जितेंद्र साहू एवं सायबर सेल की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कलेक्टर से मुलाकात कर गांव की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया

**मुंगेली।** डॉ सरिता भारद्वाज के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच कर कलेक्टर राहुल देव से मुलाकात कर अपनी गाँव की मूल भूत समस्याओं से अवगत कराया और जल्द समस्याओं को दुरुस्त करने की मांग किया गया। मुंगेली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाटा, अमोरा, दबो , बिंझौरी के ग्रमीणों ने डॉ सरिता भारद्वाज के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच कर कलेक्टर से मुलाकात कर गांव की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग किया। उनकी मांग शासकीय खेल मैदान ग्राम लाटा से विद्युत पोल व तार हटाने की मांग किया। ग्राम औराबांधा में अवैध पट्टा निरस्त करने की मांग।,जय बिहान योजना के तहत कार्य करने वाली महिला समूह के लिए बैठक व्यवस्था के लिए नवीन भवन की मांग किया गया।,शा. प्रा. शा. दाबो के शाला में बाउण्डिवाल ,नवीन भवन की ,वर्तमान शाला का मरामत की मांग किया गया। ग्राम पंचायत गोपतपुर के आश्रित गांव बिंझौरी के ग्रमीणों को आजादी के 75 साल बाद भी कच्छी सड़क से हो कर जाना पड़ता है ।

# गोहेदादर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल हुए भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◀ बसना
www.dailypioneer.com





ग्राम गोहेदादर में ड्रीम इलेवन क्रिकेट क्लब द्वारा पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल जी शामिल हुए। प्रतियोगिता आयोजन समिति सदस्यों सहित ग्रामवासियों के द्वारा बाजे गाजे के साथ फुलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान डॉ.सम्पत अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एवं बंसुला व बिटांगीपाली के बीच मैच के लिए टास उछाल कर मैच का शुभारंभ किया गया। भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रतियोगिता आयोजक समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए खेल के महत्व तथा होने वाले शारीरिक, आर्थिक और मानसिक लाभ के बारे में बताया। उन्होंने आगे नीलांचल सेवा समिति के द्वारा नर सेवा नारायण सेवा की परिकल्पना को साकार करते निस्वार्थ भाव से किये जा रहे जन सेवा कार्य स्वास्थ्य संबंधी जनसेवा कार्यो जैसे नीलांचल निशुल्क एंबुलेंस सेवा, उपचार सेवा, स्वास्थ्य शिविर, नेत्र जांच शिविर, रक्तदान शिविर, खेल खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, मंदिरों का जीर्णोद्धार, पीने योग्य जल की व्यवस्था, शिक्षण संस्थानों में सहयोग, तीर्थ यात्रा इत्यादि जन सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। और अधिक से अधिक नीलांचल सेवा समिति की सदस्यता लेकर सेवा का लाभ लेने एवं अपने ग्रामों के लोगों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। एवं नीलांचल सेवा समिति के तत्वावधान में फरवरी मार्च में आयोजित किये जा रहे स्वास्थ्य शिविरों की जानकारी दी।इस मौके पर बसना सेक्टर संयोजक निर्मलदास, अरुण साहू, मुकुंद साव, हरेराम प्रधान, अनिल कुमार प्रधान, प्रदीप प्रधान, गणेश प्रधान, गोकुल प्रधान, अजय बरिहा, शुभम प्रधान, अजय भोई, रोहन प्रधान, राजेंद्र यादव, अमित प्रधान, वशिष्ठ प्रधान, विनय राणा, कीर्तन साहू, ताजेश साहू, प्रभाकर बुडेक, धर्मेंद्र बरिहा, गोवर्धन भोई खेल प्रेमियों सहित ग्रामीणजन उपस्थित थें।

# किसानों की समस्या का निदान अब भी नहीं ग्राहकों को करना पड़ रहा घंटों इंतजार

- **किसानों को बैंक में न पीने का पानी न बैठक व्यवस्था नसीब**

पायनियर संवाददाता ◀ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



धान की बिक्री के बाद सहकारी बैंक से रुपए लेनदेन के लिए उपभोक्ताओं की लंबी कतार लग रही हैं। उपभोक्ताओं को कई घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा हैं। इसके बाद बैंक में काउंटर बढ़ाने को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं, जहां जिले में धान की बंपर खरीदी हो रही हैं। किसान धान बेचने के बाद राशि के लिए बैंक पहुंच रहे हैं, लेकिन बैंक में अव्यवस्था के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही हैं। गुरुवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा कोंडागांव के बाहर सुबह से उपभोक्ताओं की लंबी कतार लग रही हैं, रुपए लेनदेन के लिए उपभोक्ताओं को कई घंटे तक इंतजार करना पड़ा, बैंक में भीड़ के बाद अतिरिक्त काउंटर बढ़ाने को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**सहकारी बैंक में लंबी कतार, 50 से 60 किमी दूर से पहुंचते हैं उपभोक्ता**

किसानों ने बताया कि, प्रबंधन की ओर से अलग-अलग समिति केंद्रों में पंजीयन के अनुसार सप्ताह में दिन निर्धारित किया गया हैं। सप्ताह में एक दिन रुपए लेनदेन की सुविधा हैं। इसमें भीड़ की वजह से कई घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा हैं। बावजूद इसके काउंटर बढ़ाने को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। कोंडागांव शाखा में कई ऐसे उपभोक्ता हैं, जो मुख्यालय से लगभग 40 से 50 किलोमीटर की दूर ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र से रुपए लेनदेन के लिए पहुंचते हैं, जिसके कारण इस दौरान विलंब होने से उनकी परेशानी बढ़ जाती हैं।

# राज्य युवा महोत्सव 2023 में कोंडागांव जय सतनाम पंथी पार्टी ने हासिल किया जीत का खिताब

पायनियर संवाददाता ◀ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के कार्यक्रम में कोंडागांव के पंथी कलाकारों के द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। जिसमें से राज्य भर के सभी संभाग के कलाकार शामिल हुए, इनके बीच जबरदस्त प्रतियोगिता देखने को मिला। जिसमे कोंडागांव के पंथी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने में मजबूर कर दिया। जिसके परिणाम स्वरूप निर्णय गणों के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके पूर्व में भी इन कलाकारों के द्वारा राज्य स्तर पर गुरु घासीदास लोककला महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त को 1 लाख व द्वितीय स्थान प्राप्त 50 हजार रुपये की राशि अर्जित कर चुके हैं, वहीं राष्ट्रीय स्तर पर केरल में भी अपनी प्रस्तुति दे कर अपनी कला का प्रदर्शन कर कोंडागांव का नाम रोशन कर चुके हैं। आप सभी को अवगत हो कि, ये अपने अंचल में जय सतनाम पन्थी पार्टी के नाम से विख्यात हैं, जो लगतार राज्य के साथ साथ दूसरे राज्य में भी अपनी प्रस्तुति से लोहा मनवाया हैं। जय सतनाम पंथी पार्ट्री अध्यक्ष और मुख्य कलाकार विशाल बंजारे, मोहोनीश बंधैया, ईश्वर गेंडरे, दुर्गेश कुर्रे, प्रभात मारकंडये, बादल बंधैया, प्रफ्फुल बंधैया, आशीष कुर्रे, गोपाल बांधे, राहुल जांगड़े, आकाश बंजारे, प्रमोद बंजारे, राजेश मारकंडये, शिवांगी जांगड़े, हिना कुर्रे, मारिया जांगड़े, लक्ष्मी कोसरे, तरंजीत कौर, तुलसी मारकंडये, शिवानी डहरिया, नैना खेलवारे, निर्जला जांगड़े, वर्षा जांगड़े शामिल थे। इस उपलब्धि से कोंडागांव के कलाकारों में खुशी की लहर दौड़ गई हैं, लगातार इन कलाकारों को बधाई देने का तांता लगा हुआ हैं, जिसमे से पार्टी के संरक्षक आर.के. बंजारे, वरिष्ठ पन्थी कलाकार, जिलाध्यक्ष सानू मार्कण्डेय, संगीतकार जय किशन मार्कण्डेय, नरेश मार्कण्डेय और क्षेत्र के कलाकारों के द्वारा बधाई दिया गया।

# कलेक्टर ने किया अम्बेडकर भवन परिसर में वाचनालय निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने 01 फरवरी को अम्बेडकर भवन परिसर दल्लीराजहरा में वाचनालय निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। शर्मा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में सुन्दर, सुव्यवस्थित वाचनालय का निर्माण कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट मुलाकात कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने दल्लीराजहरा प्रवास के दौरान बौद्ध समाज के प्रतिनिधियों की मांग पर अम्बेडकर भवन परिसर दल्लीराजहरा में वाचनालय निर्माण कराने की घोषणा की गई थी। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने अधिकतम चार माह की अवधि में वाचनालय भवन का निर्माण कार्य पूरा होने की जानकारी दी। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रेणुका श्रीवास्तव, एसडीएम डौण्डी योगेन्द्र श्रीवास, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दल्लीराजहरा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के निर्देशानुसार ब्लॉक अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर व नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा के द्वारा दि 1 फरवरी को वार्ड नं 05 शिव मन्दिर तालाब के पास से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का संचालन मण्डल अध्यक्ष विवेक मसीह ने किया। हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा 02 फरवरी को वार्ड 09 के 30 नम्बर स्कूल के पास से प्रारंभ होकर वार्ड नं 03 तक निकाली जायेगी। इस अवसर पर हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा ब्लॉक प्रभारी रवि जायसवाल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सेवादल, संतोष पांडे प्रदेश प्रतिनिधि रतिराम कोसमा, ओबीसी ग्रामीण विकास प्राधिकरण सदस्य काशीराम निषाद, जिला अध्यक्ष इंटक भूपेंद्र दिल्लीवार, जिला सचिव के ईश्वर राव, जिला महामंत्री अल्पसंख्यक कांग्रेस रूबी एन्थोनी, विलियम भावरा, अल्पसंख्यक नगर अध्यक्ष मुमताज कुरैशी, जुबैर अहमद ब्लॉक उपाध्यक्ष नय्यूम खान,मोहन साहू, जोगेंद्र ठाकुर, बी एस एन मूर्ति, ब्लॉक महामंत्री श्रीनिवास राव, हरीश खस, प्रदीप बाघ,ब्लॉक सयुक्त महामंत्री जितेन्द्र मेश्राम, प्रवक्ता जेबा कुरैशी, एल्डरमेन महेंद्रन अप्पू, जगदीश श्रीवास, जी ईश्वर राव, पार्षद रोशन पटेल, सूरज विचार, बृजमोहन सिंह नेताम, जनक निषाद ब्लॉक सचिव फ्रांसिस कोलीन, विलसन मैथ्यू ,बसंत साहू, रामू शर्मा, ताराचंद बघेल, पूर्व पार्षद रमेश भगत,ब्लॉक पदाधिकारी अनिल कोम्बे, मनोज साहू, रफीक कुरैशी, मेमुना बेगम, आयन अहमद, राहुल पाठक, फै जान, लाला कुंदन, साहिल कुरैशी, संजय कोटर्या, राजेश यादव, रूपेश शर्मा, भूपेंद्र ठाकुर, तोरन देवांगन,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन पदयात्रा में उपस्थित रहे।

# तृतीय लिंग विमर्श पर अंतरराष्ट्रीय सेमीनार 3 और 4 को, मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग का आयोजन

- **देश-विदेश के विषय विशेषज्ञ, विद्वान, शोधार्थी और उभयलिंग समुदाय के सदस्य लेंगे हिस्सा**

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर के हिन्दी विभाग द्वारा 'तृतीय लिंग विमर्शः कल, आज और कल' विषय दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। देश व प्रदेश के उभयलिंगी समुदाय के उत्थान के उद्देश्य से आयोजित इस सेमीनार में छत्तीसगढ़ सहित देश व विदेश के प्रसिद्ध साहित्यकार, विषय विशेषज्ञ तथा तृतीय लिंग समुदाय के प्रतिनिधिगण हिस्सा ले रहे हैं। तृतीय लिंग विमर्श पर आयोजित किया जाने वाला यह छत्तीसगढ़ का प्रथम अंतरराष्ट्रीय सेमीनार है। मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष एवं सेमीनार की संयोजक डॉ. रेशमा अंसारी ने बताया कि इस सेमीनार का आयोजन 3 एवं 4 फरवरी 2023 को किया जा रहा है। इस सेमीनार में मुख्य अतिथि के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केशरी लाल वर्मा, अमेरिका के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रेम भारद्वाज, तृतीय लिंग विमर्श की प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. लता अग्रवाल (भोपाल), विश्व हिन्दी साहित्य सेवा संस्थान, प्रयागराज उत्तप्रदेश के अध्यक्ष डॉ. शेख शहाबुद्दीन, कॉटन यूनिवर्सिटी, गोवाहाटी, असम की प्राध्यापक डॉ. नूरजहां रहमतुल्ला, छत्तीसगढ़ तृतीय लिंग कल्याण बोर्ड की सदस्य एवं पं. रविशंकर शुक्ल सम्मान से सम्मानित सुश्री विद्या राजपूत, छत्तीसगढ़ तृतीय लिंग कल्याण बोर्ड की सदस्य रवीना बरिहा और देश की प्रथम उभयलिंगी ज्योतिषी भैरवी अमरानी आमंत्रित हैं।

## जिले के 03 लाख 14 हजार बच्चों को 10 को दी जाएगी एल्बेंडाजॉल की गोली

**मुंगेली।** जिले में 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के 03 लाख 14 हजार 776 बच्चों को स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में निःशुल्क एल्बेंडाजॉल की दवा खिलाई जायेगी। कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला समन्वय समिति की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अधिकांश बच्चों में पेट से संबंधित बीमारियों का खतरा होता है। जिस वजह से बच्चों में खून की कमी, कुपोषण, मितली, उल्टी व दस्त होना तथा वजन में कमी होना जैसे दुष्प्रभाव होते हैं।

# कलेक्टर ने किया गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा, बैठक में अनुपस्थित गोठान नोडल अधिकारियों पर कार्यवाही करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर चंदन कुमार गोधन न्याय योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना कई विभागों के समन्वय से योजना को सफल करना है। जिले में गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में निर्धारित नोडल अधिकारियों द्वारा गोठानों का सतत निरीक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट रूपांतरण के कार्य में आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। गुरुवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, कृषि विभाग के उप संचालक श्रीवास्तव सहित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी और गोठान से संबंधित नोडल अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों द्वारा गोठानो का सतत निरीक्षण नहीं करने पर नाराजगी जाहिर किए। उन्होंने समीक्षा बैठक में अनुपस्थित गोठान नोडल अधिकारियों पर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किए। कलेक्टर कुमार ने वन विभाग द्वारा आवर्ती चराई योजना में कम गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट नहीं बनवाने के कार्य में लापरवाही के लिए नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन में संवेदनशीलता दिखाने के निर्देश दिए। उन्होंने पोर्टल में भी ऑनलाईन एन्ट्री करवाने पर जोर दिया। उन्होंने बैठक में कृषि विभाग के मैदानी अमलों को सभी गोठानों में निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने गौठानों में योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद सीईओ को भी जनपद स्तर पर समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में गोठान निर्माण की प्रगति एवं अपूर्ण गोठानों को पूर्ण करने की कार्ययोजना, गोबर क्रय, कम्पोस्ट उत्पादन, विक्रय व उपयोग (ग्रामीण एवं शहरी), पिछले पखवाडा में कम गोबर खरीदी वाले गोठान की समीक्षा, गोबर का रूपांतरण का प्रतिशत कम वाले गोठान, स्व-सहायता समुह एवं गोठान समिति को भुगतान, पैरादान की प्रगति, स्वावलंबी गोठान हेतु कार्ययोजना, गोधन न्याय योजना पोर्टल पर एंट्री व सुधार की प्रगति, गौमूत्र क्रय एवं उपयोग को बढ़ावा देने और स्वावलंबी गोठान की आर्थिक स्थिति पर भी चर्चा किया गया। ज्ञात हो कि गोधन न्याय योजनांतर्गत 10 जनवरी को समीक्षा बैठक में जिले के 148 गोठानों में कम्पोस्ट उत्पादन का कन्वर्जेन्स दर 30 प्रतिशत से कम पाये गये गोठानों की समीक्षा कर कन्वर्जेन्स दर में कमी के कारणों का पता कर आवश्यक सुधार करने के दिए गए थे।

## गुदुम गौठान में रीपा निर्माण कार्य एवं घोटिया में कन्या आश्रम का किया निरीक्षण

# जल जीवन मिशन के कार्य का पड़ताल, वॉल चेम्बर को खुला छोड़ देने पर गहरी नाराजगी जताई

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने डौण्डी ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम अकोला में पहुचकर जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्य का पड़ताल किया। कार्यापालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग आरके धनंजय ने बताया कि वर्तमान में केवल पाईप बिछाने के बाद गली का कांक्रिटिंग एवं वॉल चेम्बर को ढकने का कार्य ही शेष रह गया है। उन्होंने बताया की गांव के सभी घरों में पानी की समुचित आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। कलेक्टर ने वॉल चेम्बर निर्माण करने के बाद उसे खुला छोड़ देने पर गहरी नाराजगी जताई तथा संबंधित ठेकेदार को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को जल-जीवन मिशन के शेष कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

**गांवों में पानी की समुचित आपूर्ति होने के साथ-साथ समय और मेहनत की हो रही बचत**-कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित ग्रामिणों से बातचीत कर गांव में इस योजना के अंतर्गत सभी घरों में नल लगने के बाद ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधा एवं सहुलियत के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत हमारे गांव के सभी घरों में घर पहुच पानी की सुविधा मिल रही है। जिसके कारण गांवों में पानी की समुचित आपूर्ति होने के साथ-साथ समय और मेहनत की बचत हो रही है। जिससे हम सभी ग्रामीण बहुत ही प्रसन्नचित है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन शुरू होने से हमें प्रतिदिन सुबह और शाम तथा दोपहर को भी पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने गांव के मांगो एवं समस्याओं के संबंध में कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसका शीघ्र निराकरण करने की मांग की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणूका श्रीवास्तव, एसडीएम योगेन्द्र श्रीवास, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**रीपा निर्माण के प्रस्तावित नक्शा का किया अवलोकन-** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम गुदुम के गौठान में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के प्रगतिरत कार्य एवं ग्राम घोटिया में शासकिय आदिवासी कन्या आश्रम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कुलदीप शर्मा ने सीईओ जनपद पंचायत एवं अन्य अधिकारियों से रीपा के निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को रीपा के निर्माण को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने रीपा निर्माण के प्रस्तावित नक्शा का अवलोकन भी किया। कुलदीप शर्मा ने पेड़ के छांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों एवं स्वसहायता समूह के महिलाओं से गांव में चल रहे विकास कार्य एवं गौठान के गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने कलेक्टर को गांव में शासकीय योजनाओं की क्रियान्वयन की स्थिति के संबंध में जानकारी दी। स्वसहायता समूह के महिलाओं ने बताया की गौठान में समूचित मात्रा में वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण एवं बिक्री की जा रही है।

**कलेक्टर ने साफ-सफाई की व्यवस्था पर की प्रसन्नता व्यक्त**-कलेक्टर ने ग्राम घोटिया पहुचकर आदिवासी कन्या आश्रम का निरीक्षण किया। कुलदीप शर्मा ने मौके पर उपस्थित सरपंच ममता मंडावी एवं ग्रामीणों से चर्चा कर आश्रम के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कन्या आश्रम के शौचालय, शयन, रसोई एवं भोजन कक्ष आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने रसोई कक्ष में व्यवस्थित रूप से रखे गए डायनिंग टेबल एवं आश्रम की साफ सफाई की व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आश्रम की व्यवस्था की सराहना की। सरपंच ममता मंडावी ने कलेक्टर से आश्रम के लिए अलग से प्रवेश द्वार निर्माण करने की मांग की। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर को इसके लिए शीघ्र प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

## युवाओं से निःशुल्क वाहन चालक प्रशिक्षण के लिए 10 तक आवेदन

**कोंडागांव।** आदिम जाति और अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं हेतु निःशुल्क वाहन चालक प्रशिक्षण योजनान्तर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संबंधित वर्ग के इच्छुक युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार सुलभ कराया जाना हैं। इस दिशा में संबंधित वर्ग के युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत हेवी व लाईट व्हीलर ड्रायविंग लायसेंस प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए उक्त वर्ग के गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों के युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इस निःशुल्क वाहन चालक प्रशिक्षण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी उक्त वर्ग के 8वीं कक्षा उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का चयन किया जाएगा।

# भारतीय अर्थव्यवस्था भविष्य की उम्मीद

**वर्ष** 2022-23 के आर्थिक सर्वेक्षण ने उज्वल भविष्य के बारे में बहुत उम्मीद जताई है और उसकी ये उम्मीदें यथार्थ पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा है कि आज सारी दुनिया की नजरें भारत की अर्थव्यवस्था पर टिकी हैं। हालांकि, 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी की वृद्धि दर वर्तमान वित्त वर्ष से थोड़ी कम होने की आशंका है, पर भविष्य में अच्छे दिन आने वाले हैं। 400 से अधिक पेजों में फैले आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 का यही संदेश है। वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद में सर्वेक्षण की रिपोर्ट पटल पर रखी। इसमें भविष्य के प्रति आशा के अनेक संकेत हैं। हालांकि, सर्वेक्षण ने 2023-24 के लिए वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है, जबकि यह 2022-23 में 7 प्रतिशत तथा पिछले वित्त वर्ष में 8.7 प्रतिशत थी। लेकिन सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि महामारी से भारत तुलनात्मक रूप से तेजी से उबरा है तथा आने वाले वर्ष में वृद्धि ठोस रूप से घरेलू मांग तथा पूंजी निवेश के कारण होगी। उसका यह कहना ठीक है कि वर्तमान समय में वृद्धि दर को अनेक ढांचागत परिवर्तनों से सहायता मिल रही है जिनका क्रियान्वयन पिछले सालों में, खासतौर से 2014 के बाद किया गया है। सर्वेक्षण में संकेत किया गया है कि 'वित्तीय व्यवस्था पर दबाव' 2014 के पहले दिए गए भारी कर्ज के कारण था जिनकी अभिव्यक्ति गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों, कर्ज में कम वृद्धि तथा पूंजी सृजन की कम वृद्धि दर के रूप में सामने आई। अब महामारी के कारण पैदा सुस्ती से बहाली वाले समय की तरह दबाव के वे साल पीछे छूट गए हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार वेंकटरमन अनंत नागेश्वरन ने पिछले कुछ वर्षों की स्थितियों पर भी नजर डाली है जिनमें 1998-2002 के वर्ष शामिल हैं। लगभग दो दशक पहले सरकार ने परिवर्तनकारी सुधार किए थे, पर अर्थव्यवस्था को लगे अस्थाई झटकों के कारण आर्थिक वृद्धि प्रभावित हुई। जब ये झटके कमजोर पड़े तो 2003 से ढांचागत सुधारों ने अच्छा लाभ दिखाया।

वैंकटरमन का आशावाद न केवल इतिहास, बल्कि यथार्थ पर भी आधारित है। आमतौर पर उन्होंने सर्वेक्षण में एक गुलाबी तस्वीर पेश की है। वित्त वर्ष 15 के बाद 2022-23 की पहली छमाही में निजी उपभोग सर्वाधिक था तथा केन्द्र सरकार द्वारा बढ़ाए पूंजीगत खर्च के कारण निजी निवेश में तेजी आई है जिससे निगमों की बैलेंसशीटों में मजबूती आई है। इसके साथ ही एमएसएमई क्षेत्र में कर्ज की वृद्धि अच्छी है, अप्रैल-दिसंबर 2022 में अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारतीय रुपये ने बेहतर प्रदर्शन किया है, शहरी बेरोजगारी दर घटी है, खुदरा मुद्रास्फीति पर लगाम लगी है, अप्रैल-नवंबर 2022 में प्रत्यक्ष कर संग्रह में वृद्धि हुई है तथा बेहतर व स्वस्थ होती बैलेंसशीटों से नए कर्ज का चक्र शुरू हुआ है। पिछले महीनों में बैंक कर्जों में दो अंक का उछाल आया है। लेकिन सर्वाधिक रोजगार का सृजन करने वाले विनिर्माण क्षेत्र की प्रगति इतनी अच्छी नहीं रही है। सर्वेक्षण में स्वीकार किया गया है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 'वित्त वर्ष 23 की पहली छमाही में विनिर्माण क्षेत्र में थोड़ा घटा है'। लेकिन आशा प्रकट की गई है कि 'विदेशी मुद्रा का प्रवाह पूर्व-महामारी स्तरों से काफी ऊपर बना हुआ है जिसका कारण सरकार द्वारा बिजनेस सुगमता के लिए उठाए गए ढांचागत सुधार हैं।' भारत की तेज होती आर्थिक प्रगति के बावजूद बदलती हुई विश्व परिस्थितियों के कारण समस्यायें बनी हुई हैं। इनके चलते जनवरी-नवंबर 2022 में 2021 के इसी कालखंड की तुलना में औद्योगिक निवेश में कमी आई है। इसका एक कारण अमेरिका व अन्य पश्चिमी देशों द्वारा पैसे को आकर्षित करने के लिए अपनाई नीतियां भी हैं। वैसे कुल मिला कर आर्थिक सर्वेक्षण ने यथार्थवादी तस्वीर सामने रख कर भविष्य के प्रति पूरी उम्मीद जताई है।

# तेजी से प्रगति करती अर्थव्यवस्था

## भारत सरकार ने सबकी उम्मीदों पर ध्यान देते हुए बजट में सभी क्षेत्रों के लिए समुचित आबंटन किए हैं। इनसे अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी।



**रवि कुमार गुप्ता**
**रोहन गुप्ता**
(लेखक, पेशे से अध्यापक हैं)




वित्तमंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने अन्य मंत्रियों के साथ मिल कर बजट तैयार किया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 के अनुसार, प्रत्येक वित्त वर्ष के लिए 'प्राप्तियों व खर्च की सूची सरकार को संसद के पटल पर रखनी चाहिए।' भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से प्रगति के रास्ते पर है। हाल में इसने ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया और अब यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। बजटीय आबंटनों से अर्थव्यवस्था की गति और तेज होगी। उम्मीद की जाती है कि भारत 2024-25 तक 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बन जाएगी। इसके लिए सभी क्षेत्रों में बजट आबंटन बढ़ना चाहिए। अनेक अर्थशास्त्रियों व विशेषज्ञों ने पहले ही अनुमान लगाया था कि बजट 2023-24 संतुलित होगा। आर्थिक वृद्धि के लिए हर आयाम पर बुद्धिमानी से जोर देना जरूरी है। इनमें ढांचागत संरचना, शिक्षा, कर, प्रावीडेंट फंड, कर स्लैबों, सब्सिडी, उत्पादन से जुड़ी योजनाओं को प्रोत्साहन, विनिर्माण व सेवा क्षेत्र को बढ़ावा, सेमीकंडक्टर-आधारित औद्योगिक अवस्थापनायें, स्वास्थ्य, बैंकिंग, आवास, रक्षा तथा ग्रामीण आवश्यकतायें व मांगें शामिल हैं। कोविड-19 वैश्विक महामारी तथा रूस-यूक्रेन युद्ध ने वर्ष 2020-2022 में पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और जीडीपी पर गहरा प्रभाव डाला है। भारत पर भी इसका काफी प्रभाव पड़ा है। विनिर्माण व सेवा क्षेत्र में सुस्ती के कारण रोजगारों पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। हालांकि, सभी क्षेत्रों समुचित बजटीय आबंटनों से इन प्रभावों से निपटने में काफी सहायता मिलेगी।

शिक्षा समग्र विकास का महत्वपूर्ण औजार है। शिक्षा के अवसर सारी जनता को मिलने चाहिए। शिक्षा का कौशल व सीखने के प्रति उन्मुखीकरण बढ़ाने के लिए अच्छी किताबों, प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं व ढांचागत संरचना की जरूरत है। पिछले साल शिक्षा बजट में 11 प्रतिशत बढ़ोत्तरी कर इसे कुल जीडीपी का 3.1 प्रतिशत कर दिया गया था। अनेक शिक्षाशास्त्री इसे नाकाफी बताते हैं और वे इसे जीडीपी के 6 प्रतिशत तक ले जाने की आवश्यकता बताते रहे हैं। टैक्स भारत में समेकित निधि को मजबूत करने वाली प्राप्तियों में सर्व प्रमुख हैं। कर प्रत्यक्ष कर हो सकते हैं जिनको व्यक्तियों से आयकर, कार्पोरेट कर, संपत्ति कर, आदि के माध्यम से एकत्र किया जाता है। इसके साथ ही जीएसटी, स्टेट एक्साइज़ ड्यूटी, आदि के माध्यम से करों का परोक्ष संग्रह होता है। वित्त वर्ष 2022 में कर राजस्व व जीडीपी का अनुपात लगभग 17.11 प्रतिशत था। इस वित्त वर्ष में इसके बढ़ने का अनुमान पहले से लगाया जा रहा था। अक्टूबर, 2022 में जीएसटी संग्रह रिकार्ड 1.52 लाख करोड़ दर्ज हुआ जो एक सकारात्मक संकेत है। लेकिन अनेक लोग अब भी कर नियमों में कमियों का अनुचित लाभ उठाते हुए कर देने से बचते हैं। अच्छी कर व्यवस्था के पांच प्रमुख आयाम हैं- न्यायोचित होना, सरलता, पारदर्शिता, सटीकता तथा प्रशासनिक सुगमता। पूंजी बाजार में निवेश भी ढांचागत संरचना में निवेश की तरह महत्वपूर्ण है इससे विनिर्माण, रोजगार, पर्यटन व बाजार में तेजी आने की संभावना तेज होती है। पूंजी बाजार का आधार मुख्यतः प्रावीडेंट फंड, म्यूचुअल फंड, एलआईसी प्रीमियम, एनएससी, बांड व अन्य सरकार द्वारा अधिकृत निवेश हैं जिनसे एक निश्चित समय में लाभ सुनिश्चित होता है। आयकर की धारा 80सी के अंतर्गत हमें कर कटौती में रियायत मिलती है। वर्तमान समय में यह सीमा 1.5 लाख थी जिसे कम से कम 50,000 रुपये बढ़ाने की विशेषज्ञों ने संस्तुति की थी। 2014 के बाद से इसमें संशोधन नहीं किया गया था। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि मुद्रास्फीति को देखते हुए इसमें परिवर्तन अच्छा रहेगा।

पिछले वर्षों में जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान घटा है। वित्त वर्ष 2012 में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान जीवीए में 17.4 प्रतिशत था जो वित्त वर्ष 2021 में घट कर 14.5 प्रतिशत रह गया। सरकार ने इस क्षेत्र में पूंजीगत खर्च बढ़ाया है। इससे रोजगार सृजन तथा निर्यात बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इससे अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने में आसानी होगी। विभिन्न एलेक्ट्रानिक उपकरणों, जैसे वाहनों, मोबाइल फोनों व अन्य उपकरणों में चिप्स के प्रयोग से सेमीकंडक्टर चिपों की मांग में कई गुना वृद्धि हुई है। चिपों की पूर्ति मुख्यतः जापान, ताइवान व चीन से आयात द्वारा होती है। सरकार ने इनकी स्वदेशी आपूर्ति बढ़ाने की दिशा में कई कदम बढ़ाए हैं। निजी क्षेत्र के सहयोग से चिपों के उत्पादन में सहायता मिल सकती है। विनिवेश का अर्थ निवेशित परिसंपत्तियों की बिक्री है। सरकार इस प्रक्रिया के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-पीएसयू व पीएसयू के शेयरों को बेचती है। पिछले तीन साल में सरकार ने अनेक विनिवेशों की घोषणा की थी, लेकिन वह यह लक्ष्य पूरा करने में सफल नहीं हुई। बीपीसीएल, ओआईएल, आदि पीएसयू मुनाफे वाली कंपनियां हैं। अर्थशास्त्रियों के विचार से इनका विनिवेश नहीं किया जाना चाहिए। यदि ऐसा किया जाता है तो भी इसे ज्यादा ऊंचे स्तर पर नहीं ले जाना चाहिए। उच्च विनिवेश से राजस्व प्राप्त होता है, जबकि कम विनिवेश से सरकार को भावी निवेश से मुक्ति मिलती है। अतः विनिवेश में सावधानी बरती जानी चाहिए।

हमारा देश दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। लेकिन सरकार द्वारा सब्सिडी पर भारी धनराशि खर्च करना आश्चर्यजनक है। खाद्य व उर्वरक सब्सिडी का जीडीपी में आठवां या 12 प्रतिशत हिस्सा है। उर्वरक सब्सिडी पर 2.3 लाख करोड़ रुपया खर्च होता है जिसे घटा कर 1.4 लाख किया जा सकता है। इसी प्रकार खाद्य सब्सिडी को भी 2.7 लाख करोड़ से घटा कर 2.3 लाख करोड़ किया जा सकता है। यदि सरकार राजकोषीय घाटा कम करना चाहती है तो उसे सब्सिडी अवश्य घटानी चाहिए। उसे निश्चित रूप से राजकोषीय घाटे के मामले में संतुलन बरतना चाहिए तथा इसे वर्तमान वित्त वर्ष में जीडीपी के 6.4 प्रतिशत पर लाने का प्रयास करना चाहिए। वर्तमान समय में भारत में 83,000 से अधिक स्टार्टअप व 100 से अधिक यूनीकार्न हैं। दुनिया भर में कोरोनावायरस वैश्विक महामारी तथा मंदी के प्रभाव के कारण स्टार्टअप को पैसा मिलना कठिन हुआ है। इसलिए भारत सरकार शुरू से ही स्टार्टअप को समर्थन देने की नीति पर चल रही है। अनेक अर्थशास्त्रियों का अनुमान था कि सरकार स्टार्टअप के बिजनेस क्षेत्र में विस्तार कर इनका बिजनेस और सुगम बनाएगी। उल्लेखनीय है कि स्टार्टअप कुशल उद्यमियों व नौजवानों को रोजगार प्रदान करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उम्मीद है कि जल्द ही स्टार्टअप का मूल्य 500 बिलियन डालर का आंकड़ा पार कर जाएगा। सरकार को स्टार्टअप का काम आसान बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं तथा विनियमों की घोषणा करनी चाहिए।

'आत्मनिर्भर भारत' का लक्ष्य रक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत कर प्राप्त किया जा सकता है। स्टाकहोम रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार हिंद-प्रशांत देशों में हथियारों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता के मामले में भारत का चौथा स्थान है, पर भारत हथियारों व रक्षा उपकरणों के आयात के मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। लेकिन इसके बावजूद भारत ने 14,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात किया है और 2025 तक इसके 25,000 करोड़ तक पहुंचने की आशा है। राजकोषीय नीति व बजट का उद्देश्य आय व बचत बढ़ाना, निवेश दर में वृद्धि करना, उत्पादक क्षेत्रों में खर्च बढ़ाना, मूल्य स्थिरीकरण तथा असमानता घटाना है। यदि असमानता में कमी नहीं आती है तो इससे जनता में टकराव बढ़ सकते हैं जिसका असर अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक हो सकता है और इससे अस्थिरता पैदा हो सकती है। जीएसटी लागू करने से कर संग्रह में सुगमता व तेजी आई है। किसी भी देश का बजट संतुलित होना चाहिए। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अर्थव्यवस्था के सभी आयामों पर गौर करे तथा बजट सारी जनता की उम्मीदें पूरी करने का प्रयास करे। संभवतः वर्तमान बजट इन कसौटियों पर खरा उतरता है।

# अव्यवस्थाओं का शिकार विमानन उद्योग



**वीवी सुंदर**
(लेखक संप्रेषण विशेषज्ञ हैं)

भारतीय विमानन उद्योग अब एक तमाशा है। हाल ही में एअर इंडिया पर एक अनियंत्रित यात्री की शर्मनाक कथित घटना, यात्रियों से भरी एक बस को छोड़ कर उड़ान भरने वाली एक एयरलाइन, दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (डायल) पर व्यवस्थित अराजकता, और अन्य हवाईअड्डों पर बार-बार होने वाली और असूचित घटनाएं एक चिंता पैदा करती हैं। सवाल। उद्योग किस दिशा में जा रहा है? यात्री टर्मिनल शुल्क का भुगतान करने के बदले इन हवाई अड्डों से एक यात्री को वास्तव में क्या मिलता है? एयरलाइंस अपने दायित्वों को कैसे संभालती हैं? यात्रा को सुरक्षित और कम तनावपूर्ण बनाने के लिए क्या किया जा रहा है? भारत में हवाई अड्डे और एयरलाइंस स्पष्ट रूप से उस स्तर की सेवा प्रदान नहीं करते हैं जिसकी उनसे अपेक्षा की जाती है। यात्रा का तनाव शुरू होता है और जारी रहता है क्योंकि हवाईअड्डे जमीनी परिस्थितियों को कैसे संभालते हैं। दुनिया के व्यस्ततम या सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे होने के उदात्त उपाधियों और ख्याति की आवश्यकता किसे है? यात्री अधिक कुशल हवाई अड्डे को पसंद करेंगे! व्यस्ततम हवाई अड्डे से केवल ऑपरेटर को लाभ होता है, ग्राहक को नहीं।

हमारे वैभवशाली हवाईअड्डों पर विचार करें, जो उल्टे भले ही एक क्रांति का सूत्रपात करते प्रतीत होते हैं। कई आधुनिक हवाई अड्डों की भव्य प्रकृति के बावजूद, अक्षमता व्यापक प्रतीत होती है। लोगों को यात्रा करने के तरीके को बदलने के लिए विमानन बनाया गया था, जिससे उन्हें अन्य तरीकों से कम समय में लंबी दूरी की यात्रा करने की अनुमति मिल सके। हवाई अड्डे इस सिद्धांत में सेंध लगाते दिखाई देते हैं। वे अधिकांश यात्रियों का बहुमूल्य समय और ऊर्जा बर्बाद करते हैं। घरेलू यात्रा के लिए भी एयरलाइंस और एयरपोर्ट ने 2-3 घंटे का रिपोर्टिंग टाइम तय किया है। यह एक अस्वीकार्य कदम है। क्या यह अजीब नहीं है कि इतने समय में कोई विदेशी तट पर उतर सकता है? ग्राहक को केंद्र में रखे बिना एयरलाइंस और हवाई अड्डे के संचालकों द्वारा स्थापित किए गए पैमाने केवल स्वयं-सेवा कर रहे हैं। विडंबना और समान रूप से आकर्षक यह है कि कैसे तकनीक उस बिंदु तक उन्नत हो गई है जहां यह पता लगा सकती है कि क्या किसी के दिल के वाल्व की मरम्मत की जरूरत है, जबकि हवाई अड्डे की एक्स-रे मशीनें अभी भी बैग के माध्यम से नहीं देख सकती हैं और हमें इसके बजाय पुरानी प्रक्रिया से गुजरने के लिए मजबूर करती हैं। केबिन सामान के साथ-साथ हमारे जैकेट, बेल्ट, जूते और मोजे से सामान निकालना। इस तरह की नासमझ जांच किसी भी सभ्य प्रक्रिया का अपमान है। यह सार्वजनिक अपमान का एक रूप है जिसे हम सभी आवश्यक रूप से स्वीकार करने लगे हैं। क्या हम यह कह रहे हैं कि तैनात आदमी और मशीन एक-दूसरे के प्रति इतने शंकालु हैं कि वे इस बात की दोबारा जांच करना चाहते हैं कि यात्री किसी मिशन पर अपराधी तो नहीं है? यह पुरुषों और मशीनों दोनों की क्षमताओं पर सवाल उठाता है। एक्स-रे मशीनों के संचालक उन वस्तुओं या इलेक्ट्रॉनिक्स से अपरिचित हैं जिन्हें ठीक से संभाला जाना चाहिए। हम में से कई लोगों ने हाल के वर्षों में हवाईअड्डे के सामान्य वातावरण को बिगड़ते देखा है। टेढ़ी-मेढ़ी रेखाएं और तंग क्वार्टर आपको सिरदर्द देते हैं, लेकिन हवा के संचलन की कमी स्थिति को बढ़ा देती है। दिल्ली में कड़ाके की ठंड में, लाइनों को नेविगेट करते समय कोई भी आसानी से अपनी जैकेट में पसीना बहा सकता है। यात्रियों के लिए इससे क्या फायदे हैं?



व्यावहारिक समाधान, जैसे चेक-इन और सुरक्षा क्षेत्रों के अंदर यात्रियों या भीड़ के आकार को साफ करने में लगने वाले अनुमानित समय को प्रदर्शित करना फायदेमंद हो सकता है। यात्रियों के तनाव के स्तर को कम किया जा सकता है यदि वे वास्तविक समय में एयरलाइन या गंतव्य प्रस्थान के क्रम में साफ हो जाते हैं। बोर्डिंग के अंत तक यात्री पूरी तरह से अपने दम पर है। इसके बजाय, यह एयरलाइन और हवाईअड्डा संचालकों की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वे हवाईअड्डे के अंदर आने के बाद ग्राहक को अपना लें और टिकट की कीमत और उसके द्वारा भुगतान किए गए करों के बदले में अपनी यात्रा को सुरक्षित, सुरक्षित और परेशानी मुक्त बनाएं। किसी भी सेवा प्रदाता से न्यूनतम यही अपेक्षा की जाती है।

एक यात्री को कष्ट क्यों दिया जाना चाहिए क्योंकि वह एक विशिष्ट एयरलाइन उड़ा रहा है और अन्य एयरलाइनों के साथ सार्डिन की तरह बंच है जिसकी उस समय अधिकतम क्षमता है? अनिवार्य रूप से, प्रत्येक एयरलाइन यात्री को एक ही खरगोश छेद से क्यों गुजरना चाहिए? ये पैसे बचाने के एकमात्र उद्देश्य के साथ एक अलग युग के लिए डिज़ाइन की गई प्रणालियां हैं। यह उन प्रक्रियाओं की समीक्षा करने का समय है जो घर्षण और तनाव पैदा करते हैं और उन्हें समाप्त करते हैं। हम खामोश हवाई अड्डे नहीं चाहते; हम उत्साहित हवाईअड्डे चाहते हैं। हवाईअड्डे जो ग्राहकों की जरूरतों के प्रति सचेत हैं और जो व्यावहारिक हैं। हम ऐसे हवाईअड्डे चाहते हैं जो यात्री के टर्मिनल में प्रवेश करने से लेकर प्रस्थान करने तक गति, दक्षता और देखभाल प्रदान करें।

काश, एयरपोर्ट संचालक और एयरलाइंस इन मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रहे होते। लापरवाही और हवाई रोष हवाईअड्डे, एयरलाइंस और हितधारकों के टूटे, लापरवाह और हाथों से दूर रहने वाले रवैये का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष परिणाम है।

## फरमाया



**कांग्रेस** कहीं नहीं है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा केवल अपने उद्देश्य के बारे में भ्रम पैदा करती है।

**- राकेश सिन्हा**
भाजपा नेता



**मैंने** यह यात्रा अपने या कांग्रेस के लिए नहीं की है। यह देश की जनता के लिए है।

**- राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**मैं** आपको विशाखापट्टनम में आमंत्रित करता हूं जो आने वाले दिनों में हमारी राजधानी होगी।

**- वाई.एस. जगन रेड्डी**
आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## खेलो इंडिया

**प्रदेश** में खेलो इंडिया का शुभारंभ हो गया है । भारत सरकार की पहल पर सन 2017 में खेलो इंडिया खेल का श्री गणेश हुआ था। अब इन खेलों में जमीन से जुड़े हुए खेलों की संख्या 30 से अधिक हो गई है। जिसमें स्कूली व यूनिवर्सिटी के बच्चे खेलों में भाग लेकर आगे कदम बढ़ा रहे हैं। खेलो इंडिया एक ऐसा प्लेटफार्म है जिसके माध्यम से भिन्न-भिन्न प्रकार के खेलों से ऐसी कई प्रतिभाएं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना प्रदर्शन करेंगी जो निश्चित ही एशियाड ओलंपिक व अन्य स्पर्धाओं में देश का नाम रोशन करेगी व इनसे एशियाड और ओलंपिक जैसे खेलों में पदकों की संख्या बढ़ेगी । 2017 से पहले जो खेल हाशिए पर जा रहे थेए अब खेलो इंडिया स्पर्धा के बाद वे पुनर्जीवित हो चुके हैं। यह भारत सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है कि आज खेलो इंडिया खेलों की धूम प्रदेश ही नहीं पूरे देश में है। यह एक ऐसा मील का पत्थर है जो भविष्य में देश के नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों की नई-नई पौध को प्रोत्साहित करेगा । खेलों को प्रोत्साहन देने से युवाओं व किशोरों में नशाखोरी व नेट के अत्यधिक उपयोग जैसी बुराइयों से मुक्ति पाने में सहायता मिलेगी तथा समाज व देश की समस्यायें हल करने की टीम भावना जाग्रत होगी।

**-हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

## फिलिस्तीन समस्या

**अमेरिकी** विदेश मंत्री ऐंटनी ब्लिंकन जब तेलअवीव पहुंचे तो लगा शायद वे फिलिस्तीन व इस्राइल के बीच तनाव घटाने आए होंगे। वे येरुसलेम,पश्चिमी तट और रामल्ला गए। बेंजामिन नेतन्याहू से शांति बरतने की अपील की। महमूद अब्बास से इस्राइली बस्ती बसाये जाने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने वही पुराना राग दोहराया कि समस्या का समाधान दो राज्यों की नीति में है। संयुक्त राष्ट्र ने भी इसे समस्या का एकमात्र समाधान बताया था। मगर इसराइल ने इसे सिरे से खारिज कर दिया था। क्योंकि इसका अर्थ हथियाई भूमि खाली करना होगा। लेकिन यह संभव नहीं लगता है। 13 सितंबर 1993 को इजरायल के प्रधान मंत्री यित्जाक राबिन और पीएलओ के वार्ताकार महमूद अब्बास ने व्हाइट हाउस में आमतौर पर ओस्लो समझौते के रूप में संदर्भित अंतरिम स्वशासन व्यवस्था पर सिद्धांतों की घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे। नेतन्याहू ने 1996 में सत्ता संभालते ही इस समझौते को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया। इस्राइल में पुनः प्रधानमंत्री बनने के बाद नेतन्याहू शायद और कट्टर हो गए हैं। ऐसे में फिलिस्तीनी समस्या का समाधान अब और जटिल हो गया है।

**-जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## लाभदायक कड़कनाथ

**अभी** हाल ही में क्रिकेट खिलाड़ी महेन्द्र सिंह धोनी कड़कनाथ प्रजाति की और आकर्षित हुए। मुर्गे की कड़कनाथ प्रजाति को जीआई टेग मिल चूका है। इस प्रजाति के रोजगार को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। कड़कनाथ में भरपूर प्रोटीन के साथ ही फैट व कोलेस्ट्रॉल कम होता है। एक जानकारी के मुताबिक यह मुर्गा अन्य प्रजातियों के मुर्गो से बेहतर और महंगा होता है तथा इसकी तासीर गर्म होती है। इसलिए इसका सेवन ठंड में लाभकारी होता है। इसमें कोलेस्ट्रोल की मात्रा बहुत कम होती है तथा यह विटामिनों से भरपूर रक्त, हड्डियों व गहरे काले रंग का होता है। वैसे इसकी संकर प्रजातियों के रंग अलग हो सकते हैं। मध्यप्रदेश के झाबुआ और आलीराजपुर आदि जिलों के अलावा छत्तीसगढ़ की जलवायु इसके लिए हितकारी है। कड़कनाथ मुर्गा पालन केंद्र अन्य जिलों के क्षेत्रो में स्थापित कर एवं ऐप के जरिए कड़कनाथ क्षेत्र को रोजगार हेतु बढ़ाने हेतु प्रयत्न करना होगा। कड़कनाथ के प्रोत्साहन से इस क्षेत्र के आदिवासियों को बेहतर रोजगार मिलेगा व उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

**-संजय वर्मा,** धार

# कलेक्टर कुलदीप शर्मा का ताबड़तोड़ दौरा

## दल्लीराजहरा और चिखलाकसा के सिटी मजिस्ट्रेट, स्वामी आत्मानंद स्कूल, वाचनालय का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को डौंडी ब्लॉक के दल्लीराजहरा और चिखलाकसा में विभिन्न कार्यालयों का ताबड़तोड़ दौरा कर औचक निरीक्षण किया। दल्लीराजहरा में सिटी मजिस्ट्रेड कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने राजस्व पंजी, स्टाम्प पेपर, न्यायालय कक्ष का अवलोकन कर बंटवारा नामांतरण आदि प्रकरणों के निकारण की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मौके पर उपस्थित एसडीएम योगेन्द्र श्रीवास को राजस्व प्रकरण का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिटी मजिस्ट्रेड कार्यालय में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करने तथा आगन्तुकों एवं पक्षकारों के लिए बैठक एवं शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित वकीलों से भी कलेक्टर ने चर्चा की और मॉगों एवं सुझावों को सुना। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश ठाकुर मौजूद थे।





### वाचनालय का निर्माण करने के निर्देश

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अम्बेडकर भवन परिसर दल्लीराजहरा में वाचनालय निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। कुलदीप शर्मा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में सुन्दर, सुव्यवस्थित वाचनालय का निर्माण कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट मुलाकात कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने दल्लीराजहरा प्रवास के दौरान बौद्ध समाज के प्रतिनिधियों की मांग पर अम्बेडकर भवन परिसर दल्लीराजहरा में वाचनालय निर्माण करने की घोषणा की गई थी। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने अधिकतम चार माह की अवधि में वाचनालय भवन का निर्माण कार्य पूरा होने की जानकारी दी।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का किया अवलोकन

कुलदीप शर्मा ने चिखलाकसा एवं दल्लीराजहरा में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण कर वहां चल रहे निर्माण कार्य तथा अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कुलदीप शर्मा ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय चिखलाकसा में निर्माणाधीन पुस्तकालय कक्ष का नवीनीकरण कार्य का अवलोकन कर निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय के प्रयोगशाला कक्ष का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कुलदीप शर्मा ने प्रयोगशाला कक्ष का जीर्णोद्धार कर रसायन एवं बायो लैब को भी प्रयोगशाला कक्ष में ही संचालित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय में महिला एवं पुरूष शिक्षकों के लिए अलग-अलग बनाए गए स्टाफ कक्ष को एक ही स्थान पर निर्धारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को प्रति सप्ताह इसकी प्रगति रिपोर्ट देने तथा मार्च अंत तक इसके निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को विद्यालय के प्रवेश द्वार में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल का बोर्ड लगाने को कहा।

### कलेक्टर ने जर्जर भवनों का भी किया निरीक्षण

कुलदीप शर्मा ने विद्यालय के पुस्तकालय कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को पुस्तकालय कक्ष की व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा दीवाल में पुस्तकालय से संबंधित चित्र भी बनवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पुस्तकालय में समुचित मात्रा में पुस्तकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कुलदीप शर्मा ने परिसर में स्थित जर्जर भवनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के जर्जर शाला भवन को तोड़कर 3 नए अतिरिक्त कक्ष का निर्माण करने के निर्देश दिए।

### कुलदीप ने रणनीति की ली जानकारी

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने स्वामी आत्मानंद हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल दल्लीराजहरा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को विद्यालय का जीर्णोद्धार कर सर्वसुविधायुक्त नये विद्यालय का निर्माण करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने 12वीं कक्षा में पहुचकर शिक्षा गुणवता का पड़ताल भी किया। कलेक्टर ने बच्चों से बातचीत कर अध्ययन-अध्यापन के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कुलदीप शर्मा ने विद्यार्थीयों से बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु बनाये गए रणनीति की जानकारी ली। विद्यार्थीयों ने बताया की विद्यालय में अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु प्रतीभा प्रवीण आदि कक्षाएं लगाई गई थी, जो उनके लिए अत्यंत लाभप्रद साबित हो रहा है। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को समझाईश देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन विद्यार्थी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण समय होता है। उन्होंने विद्यार्थीयों को पूरे मनोयोग से अध्ययन-अध्यापन कर जीवन में बड़ी उपलब्धि हासिल करने को कहा जिससे की इनके माता-पिता, परिवार, विद्यालय का नाम रोशन करने को कहा।

## 98 प्रतिशत पंजीकृत किसानों ने धान खरीदी केंद्रों में अपना धान विक्रय किया



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार के द्वारा किसानों के फसल का उचित मूल्यांकन करते हुए जिले में एक नवंबर माह से किसानों की धान खरीदी का 31 जनवरी तक हुआ इस दौरान जिले में धान बेचने के लिए पंजीकृत किसानों में से 98प्रतिशत किसानों ने अपना धान का विक्रय किया इस साल यहां अच्छी बात यह रही कि इस बार किसानों को धान बेचने के लिए टोकन के लिए लंबी कतारें लगाने पड़े और ना ही बारदाना के लिए किसानों को भटकना पड़ा और उससे भी अच्छा यह उल्लेखनीय है कि इस साल मौसम ने भी परेशान नहीं किया अन्यथा कई दिन बैमौसम बारिश होने से भी किसानों को धान बेचने में परेशानी होती थी इसी का परिणाम रहा कि इस साल धान खरीदी केंद्रों में किसानों को किसी तरह से कोई परेशानी नहीं हुई 102 सेवा सहकारी समिति के 126 धान खरीदी केंद्रों में ध किसानों ने अपना धान विक्रय किया इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले में किसानों से कुल 664056.80 क्विंटल धान खरीदी केंद्र में धान खरीदा गया जिसमें डीओ जारी 596714.02 क्विंटल के लिए हुए इसमें धान खरीदी में धान खरीदी केंद्रों से 551247.40 क्विंटल धान का परिवहन किया जा चुका है जबकि डीओ में परिवहन शेष 45466.62 क्विंटल धान है वही समिति में परिवहन हेतु शेष धान 112809.40 क्विंटल है जिले में कुल पंजीकृत किसान 150669 है जिसमें से लाभान्वित किसान की संख्या 147367 है धान उपार्जन की राशि 1355.41 करोड़ रुपए है और भुगतान की पुष्टि 146949 कृषक, राशि 1351.82 करोड़ है इसमें ऋण की वसूली 391.26 करोड़ की हुई है।

## बाइक के अनियंत्रित होने से गिरी महिला 108 की त्वरित सेवा से पहुंचाया गया अस्पताल



**बेमेतरा।** बाइक के अनियंत्रण होने से महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गई थी जिसे समय पर 108 ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया यह घटना जन /2/2023 को शाम 16.00 चिचोली पेट्रोल पंप के पास फॉल विक्टिम एक्सीडेंट का केस मिला जिसमें कीर्ति नाम की महिला जिसका उम्र 48 था जो की बाइक से रायपुर से बिलासपुर जा रही थी कि चिचोली पेट्रोल पंप के आसपास अपने बाइक सेअचानक गिर गई जिससे सिर और हाथ पैर में चोट आई। जिसकी सूचना 108 टीम को मिलते ही ईएमटी नरेंद्र कुमार तथा पायलट कमल साहू ने तत्काल घटनास्थल की ओर प्रस्थान किया, तथा महिला को प्राथमिक उपचार देते हुए, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टेमरी में भर्ती कराया।

## बेमेतरा में जादूगर हैरी का कार्यक्रम आज

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेमेतरा के द्वारा युवा जादूगर हास्य सम्राट हैरी और रंगीन मायाजाल 150 से भी ज्यादा हैरतअंगेज कारनामे जो कि पुरे भारत में 4000 से अधिक जादुई शो कर चुके हैं, साथ ही एशिया का सबसे छोटा जादूगर 10 वर्षीय जतिन द मैजिशियन उनका जादुई कार्यक्रम शुक्रवार 3 फरवरी को शाम 5:00 बजे से गंज मंडी प्रांगण बेमेतरा में आयोजित किया जाएगा। देश विदेश में धूम मचाने के बाद बेमेतरा में जादूगर हैरी का जादुई मंदिर, मौत का शिकंजा, रंगीन मायाजाल, दिल्ली का मीना बाजार, खाली हाथों से नोट की बारिश, यह सब आकर्षण उनके द्वारा दिखाया जाएगा कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचने की अपील प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा किया गया है।

### सात दिवसीय राजयोग शिविर शनिवार 4 फरवरी से

प्रजापिता ब्रह्माकमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय बेमेतरा के प्रमुख शशि दीदी के द्वारा बताया गया कि आज के भागम भाग जिंदगी में आम आदमी का जीवन तनावपूर्ण हो गया है और इसी तनावमुक्त और सुख शांति पूर्ण उनके लिए लगातार ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा समय-समय पर आयोजित राजयोग शिविर आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में तनाव मुक्त जीवन के लिए राजयोग शिविर का आयोजन 4 फरवरी से प्रातः 7:00 से 8:00 एवं 8:00 से 9:00 बजे तक संध्या 5:30 से 6:30 एवं 7:00 से 8:00 बजे तक प्रभु स्मृति भवन रेस्ट हाउस रोड में आयोजित किया जाएगा।

## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव पर रंगारंग कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इंद्रधनुष के रंगों की छटा बिखेरी मुख्य अतिथ सकुन चन्द्राकर जनपद सदस्य विधायक प्रतिनिधि व हेमलाल चन्द्राकर जांता सरपंच रहें। विशिष्ट सम्माननीय अतिथि के रूप में प्रशांत कुमार (डिप्टी रीजन ऑफिस) डीएवी (छ.ग.), थे साथ ही स्पेशल अतिथि में डॉ बी पी साहू (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी) डी ए वी प्रक्षेप डी (छ.ग) एवं डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल धरमुरा कवर्धा, डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल फुलवारी व डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जरेली मुंगेली के प्राचार्य डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता बेमेतरा के प्राचार्य पी एल जायसवाल शिखकगण, अभिभावकगण व विद्यार्थीगण उपस्थित रहें। अतिथियों के आगमन के साथ दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ इसके बाद सरस्वती वंदना, छत्तीसगढ़ राज्य गीत व डीएवी गान और स्वागत नृत्य प्रस्तुत किए गए। तदुपरांत प्राचार्य पी एल जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें शैक्षणिक एवं सह पाठ्यचर्या, क्रियाकलापों, गतिविधियों में विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों ने समूह नृत्य (हिंदी, छत्तीसगढ़ी, पंजाबी, मराठी, बंगाली, गुजराती, इत्यादि) हिंदी और अंग्रेजी नाट्य मंचन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आज का एकांकी नाटक का मुख्य शिक्षा था बेटी बचाव-बेटी पढ़ाव, नशा मुक्ति, दहेज प्रथा कांनूनी अपराध, भ्रूण हत्या बंद करो, बेटा व बेटी में (भेद) तुलना न करें।शौचालय का उपयोग, बाल विवाह पर रोक आदि विषयों पर नाटक के माध्यम से शिक्षा दिया गया। शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रमी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने अभिवादन में मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा प्रदर्शित नैतिक मूल्यों आदर्शों तथा समसामयिक विषयों की सराहना की। उन्होंने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और सह पाठ्यक्रम उपलब्धियों के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि प्रशान्त कुमार डिप्टी रिजनल ऑफिसर ने बच्चों के बीच नैतिक मूल्यों को विकसित करने में माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका को अहम बताया, सी बी एस ई अग्रेजी शिक्षा के साथ साथ वैदिक शिक्षा संस्कार व डी ए वी संस्थान द्वारा की जा रही सर्वांगीण विकास की जानकारी साझा किया। व सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को राशि के भी साथ पुरूस्कृत भी किया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का नाम उड़ान दिया था जिसका मुख्य उद्देश्य डीएवी के पूर्व छात्रा रही अंतरिक्ष वैज्ञानिक कल्पना चावला को याद करके उडान नाम दिया गया था।1 फरवरी 2003 को कल्पना का अंतिम उड़ान सम्माप्त हो गई थी। उड़ान थीम कार्यक्रम के नाम के साथ बेटी कल्पना ए उड़ान जारी रहेगी। व सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान की बेटी जैसे अनेकों कार्यक्रम के झलक देखने को मिला ।

## पथर्रीकला के किसानों ने मुआवजा राशि दिलाने एसडीएम साजा को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले विकासखण्ड साजा के ग्राम पथर्रीकला के किसानों ने आज बुधवार 01 फरवरी 2023 को चारभाठा जलाशय योजना के तहत नहर निर्माण हेतु जमीन अधिग्रहण के मुआवजा राशि दिलाये जाने के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि ग्राम के नहर में निर्माण हेतु लिए गए जमीन के एवज में आज पर्यन्त तक मुआवजा राशि अप्राप्त है। जिस पर शीघ्र ही कार्यवाही करें ताकि हम सभी किसानों को मुआवजा राशि शीघ्र प्राप्त हो सके। इस परिपेक्ष्य में अनुविभगीय अधिकारी साजा विश्वास राव मस्के ने बताया कि धारा 4 की कार्यवाही हो चूकी है, और धारा 11 की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। ज्ञापन सौंपने वाले किसानों में रोशन लाल चंदेल, करण वर्मा, आत्माराम, राजेश वर्मा, घसिया साहू, कार्तिक साहू, मुकेश वर्मा, डोमार साहू, संजय साहू

## मोहम्मद अकबर ग्राम खेल समिति की जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में हुए शामिल

### चार हजार लोगों ने हाथों में तख्ती रखकर निकाली जनजागरूकता रैली, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम पुलिस द्वारा दो दिवसीय ग्राम खेल समिति की जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का जिला मुख्यालय कवर्धा में आयोजित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला एवं समापन समारोह में प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर शामिल हुए। मंत्री अकबर के आगमन पर पुलिस बैंड की धुन में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं समस्त ग्राम खेल समिति के सदस्यों द्वारा मार्चपास्ट किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबला में सिंगपुर के खिलाड़ियों ने फोर्स एकेडमी को पराजित करते हुए शानदार विजय प्राप्त की। मंत्री अकबर ने विजेता और उप विजेता प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। मंत्री अकबर ने कहा कि कबीरधाम पुलिस द्वारा कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन एक सराहनीय पहल है। इस खेल प्रतियोगिता में कवर्धा जिले के अलावा, खैरागढ़ सहित मध्यप्रदेश के डिंडोरी, मंडला जिलों के ग्राम समिति के कबड्डी प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। कवर्धा में फाइनल मैच का आयोजन किया गया जिसमे दोनों टीम ने बहुत मेहनत की। दिनों टीम मजबूत रही और दोनों का बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा। उन्होंने कहा कि जितने वाली टीम को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि हारने वाली टीम को निराश होने की जरूरत नहीं होना चाहिए। इससे हमे सिख लेते हुए अपनी कमजोरियों को पहचानना चाहिए और उसे दूर करना चाहिए। इससे हमे एक दिन जरूर सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों में खिलाड़ी भावन जागृत रहना चाहिए और आने वाले समय में निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ने बताया कि कबीरधाम पुलिस द्वारा आयोजित दो दिवसीय ग्राम खेल समिति की जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रत्येक थाना से दो-दो टीमों ने भाग लिया। इससे पूर्व थाना परिसर में थाना क्षेत्रांतर्गत शामिल ग्रामों की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता एवं उप विजेता टीम को जिला स्तर पर चयनित कर नाम भेजा गया। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी को क्वार्टर फाईनल तक मैच कराया गया। प्रथम सेमीफाईनल में ग्राम सरईसेत और ग्राम सिंगपुर के मध्य खेला गया, जिसमें ग्राम सिंगपुर विजयी रहा। दूसरा सेमीफाईनल मैच भण्डारपुर और फोर्स एकेडमी के मध्य खेला गया, जिसमें फोर्स एकेडमी विजयी रहा। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 35 टीमों ने हिस्सा लिया। सभी 35 टीमों को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड, मोमेटों और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवा साहू, मुखीराम मरकाम, कलीम खान, अगम दास अनंत, बिलाल खान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, सभी थाना प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-जवान, खिलाडी उपस्थित थे।

**जागरूकता रैली, वर्ल्ड रिकार्ड दर्ज**

कबीरधाम पुलिस द्वारा कवर्धा शहर में महिला, बच्चों संबंधी अपराध, नशा-मुक्ति, सायबर संबंधी अपराध, यातायात नियमों का पालन करने संबंधी विषय पर चार हजार लागों ने लगभग 1200 तख्ती अपने हाथों में रखकर 4 किलोमीटर जन जागरूकता रैली निकाली गई। जन जागरूकता रैली में फोर्स एकेडमी, फोर्स एकेडमी चाइल्ड विंग, 500 ग्रामों से आए ग्राम खेल समिति के सदस्य एवं कब्ड्डी खिलाडी शामिल हुए। इस जन जागरूकता रैली को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की स्टेट कॉर्डिनेटर सोनल शर्मा ने रैली का निरीक्षण किया।

## देवेंद्र सिंह चौहान ने प्राप्त किया शतरंज में अंतरास्ट्रीय फिडे रेटिंग



**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले के ग्राम नवागांवकला छिरहा निवासी देवेंद्र सिंह चौहान जिसे अंतरास्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे)ने उनको नेशनल प्रदर्शन के आधार पर 1016 रेटिंग प्रदान की गई है,जो कि बेमेतरा जिले में पहले अंतरास्ट्रीय रेटिंग खिलाड़ी बने जिसको 1016 रेटिंग मिली यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया,बेमेतरा जिले में यह रेटिंग सर्वश्रेष्ठ फिडे रेटिंग है, देवेंद्र सिंह चौहान वर्तमान में बेमेतरा जिला तहसील के राजस्व विभाग ग्राम कोटवार नावगांवकला छिरहा में बहुत छोटे कर्मचारी है इनके शतरंज में अच्छे प्रदर्शन पर विवेकानंद स्कूल नवागढ़ के डारेक्टर वीरेंद्र जायसवाल, नेशनल आर्बिटर आलोक ठाकुर, अमन तिवारी, ग्राम नवागांवकला के मालगुजार ठाकुर विश्वजीत सिंह, राजकुमार सिंह बघेल छिरहा निवासी, कठोतिया निवासी, लोकनाथ चंद्राकर, वेंकेटस्वर दास मानिकपुरी तखतपुर निवासी रामकुमार ठाकुर, रामसिंह पटेल, विकास ठाकुर, ऋषिराज सिंह उज्वल भविष्य की बधाई हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### 1 लाख 39 हजार किसानों ने विक्रय किया 5 लाख 67 हजार मेट्रिक टन से अधिक धान

## जिले में सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाले समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। राज्य शासन के मंशानुरूप जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने हेतु जिला प्रशासन बालोद द्वारा सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित की गई। जिसके फलस्वरूप जिले में धान खरीदी करने वाले किसानों की संख्या तथा खरीदे गए धान की कुल मात्रा में भी आशातीत वृद्धि हुई है।



**1 लाख 17 हजार मेंट्रिक टन धान उठाव हेतु शेष**

जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने पायनियर को बताया कि बालोद जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में धान खरीदी 1 नवम्बर 2022 से 31 जनवरी 2023 तक की गई। खरीफ वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु कुल 1 लाख 42 हजार 863 किसानों ने पंजीयन कराया। जिसमें से 1 लाख 39 हजार 93 किसानों ने धान विक्रय किया है। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी 2023 तक कुल 5 लाख 67 हजार 873.64 मेंट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। उक्त खरीदी किये गये धान में से 4 लाख 49 हजार 877.52 मेंट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 17 हजार 996.12 मेंट्रिक टन धान उठाव हेतु शेष है।

**संग्रहण केन्द्रों में धान संग्रहित करने की आवश्यकता नहीं पड़ी**

तुलसी ठाकुर ने आगे बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय हेतु 1 लाख 38 हजार 723 किसानों पंजीयन कराया था। जिसमें से 1 लाख 30 हजार 675 किसानों के द्वारा धान विक्रय किया था । गत वर्ष 5 लाख 19 हजार 503.24 मेंट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। वर्ष 2021-22 की तुलना में वर्ष 2022-23 में अब तक कुल 8 हजार 418 अधिक किसानों के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया है। इसी प्रकार गत वर्ष की तुलना में 48 हजार 370.40 मेंट्रिक टन धान की अधिक खरीदी हुई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के राईस मिलरों को प्रोत्साहित करते हुए धान सीधे उपार्जन केन्द्रों से उठाव किया जा रहा है। इस वर्ष संग्रहण केन्द्रों में धान संग्रहित करने की आवश्यकता नहीं पड़ी है। जिस आधार पर धान का उठाव किया जा रहा है उसके आधार पर माह फरवरी 2023 तक उपार्जन केन्द्रों में शेष संपूर्ण धान का उठाव कर लिया जाएगा।

## ऊर्जा संरक्षण एवं दक्षता विषय पर चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ऊर्जा दक्षता ब्यूरो भारत सरकार के सहयोग से छ.ग. राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा जिला बेमेतरा में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 2022 के तहत जिला स्तरीय चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन माह दिसम्बर 2022 में कराया गया, जिसमें बेमेतरा जिले के समस्त निजी/शासकीय स्कूलों के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतियोगिता में भाग लिया गया। संबंधित स्कूलों द्वारा चित्रकला एवं स्लोगन के प्रथम 03 स्थान का चयन कर जिला स्तर पर प्रेषित किया गया, जिसे जिला स्तरीय समिति द्वारा परीक्षण कर जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का चयन चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता में किया गया। चयनित विजेताओं को आज गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेमेतरा में जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा एवं क्रेडा विभाग बेमेतरा के सहायक अभियंता डी.एस. सिदार द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय की क्रमशः राशि 5000, 3000 एवं 2000 रुपये, इसी प्रकार स्लोगन प्रतियोगिता के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को क्रमश राशि 3000, 2000 एवं 1000 रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेता छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा वर्तमान में ऊर्जा संरक्षण के महत्व को विस्तार से बताया गया, जैसे पारंपरिक ऊर्जा जो कोयला से प्राप्त होता है, इसके संरक्षण हेतु आवश्यक उपाय जैसे-कमरे से निकलते समय सभी विद्युत उपकरण को बंद कर देना चाहिए।

# शक्ति के दुकाल सागर तालाब के गहरीकरण कार्य का हुआ भूमिपूजन

## नगर पालिका एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त प्रयासों से दुकाल सागर की बदलेगी तस्वीर

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर के वार्ड क्रमांक- 10, वार्ड क्रमांक- 1 तथा ग्राम पंचायत नंदेलीभाटा को जोड़ने वाले भव्य दुकाल सागर तालाब के दशकों बाद गहरीकरण कार्य का भूमि पूजन विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के निर्देश पर नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल, ग्राम पंचायत नंदेली की सरपंच ममता कंवर की गरिमामय मौजूदगी में हुआ, इस दौरान नगरपालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष नरेश गेवाडीन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, महबूब भाई, समर विजय पिंटू ठाकुर, अधिवक्ता गिरधर जायसवाल, वार्ड क्रमांक- 11 के पार्षद घनश्याम जायसवाल, वार्ड क्रमांक- 10 के पार्षद पुत्र लव सोनी, वार्ड क्रमांक- 01 की पार्षद चांदनी सहिस, वार्ड






क्रमांक-2 के पार्षद रामजीवन देवांगन सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद थे, तथा इस दुकाल सागर तालाब में नगर पालिका शक्ति की ओर से भी लाखों रुपए की लागत से गहरीकरण कार्य में सहयोग किया जाएगा तो वही ग्राम पंचायत नंदेली द्वारा भी मनरेगा के तहत कार्य करवाए जाएगा एवं गहरीकरण कार्य का भूमि पूजन विधि व नारियल फोड़कर किया गया तथा इस दौरान अतिथियों ने बताया कि शक्ति शहर सहित ग्राम पंचायतों को जोड़ने वाला यह तालाब एक बड़ा निस्तारी तालाब है, जहां दशकों से क्षेत्र के लोग निस्तारी के रूप में इसका उपयोग करते हैं एवं यह तालाब अपनी भव्यता के लिए मशहूर है तथा गर्मी के समय इस तालाब में नहरों से पानी भरकर पूरे शहर में भी इसकी आपूर्ति की जाती है, तथा वर्षों से क्षेत्रवासी इस तालाब के जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण की मांग कर रहे थे जो कि आज इस कार्य के भूमि पूजन से पूरी होगी, वहीं दुकाल सागर तालाब के गहरीकरण के भूमि पूजन से क्षेत्र के नागरिकों में भी प्रसन्नता व्याप्त है, तथा लोगों का कहना है कि यह तालाब दशकों से देख रहे हैं तथा पहली बार आज इसके गहरीकरण का जिम्मा किसी ने उठाया है, विधानसभा अध्यक्ष डा चरण दास महंत के निर्देशानुसार सक्ती नगर पालिका एवम ग्राम पंचायत नंदेली के दुकाल सागर एवम सुकाल सागर तालाब का गहरीकरण एवम सौंद्रीकृण कार्य में नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा जायसवाल, सरपंच ममता उरांव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष दादू जायसवाल,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महबूब खान, अधिवक्ता गिरधर जायसवाल, पार्षद पुत्र लव सोनी,पार्षद रामसंजीवन देवांगन, पार्षद चांदनी सहिस, पार्षद घनश्याम जायसवाल, एल्ड्रमैन सूरज सोना,पूर्व पार्षद संतोष लाला सोनीपूर्व पार्षद शिवदत्त सिबू पांडेय,धरमलाल रात्रे एवम बड़ी संख्या में नगर एवम ग्राम वासी शामिल हुए।

# इंडोर स्टेडियम खिलाड़ियों की उपयोगिता से होने लगा बाहर

## आवश्यक रखरखाव के अभाव में खिलाड़ियों को नहीं मिल रहा लाभ

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर के जे एल एन डिग्री कॉलेज मैदान में नगर पालिका शक्ति द्वारा विगत वर्षों क्षेत्र के नागरिकों एवं खिलाड़ियों की मांग पर बनाया गया इनडोर स्टेडियम इन दिनों आवश्यक रखरखाव के आभाव में खिलाड़ियों की उपयोगिता से बाहर हो चला है,तथा इनडोर स्टेडियम में जहां आए दिन शरारती तत्व शाम ढलने के बाद शराब का सेवन करते भी नजर आते हैं, तो वही यहां अव्यवस्था के चलते खिलाड़ियों में भी काफी आक्रोश है, खिलाड़ियों का कहना है कि इनडोर स्टेडियम के अंदर आवश्यकता अनुरूप मेटिंग वगैरह ना होने के कारण खिलाड़ियों को काफी दिक्कतें हो रही है, तथा इसके लिए कई बार स्थानीय प्रशासन को भी अवगत कराया गया है, किंतु आज पर्यंत तक इस समस्या का हल नहीं निकलने से यह इनडोरस्टेडियम सिर्फशोपीस बनकर पड़ा हुआ है।

लाखों रुपए की लागत से नगरपालिका ने इस इनडोर स्टेडियम का निर्माण इसी उद्देश्य से करवाया







था कि खिलाड़ियों को इसका लाभ मिलेगा, तथा यहां से खिलाड़ी अपना बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर में क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे, किंतु वर्तमान स्थिति को देखकर ऐसा कहीं नजर नहीं आता तथा इनडोर स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार में पहुंचते ही भवन की जर्जर स्थिति नजर आने लग जाती है, तथा नगर पालिका प्रशासन को चाहिए कि अपनी इस महत्वपूर्ण संपत्ति को आवश्यक रखरखाव करें तथा उसका संधारण करें जिससे खिलाड़ियों को इसका लाभ मिल सके,ज्ञात हो कि शक्ति शहर में वर्षों से एक व्यवस्थित इनडोर स्टेडियम की मांग की जा रही थी, तथा विगत वर्षों में यह मांग पूरी भी हुई तथा खिलाड़ियों को उम्मीदें भी थी कि यह इनडोर स्टेडियम उनके लिए काफी उपयोगी होगा किंतु स्थिति को देखते हुए यह बात उल्टी ही नजर आ रही है।

# शासकीय कर्मचारियों ने वेतन विसंगति दूर करने कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक -79 के द्वारा वेतन विसंगति दूर करने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव के नाम वेतन विसंगति के संबंध में शक्ति कलेक्टर नूपुर रात्रि पन्ना को उनके कलेक्ट्रेट कार्यालय में पहुंचकर ज्ञापन सौपा गया, इस दौरान छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सभी कर्मचारी पहुंचे हुए थे इस दौरान प्रमुख रुप से लिपिक संघ जिला सकती के संरक्षक रमेश तिवारी, विजय बहादुर,अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज,यशवंत चौधरी, उपेन्द्र कुशवाहा, धरणीधर पटेल, राधिनी मेहरा, राजेन्द्र सोनी, सुमति बेतकर, मनोज यादव, राज सोनी, देवेन्द्र कुमार



पात्रे, कुलदीप महाराणा, शिशिर गुप्ता, के आर आदित्य, भागीरथी सिदार, सत्यनारायण शर्मा, गोपालराव पिम्पलापुरे सहित लिपिक उपस्थित रहे, तथा उपरोक्त ज्ञापन के बाद जानकारी देते हुए अविनाश सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक- 79 जिला शाखा सक्ति छत्तीसगढ़ ने बताया कि शक्ति कलेक्टर को प्रेषित ज्ञापन में संघ द्वारा कहा गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण से लिपिक संवर्गों के वेतनमानों में निरंतर क्षरण को दूर करने तथा लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के सामान्य हितों का संरक्षण एवं लिपिकों के हितों के लिए लिपिक संघों द्वारा निरंतर संघर्ष किया जा रहा है। वर्तमान में राज्य शासन द्वारा लगभग सभी वर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन विसंगति का मामला निराकृत किया जा रहा है, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लिपिक संवर्गों के वेतनमान के निराकरण करने हेतु उच्च स्तरीय समिति गठित की गई। समिति द्वारा अनुशंसित अनेक संवर्गों के वेतनमानों का उन्नयन कर निराकरण किया गया किन्तु जिस संवर्ग (लिपिक) के लिए समिति का गठन किया गया समिति द्वारा अनुशंसा के पश्चात भी लिपिकों के वेतनमानों में उन्नयन नहीं किया गया। उक्त समिति द्वारा जिन संवर्गों के वेतनमान के उन्नयन के लिए अनुशंसा नहीं भी की गई थी, उन संवर्गों के वेतनमानों का उन्नयन शासन द्वारा किया जा चुका है। जिसके कारण लिपिक संवर्ग में कुण्ठा एवं निराशा का वातावरण निर्मित हो रहा है।

# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सचिव, मिशन संचालक, कलेक्टर

## राज्य कार्यक्रम प्रबंधक ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-तिलई का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव प्रसन्ना आर., मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ भोसकर विलास संदीपन, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी तथा राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, (छत्तीसगढ़) आनंद साहू के द्वारा आज जिले के अकलतरा, विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-तिलई में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव एवं राज्य स्तरीय टीम ने ओ.पी.डी., आई.पी.डी., महिला वार्ड, प्रसव कक्ष, चिकित्सक कक्ष, शौचालय आदि का निरीक्षण किया



तथा अस्पताल व्यवस्था एवं साफ सफाई इत्यादि से खुशी जाहिर की। निरीक्षण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलई में कार्यरत चिकित्सको एवं नर्सिंग स्टाफको मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य से सम्बंधित प्रशिक्षण दिए जाने तथा कायाकल्प योजना हेतु तैयारी करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ राजेश कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्कर्ष तिवारी, जिला लेखा प्रबंधक, रोशनी वर्मा, अभिषेक कौशिक, जिला सलाहकार, पार्थ प्रताप सिंह, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, विकासखंड -अकलतरा एवं समस्त स्टाफ - प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र- तिलई के आदि उपस्थित थे।

# संगीत के क्षेत्र में युवाओं ने नया इतिहास रचा

पायनियर संवाददाता < -चाम्पा
www.dailypioneer.com

स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को भारत सरकार द्वारा युवा महोत्सव मनाने की घोषणा 12 जनवरी 1984 को की गई तथा उसके अगले वर्ष 1985 से विराट रूप में युवा महोत्सव आयोजित किया गया। महोत्सव में खेल कूद संगीत भाषण, तथा निबंध की प्रतियोगितायें होती हैं। संगीत में उत्तरी तथा दक्षिणी दोनों संगीत की प्रतियागिता होती है इसमें विकासखण्ड, जिला, संभाग, राज्य, तथा राष्ट्रीय स्तर पर अब तक रायपुर, दुर्ग, खैरागढ़ आदि का परचम रहा । किन्तु इस वर्ष जांजगीर चाम्पा तथा सक्ति जिले के नवयुवकों ने पुराने रिकॉर्ड को तोड़कर नया इतिहास बनाया। 15 - 40 वर्ष के स्तर पर शास्त्रीय गायन में कमलेश यादव (बी.आर.यादव के पोते) तथा 40 से अधिक उम्र के स्तर पर सक्ति के दिनेश कुमार साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त




कर नगर को तथा पूरे संभाग को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दोनों कलाकार क्षेत्र के जाने माने संगीतज्ञ बी. आर. यादव चाम्पा के शिष्य है नया इतिहास बनने पर संगीत गुरु के.आर.कश्यप, बी.पी. शुक्ला, ए. के. श्रीवास, तथा जीतराम देवांगन और क्षेत्र के संगीत प्रेमी भरतलाल, भगतराम साहू, अंजोर सिंह, रूपनारायण, लक्ष्मीकांत, देवकुमार, किशोर यादव, डिकेश्वर, दीपक कंवर, बलराम, अनपतराम, गोविन्द राम, श्याम यादव, गणेश यादव, तथा पुरे क्षेत्र में हर्ष है तथा विजयी कलाकारों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# जनपद उपाध्यक्ष ने किया शाला का औचक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत जैजैपुर के जनपद उपाध्यक्ष उमाशंकर चंद्रा ने जैजैपुर के वार्ड क्रमांक एक भाटागांव का औचक निरीक्षण किया जहां पर शिक्षक अनुपस्थित पाए गए, 25 विद्यार्थी विद्यालय में पाए गए इस तरह से देखा जाए तो 87 में से 25 विद्यार्थी उपस्थित पाए जाने पर यह बताना लाजमी होगा कि छात्रों की संख्या शासकीय विद्यालय में कम है ।अनुपस्थित शिक्षक जिनके जवाबदार हैं क्योंकि वह अपने कर्तव्य परायण समझ नहीं रहे हैं जिनकी बदौलत हमेशा लेट विद्यालय पढ़ाने के लिए जाते हैं। वहां पर अनेकों समस्याएं देखी गई, शाला का मरम्मत, बाउंड्री वाल, अतिरिक्त कक्षा की आवश्यकता, वही पर विद्यालय में शिक्षक द्वारा ड्यूटी कार्य में उपलब्धता सही नहीं बताई गई। इस तरह से देखा जाए तो दोनों शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही किया जाना ही उचित होगा ताकि वह सुधर सके। इस तरह से विकास खंड शिक्षा अधिकारी को भी भाटागांव का औचक निरीक्षण करना चाहिए ताकि सही खुलासा सामने आ सके इस तरह तरह से देखा जाए तो भारी भर्राशाही प्राथमिक शाला भाठागाव में चल रहा है। समय पर शिक्षक नहीं आते जिनकी वजह से वहां कि छात्रों की जनसंख्या कम होती हुई दिखाई दे रही है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष उमाशंकर चन्द्रा ने शिक्षकों को फटकार लगाया अब देखने वाली बात यह है विकास खंड शिक्षा अधिकारी 2 शिक्षकों के खिलाफ अब क्या कर वही करते हैं।

# मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा हमारी सरकार बिना भेदभाव सभी वर्ग के लोगों के लिए कार्य कर रही

■ जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2023 का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2023 के अवसर पर हाईस्कूल मैदान जांजगीर में पंडवानी गायिका ऋतु वर्मा द्वारा मनमोहक प्रस्तुति की शुरुआत की गई। इसी प्रकार कृषि उपज मंडी प्रांगण में मिलेट मिशन, फसलों में कीट प्रबंधन, फसलों में रोग प्रबंधन के कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है,उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिले के प्रभारी मंत्री तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास पंजीयन एवं स्टांप मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में अपराह्न 3 बजे हाईस्कूल मैदान जांजगीर में शुभारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही शाम 5:30 बजे




से स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति तथा रात्रि 8:30 बजे से दीपक चंद्राकर, लोकरंग अर्जुंदा द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य एवं गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। जांजगीर के शासकीय हाईस्कूल मैदान में आयोजित जाज्वल्य देव् महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला स्थल में एक तरफ जहां लोग विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से आकर्षक मनोरंजन का आनन्द उठा रहे हैं, वहीं मिलेट थीम पर आयोजित कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल से शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी ले पा रहे हैं। उन्हें शिक्षा,स्वास्थ्य,कुपोषण दूर करने, पेयजल आपूर्ति व शुद्धता सहित विभिन्न उत्पादों की जानकारी मिलने के साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद लेने और अन्य मनपसंद उत्पाद को क्रय करने का अवसर भी मिल रहा है,जाज्वल्यदेव् लोक महोत्सव का शुभारंभ आज से हो गया है। तीन दिवसीय महोत्सव में सांस्कृतिक छटा की शुरुआत हो चुकी है। पहले दिन प्रसिद्ध पंडवानी गायिका ऋतु वर्मा ने शानदार प्रस्तुति से समा बाँधा। अपने भाव भंगिमाओं से प्राचीन गाथाओं के कालखंड को प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। स्थानीय कलाकारों ने भी आर्केस्ट्रा से लोगों का मनोरंजन किया। महोत्सव स्थल पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, सी-मार्ट, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, आयुष विभाग, आदिवासी विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामोद्योग व हथकरघा विभाग, विधिक साक्षरता सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

# अवैध शराब के खिलाफ जिला पुलिस बल एवं आबकारी विभाग की संयुक्त कार्यवाही

## संयुक्त कार्यवाही से शराब माफ़ियाओं में भय का माहौल

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com

अवैध शराब बिक्री करने वालों पर जिला पुलिस बल एवं आबकारी विभाग की संयुक्त कार्यवाही कर शराब माफियाओं में हड़कंप मचा दिया है। कलेक्टर जिला जांजगीर-चाम्पा ऋचा प्रकाश चौधरी, विजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक एवं सहायक आयुक्त आबकारी दिनकर वासनिक द्वारा गठित विशेष संयुक्त दल द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्यवाहीयां निरंतर जारी रहेगी। संयुक्त टीम द्वारा 07 प्रकरण में कार्यवाही कर 219 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। 3800 किलोग्राम लहान बरामद कर मौके पर उपयुक्त तरिके से नष्टीकरण किया गया। अवैध शराब करने वालों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 1 फरवरी को निकोलस खलखो उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें जिला पुलिस बल एवं आबकारी विभाग की टीम द्वारा



संयुक्त कार्यवाही करते हुए छापामार कार्यवाही की गई जिसके तहत थाना जांजगीर क्षेत्र के ग्राम बनारी के सबरीया डेरा में अवैध शराब बिक्री करने की सूचना प्राप्त होने पर गठित टीम द्वारा दबिस दिया गया जहां रामप्रकाश से 06 लीटर परशु राम से 09 लीटर एवं मुकेश से 24 लीटर महुआ शराब बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। थाना पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम कमरीद के सबरीया डेरा निवासी लगन से 40 लीटर महुआ शराब बरामद कर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गई। साथ ही नाला के किनारे से 80 लीटर महुआ शराब तथा 1400 किग्रा महुआ लाहन बरामद कर अपराध दर्ज किया गया। ग्राम देवरी के सबरिया डेरा में महानदी एवम् तालाब के किनारे 40 लीटर महुआ शराब तथा 1600 किग्रा महुआ लाहन बरामद कर मामला दर्ज किया गया। ग्राम कटौद के नाला के किनारे 20 लीटर महुआ शराब एवम् 800 किग्रा महुआ लाहन बरामद कर मामला दर्ज किया गया । बरामद महुआ लाहन का मौके पर नष्टीकरण किया गया। विशेष अभियान के दौरान संयुक्त टीम द्वारा 07 प्रकरण में कार्यवाही कर 219 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया एवं 3800 किलोग्राम लहान बरामद कर मौके पर उपयुक्त तरिके से नष्टीकरण किया गया।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तीन दिवसीय आयोजन प्रारंभ


**सक्ति।** शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ति में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में विश्विद्यालय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता किया



जाएगा पहले दिन स्लो साइकिल रेस, एथेलेटिक्स, कुर्सी दौड़, कबड्डी का आयोजन किया गया। पाक कला, रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, केशसज्जा का आयोजन किया जाएगा। निबंध, वादविवाद, भाषण, क्विज, गायन का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी खेल प्रभारी डॉ डी पी पाटले द्वारा दिया गया। कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य डॉ ए के चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।इस कार्यक्रम में संस्था के प्रो शकुंतला राज, प्रो एस अनंत, प्रो अजय देवांगन, प्रो विजय देवांगन, प्रो ललित सिंह, प्रो हेमपुष्पा चंद्रा, प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े, प्रो ऋतु पटेल, प्रो महेन्द्र यादव, प्रो सीमा साहू, प्रो ज्योति यादव, प्रो डॉ हरिशंकर, प्रो यज्ञ राठिया, और समस्त छात्र छात्राएं शामिल रहे।

# मोदी सरकार का यह बजट चुनावी बजट : राजेश अग्रवाल

पायनियर संवाददाता < चाम्पा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका चांपा के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश अग्रवाल ने यह कहते हुए केंद्रीय बजट की आलोचना की है कि महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि बजट में पेट्रोलियम उत्पादों और रूपए के मूल्य में गिरावट के बारे में कोई उल्लेख नहीं है साथ ही यह कहा है की किसानों, बेरोजगारों और व्यापारियों के लिए भी इस बजट में कुछ भी नहीं है, यह बजट पूर्ण रूप से चुनावी बजट है राजेश अग्रवाल ने कहा है कि किसी भी प्रकार की टैक्स कटौती इतनी महंगाई मे बहुत जरूरी था, उन्होंने कहा कि बजट में मनरेगा, बेरोजगारी और मुद्रास्फीति का कोई उल्लेख नहीं है वित्तमंत्री ने बजट में राज्यों के लिए योजनाएं घोषित की है, जबकि उन्होंने इस योजनाओं को राज्य सरकार से स्वयं व्यवस्था करने को कहा है, जो सही नही है।

## अमृत काल का बजट आम आदमी के हित में



**जैजैपुर।** अमृत काल का यह बजट आम आदमी को ऊपर ले जाने वाला बजट गरीब, युवा, किसान को ऊपर ऊपर उठाने वाला बजट यह बजट समाज हित के लिए सभी वर्ग को लाभ उठाने वाला बजट नरेंद्र मोदी जी का बजट का सम्मान करते हैं पहुंचाने वाला बजट वित्त मंत्री सीतारमण कभी हम सम्मान करते हैं। उक्त बातें नगर पंचायत जैजैपुर के पार्षद अमृत उर्फबंटी साहू ने बताया।

## जगह-जगह स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा

# द्वितीय पुण्यतिथिः शहरवासियों के लिए अविस्मरणीय रहेंगे जननेता रोशनलाल अग्रवाल

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रखर नेता, रायगढ़ शहर के पूर्व लोकप्रिय विधायक, जननेता स्व. रोशनलाल अग्रवाल की द्वितीय पुण्यतिथि विधानसभा रायगढ़ ही नही पूरे प्रदेश में याद की गई, उनके समर्थकों द्वारा अपने जननेता के सिद्धांतों व विचारों के अनुरूप जगह-जगह स्वच्छता अभियान चलाकर अपने स्मृति पटल में पुनर्जीवित कर रहे है। उनके प्रशंसकों द्वारा अनेनानेक प्रकार से उन्हें याद किया जा रहा है। उनकी तेजतर्रार स्वभाव की आज खूब चर्चा हो रही है। रायगढ़ शहर के प्रमुख चौक में स्थित महापुरुषों की प्रतिमा व आसपास की साफ- सफाई कर माल्यार्पण करते हुए अपने जननेता को श्रद्धांजलि दे रहे है। जिसकी शुरुआत गांधी चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मागांधी जी की प्रतिमा से प्रातः7 बजे स्वच्छता अभियान चलाकर



माल्यार्पण किया गया। जहां रोशन भैया अमर रहे और महापुरुषों की जयकारे से शहर गुंजायमान हुआ।

**इन स्थानों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान**-जननेता स्व. रोशनलाल अग्रवाल के द्वितीय पुण्यतिथि पर शुरुआत गांधी चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मागांधी की प्रतिमा से स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई धुलाई कर माल्यार्पण किया गया। जहां रोशन भैया अमर रहे और महापुरुषों की जयकारे से शहर गुंजायमान हुआ। उसके पश्चात आजादी के महानायक सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर सफाई कर माला पहनाया गया। उसी क्रम में शहीद चौक स्थित मां भारती के वीर सपूत शहिद भगत सिंह जी की प्रतिमा की सफाई कर सिंगनल चौक स्थित सिंध समाज के अमर शहीद हेमुकलानी की प्रतिमा पर सफाई कर चक्रधर नगर चौक स्थित संगीत सम्राट महाराज चक्रधर सिंह जी की प्रतिमा पर सफाई कर माल्यार्पण कर कलेक्ट्रेट निकट स्थित सविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर जी की प्रतिमा पर सफाई कर एवं माल्यार्पण किया गया। उसके पश्चात मिनीमाता चौक स्थित पं. दिनदयाल उपाध्यक्ष की प्रतिमा, ट्रांसपोर्ट नगर स्थित डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा, कबीर चौक स्थित संत कबीर दास की प्रतिमा अंत में केवड़ाबॉडी चौक स्थित जननायक रामकुमार अग्रवाल की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

**पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रमो में इनकी रही विशेष उपस्थिति**-जिसमें विशेष रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरूपाल भल्ला, पूर्व जिला महामंत्री गुरविंदर सिंह घई, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष रमेश छपारिया, पूर्व जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अफरोज डायमंड, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पंकज कंकरवाल, सेवानिवृत्त प्रोफेसर रामजीलाल अग्रवाल, भाजपा जिला मंत्री रत्थु गुप्ता, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मित्रमणि त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता किशन अग्रवाल, बबलू शर्मा, पार्षद सीनू राव, एल्डरमैन नितेश सोनी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनीष सोलंकी, प्रवक्ता नगर मंडल कृष्णा केशरवानी, पूर्व मंडल महामंत्री, संजय पल्लु बेरीवाल, कमल मरार राहुल सोनी, नितिन सिंघल, विष्णु मेहानी, सहकार भारती जिला संयोजक मनीष पालीवाल, सरस्वती शिशु मंदिर व्यवस्थापक अजय अग्रवाल, सुशांत सिंह पखना, गुलाब शर्मा, राजेश जाटवर, अनिल कटियार, अभिलाष कछवाहा, सुशील गुप्ता, मक्कू यादव, पप्पू यादव, अशोक यादव, सोम दादा, ज्ञानू मोदी, बजरंग साहू, अमित खेमका, विंकल छाबड़ा, संजय ठाकुर, लक्ष्मण चौहान।

# कलेक्टर ने किया चिखलाकसा एवं दल्लीराजहरा में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने चिखलाकसा एवं दल्लीराजहरा में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण कर वहां चल रहे निर्माण कार्य तथा अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान शर्मा ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय चिखलाकसा में निर्माणाधीन पुस्तकालय कक्ष का नवीनीकरण कार्य का अवलोकन कर निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय के प्रयोगशाला कक्ष का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शर्मा ने प्रयोगशाला कक्ष का जीर्णोद्धार कर रसायन एवं बायो लैब को भी प्रयोगशाला कक्ष में ही संचालित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय में महिला एवं पुरूष शिक्षकों के लिए अलग-अलग बनाए गए स्टाफ कक्ष को एक ही स्थान पर निर्धारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर शर्मा ने कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को प्रति सप्ताह इसकी प्रगति रिपोर्ट देने तथा मार्च अंत तक इसके निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को विद्यालय के प्रवेश द्वार में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल का बोर्ड लगाने को कहा। शर्मा ने विद्यालय के पुस्तकालय कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को पुस्तकालय कक्ष की व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा दीवाल में पुस्तकालय से संबंधित चित्र भी बनवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पुस्तकालय में समुचित मात्रा में पुस्तकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शर्मा ने परिसर में स्थित जर्जर भवनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के जर्जर शाला कक्ष को तोड़कर 03 नए अतिरिक्त कक्ष का निर्माण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने स्वामी आत्मानंद हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल दल्लीराजहरा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को विद्यालय का जीर्णोद्धार कर सर्वसुविधायुक्त नये विद्यालय का निर्माण करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने 12वीं कक्षा में पहुंचकर शिक्षा गुणवता का पड़ताल भी किया। कलेक्टर ने बच्चों से बातचीत कर अध्ययन-अध्यापन के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान शर्मा ने विद्यार्थीयों से बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु बनाये गए रणनीति की जानकारी ली। विद्यार्थीयों ने बताया की विद्यालय में अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु प्रतिभा प्रवीण आदि कक्षाएं लगाई गई थी, जो उनके लिए अत्यंत लाभप्रद साबित हो रही है। कलेक्टर ने विद्याार्थियों को समझाईश देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन विद्यार्थी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण समय होता है। उन्होंने विद्यार्थीयों को पूरे मनोयोग से अध्ययन-अध्यापन कर जीवन में बड़ी उपलब्धि हासिल करने को कहा जिससे की इनके माता-पिता, परिवार, विद्यालय का नाम रोशन करने को कहा। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रेणुका श्रीवास्तव, एसडीएम योगेन्द्र श्रीवास, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी मुकुंद साव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दल्लीराजहरा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# के.के. नायक के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के तत्वावधान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. केके नायक के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो पद यात्रा बधुवार को सिमगा ब्लॉक के ग्राम झिरिया, नवागांव, होते हुए मुसुवाडीह तक संपन्न हुई। हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के प्रभारी निगम मंडल सदस्य छत्तीसगढ़ शासन सतीश अग्रवाल व अरुण यादव महामंत्री जिला कांग्रेस ने शामिल होकर जनता को भूपेश सरकार की योजना से अवगत कराया। सतीश अग्रवाल ने जनता को बताया कि राहुल गांधी ने दक्षिण से उत्तर कन्याकुमारी से जम्मू कश्मीर 3570 किलोमीटर की बहुत ही सफल पदयात्रा भारत जोड़ों की निकाली जिसमें देश में आपसी प्रेम सद्भाव, देश प्रेम, हर धर्म का सम्मान का संदेश देकर प्रेम की ताकत से देश को मजबूत करने का संदेश दिया। उसी तारतम्य में पूरे देश में कांग्रेसजन हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा आपसी प्रेम सद्भाव व लोगों से रूबरू हो उनके दिल की बातें सुनना व उस अनुरूप कार्य करना इस पदयात्रा का लक्ष्य है। भाजपा की केंद्र सरकार जो वादे किए थे पूरे नहीं किए, दो करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष रोजगार विदेश से काला धन वापस लेकर सभी को मदद करना, कृषकों की आय को डबल करना, यह वादे उन्होंने पूरे नहीं किए ना इस और कोई प्रयास कर रहे हैं जबकि भूपेश सरकार ने जो कहा वो किया, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुधरी है लोगों को रोजगार मिला छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति को बढ़ावा मिला उन्होंने आगे कहा कि गांव गांव में राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से राज्य सरकार नई पीढ़ी को रचनात्मक एवं सकारात्मक कार्यों के लिए प्रेरित कर रहीं हैं, शासन चाहती है कि सभी गांवों में बेहतर शिक्षा अच्छा वातावरण अच्छी स्कूलें हो आत्मानंद स्कूल के माध्यम से इसे मूर्त रूप प्रदान किया जा रहा है, मुख्यमंत्री ने इस वर्ष शिक्षा में अच्छे बजट रखने की बात कहीं है कार्यक्रम में सुनील माहेश्वरी, अभिनव यदु, थानेश्वर साहू, धनसिंह साहू, कुंजराम साहू, हरीश लहरे, ईश्वर सेन, कन्हैया वर्मा, केदार मिश्रा, गोविंद बंजारे, जवाहर साहू, टेकराम टंडन, चंदू साहू, जेठूराम साहू, तिलक ध्रुव, महेंद्र साहू, सुरेन्द्र साहू, शेषनारायण साहू, दानी ध्रुव, राजकुमार, गजेन्द्र, बेदराम ध्रुव, रोशन साहू, तोरण ध्रुव, थानेश्वर साहू, कोमल टंडन, जवाहर साहू, धन्नू ध्रुव, केशव ध्रुव, रामकरण ध्रुव, धनेश्वर ध्रुव, प्यारे, मनहरण, जीवन, गोपाल साहू, सालिक टंडन, झुमुक , श्यामलाल, समेलाल साहू, नंदू यादव, भागबली यादव, अश्वनी साहू, अनुज ध्रुव, कुलेश्वर साहू, महेंद्र देवांगन, सीता राम साहू, दुर्गा प्रसाद ध्रुव, कोमल टंडन, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# आईटीबीपी ने धनोरा में किया सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



नक्सल प्रभावित कोण्डागांव व नारायणपुर में भारत तिब्बत सीमा बल के जवानों द्वारा उन्मूलन अभियान के साथ- साथ अंचल जरूरतमंद लोगों की मदद तथा हर संभव सहायता भी करते रहे हैं। इसी क्रम में समर बहादुर सिंह, सेनानी 29वीं वाहिनी के अखो यू सहायक द्वारा ÷ई÷ समवाय 29वीं वाहिनी धनोरा में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को रेडियो रेडियो , कम्बल, टी- शर्ट, चप्पल का वितरण गया जिसमें धनोरा, हिरंगई, नूलभट्टी, झारा व बेडमा के 300 ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। इस कार्यक्रम में समर बहादुर सिंह, सेनानी 29वीं वाहिनी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस इस क्षेत्र में आप सबकी सेवा व सुरक्षा के के लिए तैनात हैं, किसी भी की कोई समस्या के निवारण के लिए भातिसी पुलिस बल हमेशा लोगों की सेवा के लिए तत्पर हैं, साथ ही ग्रामीणों को वाहिनी द्वारा द्वारा छात्रों और युवाओं के लिए चलाए जा रहे भर्ती में निशुल्क कोचिंग के बारे बारे बताते हुए को अधिक अधिक संख्या में शामिल करने के लिए किया गया।

# कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने 01 फरवरी को सिटी मजिस्ट्रेड कार्यालय दल्लीराजहरा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने राजस्व पंजी, स्टाम्प पेपर, न्यायालय कक्ष का अवलोकन कर बंटवारा नामांतरण आदि प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। शर्मा ने मौके पर उपस्थित एसडीएम योगेन्द्र श्रीवास को राजस्व प्रकरण का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिटी मजिस्ट्रेड कार्यालय में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करने तथा आगन्तुकों एवं पक्षकारों के लिए बैठक एवं शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित वकीलों से भी कलेक्टर ने चर्चा की और मांगों एवं सुझावों को सुना। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रेणुका श्रीवास्तव, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश ठाकुर मौजूद थे।

# नजूल शाखा का भाटापारा से बलौदा जाना दुर्भाग्यपूर्ण : आशीष

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com




विगत दिनों शासन प्रशासन के दुर्भावना पूर्ण रवैये के कारण एक बार फिर से भाटापारा की जनता को छला गया है। वर्षो से भाटापारा मे नजूल भूमि के रिकॉर्ड एवं आवश्यक प्रक्रिया के लिए क्षेत्र की जनता को भाटापारा अनुविभागीय कार्यालय मे ही निर्भर रहना होता था। देर से ही सही लेकिन क्षेत्र की जनता को नजूल सम्बन्धी कार्यो के लिए भटकना नहीं पड़ता था, विदित हो कि भाटापारा तहसील बनने के बाद से ही नजूल शाखा भाटापारा अनुविभागीय कार्यालय मे खुल गयी थी, लेकिन नये आदेश के बाद अब भाटापारा नजूल सम्बन्धी कार्यो के निपटारे के लिए बलौदाबाज़ार के चक्कर काटने पड़ रहे है, एक ओर जहाँ प्रति सप्ताह हर गुरुवार को अपर कलेक्टर का बैठना शुरु हुआ और लगभग खतम भी हो गया. अब तो भाटापारा मे विभागों का आना तो दूर शहर से जाना शुरु हो गया, नजूल शाखा इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। इसके पूर्व भी भूमि डाइवर्शन का अंतिम आदेश अनुविभागीय कार्यालय से प्राप्त हो जाता था, लेकिन इसके लिए भी बलौदाबाज़ार जाना पड़ता है। विधायक प्रतिनिधि आशीष जायसवाल ने प्रशासन से आग्रह किया है कि शासन प्रशासन विषय की गंभीरता को देखकर तत्काल अपना निर्णय वापस ले ताकि क्षेत्र की जनता को भावी असुविधा का सामना ना करना पड़े।

# भाटापारा नगर में साफ सफाई को लेकर शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



नगर स्थित विभिन्न नालियों की सफाई व तालाब की सफाई हेतु शिवसेना जिला उपाध्यक्ष गोवर्धन यदु के नेतृत्व में शिवसैनिको ने नगर पालिका मुख्य अधिकारी के नाम कार्यरत अजय नाईडु को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान गोवर्धन यदु ने बताया कि मैं निरंतर अपने सेनानियों के साथ भाटापारा नगर का दौरा कर रहा हूं इसी के संदर्भ में मुझे पता चला की नगर स्थित मुंशी स्माइल वार्ड का तालाब नानम प्रकार के प्लास्टिक, पालिथिन व किचड़ से भरा हुआ है जिसकी सफाई बहुत जरूरी है क्योंकि इस तालाब में लोग नहाने आते हैं जो कोई भी गंभीर बिमारी के चपेट में आ सकता है साथ ही सांवरा बस्ती में नालियों की सफाई व एक सार्वजनिक बोर खनन की आवश्यकता है। रामसागर वार्ड स्थित रेलवे अंडरब्रिज की साफ सफाई कई महिनों से नहीं हुई है आने जाने वालों को सांस लेने में दिक्कत होती है, परसुराम वार्ड में तालाब के पास सनत देवांगन के घर के सामने नाली का पानी जाम हो गया है जिसकी सफाई जरुरी है। हम शिवसैनिक नगर पालिका मुख्य अधिकारी से उम्मीद करते हैं इन समस्याओं को देखते हुए उचित कार्रवाई कर जल्द से जल्द काम कराएं, इस अवसर पर गोवर्धन यदु जिला उपाध्यक्ष, नोहर पाल ब्लाक अध्यक्ष, सनत देवांगन नगर उपाध्यक्ष, गुलशन सेन मुंशी स्माइल वार्ड अध्यक्ष, संतोष सेन्डे स्टेशन वार्ड अध्यक्ष, गोलू सेन शांति नगर वार्ड अध्यक्ष, हितेश टाक आदि शिव सैनिक मौजूद रहें।

## जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 8 तक ऑनलाइन आवेदन

**कोंडागांव।** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 8 फरवरी तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया हैं। इस बारे में प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय कोंडागांव से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु पूर्व में 31 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसे 8 फरवरी तक बढ़ाया गया हैं।


**न्यायालय नायब तहसीलदार मुंडागाँव**

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

संदर्भ :- जिला- **बस्तर,** तहसील- **भानपुरी,** प.ह.नं.-**00017 घोटिया** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण कमांक:-**CT202223450600175**

**// ईश्तहार //**

तहसील भानपुरी के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम घोटिया के वर्तमान भूमिस्वामी मनीष पिता/पति-लालाराम पता-नि.ग्रा., सुमित्रा पिता/पति-लालाराम पता-नि.ग्राम, देवानंद पिता/पति-मयाराम पता-नि.ग्राम, संतराम पिता/पति-सीताराम पता-नि.ग्राम, मु कामिन पिता/पति-मनीराम पता-नि.ग्राम, स्मृति पिता/पति-लालाराम पता-नि.ग्राम, तरूण पिता/पति-मनीराम पता-नि.ग्राम, राधेश्याम पिता/पति-मयाराम पता-नि.ग्राम, सिद्धार्थ पिता/पति-लालाराम पता-नि.ग्राम के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 36/1(0.3400), 658(0.4500), 615(0.4300), 35/1(0.4300), 427(0.1900), 318(1.7300), 56(0.3800) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सिद्धार्थ पिता/पति-लालाराम पता-घोटिया के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/02/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय नायब तहसीलदार मुंडागाँव** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/01/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**मुंडागांव**



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कांकेर, जिला-कांकेर (छ.ग.)**

**// निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण) //**

निविदा सूचना क्रमांक 11/व.ले.लि./2022-23 — कांकेर, दिनांक 01.02.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर के कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगार स्नातक सिविल अभियंताओं से निविदा प्रपत्र ए-ए **(Form A-a)** में निविदाएं दिनांक 17.02.2023 तक कार्यालयीन समय तक केवल रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है:-

| स.क्र. | कार्य का नाम/विवरण | कार्य की लागत राशि (रू. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 01 | उत्तर बस्तर कांकेर जिले के विकासखंड कोयलीबेड़ा के परालकोट जलाशय के के निरीक्षण गृह का बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य | 9.85 | 02 माह वर्षा काल सहित |

निविदा के संबंध में सभी आवश्यक शर्तें एवं मापदण्ड उपलब्ध निविदा प्रपत्र में दी गई है। निविदा से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य निम्नानुसार है-

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि :- दिनांक **14.02.2023** कार्यालयीन समय तक

निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- दिनांक **17.02.2023** कार्यालयीन समय तक

निविदा खुलने का दिनांक एवं स्थान :- दिनांक **20.02.2023** अपरान्ह 03.00 बजे कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कांकेर

इच्छुक निविदाकारों को आवेदन पत्र के साथ बेरोजगार स्नातक सिविल अभियंता का वैद्य पंजीयन, जी.एस.टी. पंजीयन, पैन कार्ड एवं मूल पुस्तिका प्रस्तुत करने पर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। एक निविदाकार को एक ही कार्य की निविदा प्रदाय किया जायेगा।

निविदा से संबंधित सभी आवश्यक शर्तें एवं मापदण्ड निविदा प्रपत्र में दी गई है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कांकेर**

G-98178/3


# किरंदुल में भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक



पायनियर संवाददाता ◂ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी मंडल किरंदुल में गुरुवार को जिला कार्यसमिति की बैठक रखी गई।जिसमें दंतेवाड़ा जिला के प्रभारी श्रीनिवास राव मद्दी, सह प्रभारी गंगाराम मरकाम, विधानसभा प्रभारी अरुण सिंह भदौरिया की अगुवाई में जिला कार्यसमिति के सातों मंडल की बैठक ली गई।जिसमें आगामी कार्य योजना की जानकारी दी गई एवं मन की बात कार्यक्रम एवं शिक्षा परीक्षा पर चर्चा विषय की जानकारी सारे मंडलों से मांगी गई आने वाले समय में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से संपर्क करके कार्य करने के संबंध में एवं कार्य एवं केंद्र की योजनाओं की जानकारी बूथ स्तर तक पहुंचाने के संबंध में कार्यकर्ताओं में जोश भरा गया। जिला कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी, प्रदेश मंत्री ओजस्वी मण्डावी,महामंत्री संतोष गुप्ता,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता,एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमला विनय नाग,मंडल प्रभारी रामबाबू सिंह गौतम,पायल गुप्ता,मंडल अध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा,महामंत्री द्वेय संजीव दास, दीनानाथ ठाकुर,निमाई पाल, सुखदेव पोयाम, किरण भदौरिया युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा एवम अन्य प्रकोष्ठ के अनेक कार्यकर्त्ता मौजूद थे। सभी पदाधिकारी बैठक के बाद मोर आवास और अधिकार की योजना के तहत बूथ स्तर पर घरों में जाकर जानकारी लेते हुए और आवास की जानकारी दी और जिनको आवास नहीं मिला है उन्हें प्रेरित किया और फार्म वितरित किया।

# सिंगारपुर में वार्षिक उत्सव का आयोजन, कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष हुए सम्मिलित

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com



विकासखण्ड स. लोहारा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंगारपुर में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे शाला परिवार के विशेष आमंत्रण पर बतौर अतिथि सम्मिलित होने पहुंचे कृषि उपज मण्डी के अध्यक्ष नीलकंठ साहू एवं उपाध्यक्ष चोवा साहू, शाला आगमन पर शाला परिवार एवं उपस्थित नागरिकों ने फूल मालाओ से बैच लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ साहू ने सरस्वती माँ की विधिवत पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम को नीलकंठ साहू एवं चोवा साहू ने संबोधित किया। मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया, अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कवर्धा विधायक एवं कैबिनेट मंत्री अकबर भाई के अनुमोदन पर स्कूल में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए दो लाख रुपये देने की घोषणा किये। कार्यक्रम में, रामचरण पटेल,दयालु पटेल धर्मेन्द्र साहू रामचंद पटेल सुरेश साहू सेतराम अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी सम्मिलित हुए।


**Office of The Chief Engineer (Trg-R&D), Gudhiyari, Raipur (C.G.)**
**Phone No.: 0771-2574266, 2574230, Website: www.cspc.co.in E-mail:cetrg.cspdcl@cspc.co.in**

No.02-06/Gen-6/ EE-I/ TS.-32 /1303 — Raipur, dt. 31.01.2023

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Caterers/Contractors/Firms having similar work experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Companies in India only on submission of experience certificate for following work as mentioned below :-

| SN. | Tender Specification No. | Name of Work | NIT value i/c 18% GST (Rs.) | Tender fees (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period | RFx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS- 32 | Catering arrangement for trainees at Central Training Institute CSPDCL Gudhiyari, Raipur | 49.61 Lacs | Including (GST) 5000/- | 50000/- | 12 Months | 8100029637 |

Last date & time for submission and opening of Techno commercial bids 21.02-2023 (up to 15:00 Hrs) & 21.02.2023 (at 16:00 Hrs) respectively.

**Chief Engineer (Trg:R&D)**
**CSPDCL, Raipur**

SAVE ELECTRICITY



**कार्यालय नगर पंचायत अड़भार, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
E-Mail ID : cmoadbhar2@rediffmail.com

क्र./1857/लो.नि.वि./न.प./2022-23 — अड़भार, दिनांक 02/02/2023

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद् द्वारा नगर पंचायत अड़भार हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से त्रिलिफाफा पद्धति के माध्यम से वर्तमान में प्रचलित CGPWD SOR 01.01.2015 (Building/Road/Electrical) पर प्रतिशत दर (कम/बराबर/अधिक) पर निविदाएँ रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 17.02.2023 समय 3:00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि - 22.02.2023 समय 3:00 बजे तक।
3. निविदा प्रपत्र दर सहित प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 06.03.2023 समय 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि - 06.03.2023 अपरान्ह 5:00 बजे।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समय अवधि | ठेकेदार का श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेडिकल चौक से मंदिर चौक तक रोड मरम्मत कार्य। | 3.35 | 4000.00 | 750.00 | 1 माह | सक्षम श्रेणी |
| 2 | दुर्गताल से अष्टभुजी मंदिर तक रोड मरम्मत कार्य। | 2.98 | 3000.00 | 750.00 | 1 माह | सक्षम श्रेणी |
| 3 | मेडिकल चौक से देवांगन मोहल्ला तक रोड मरम्मत कार्य। | 3.79 | 4000.00 | 750.00 | 1 माह | सक्षम श्रेणी |
| 4 | प्लेसमेंट पर कुल 12 उच्च कुशल/कुशल/ अर्द्धकुशल/अकुशल श्रमिक हेतु। | 19.00 | 19000.00 | 750.00 | 1 वर्ष | सक्षम श्रेणी |

1. निविदा के समस्त दस्तावेज एवं निविदा दर प्रपत्र निविदिाकारों से रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें।
2. निविदा फार्म हेतु निर्धारित शुल्क अलग-अलग कार्यो के लिए डी.डी./निकाय के रसीद के माध्यम से किया जा सकता है।

**टीप:- निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्ते विभागीय वेब साईड http://uad.cg.gov.in पर डाउनलोड एवं प्राप्त की जा सकती है एवं कार्यालयन दिवस/अवधी में कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत, अड़भार**

# नर्मदा मेला महोत्सव : केसीजी जिला बनने के बाद तीन दिनों का पहला बड़ा आयोजन, तैयारियां पूरी

## बंदोबस्त में जुटा हुआ है प्रशासनिक अमला, आज से होगी शुरुआत

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/खैरागढ़
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय खैरागढ़ से करीब 24 किमी दूर ग्राम खैरा में नर्मदा मेला महोत्सव इस बार भव्य स्तर पर आयोजित की जाएगी। 3 से 5 फरवरी तक मनाई जाने वाली नर्मदा मेला में इस बार विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम को भव्य और बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर डॉ. जगदीश कुमार सोनकर ने अफसरों को निर्देश दिए। मेला में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं की भीड़ भी पहुंचेगी। मेला की तैयारी के लिए जिला कलेक्टर डॉक्टर जगदीश सोनकर ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नर्मदा मेला आयोजन समिति के सदस्यों और प्रशासनिक अमला के साथ स्थल में जाकर तैयारियों की समीक्षा की।

बता दें कि केसीजी जिला बनने के बाद यह नर्मदा का प्रथम मेला है, इसलिए इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। इस वर्ष नर्मदा मेला,



पवित्र नर्मदा कुंड और मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मेला में व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होनी चाहिए। किसी भी स्थिति में मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार जैसी कोई घटना नहीं होनी चाहिए। उनके स्नान के लिए और वस्त्र बदलने के लिए अस्थाई अहाता का निर्माण किया जाए।

कार्यक्रम स्थल पर कलेक्टर डॉक्टर जगदीश सोनकर ने पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी व संरक्षक लाल टाकेश्वरशाह खुसरो व मोतीलाल चंदेल माँ नर्मदा धर्मार्थ सेवा समिति के अध्यक्ष बी. आर. सिन्हा ग्राम पंचायत चकनार के सरपंच, पंच और उपस्थित ग्रामवासियों से चर्चा की। जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त कलेक्टर प्रकाश राजपूत, सुनील कुमार शर्मा, अनुविभागीय दंडाधिकारी छुईखदान रेणुका रात्रे, तहसीलदार गंडई अमरदीप अंचल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित हुए।

### विधायक करेंगी शुभारंभ, पंचायत मंत्री चौबे भी आएंगे

तीन दिवसीय नर्मदा मेला में प्रथम दिवस के मुख्यअतिथि विधायक खैरागढ़ यशोदा नीलाम्बर वर्मा और अध्यक्ष लाल टाकेश्वर शाह खुसरो होंगे। द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि कृषि और पंचायत मंत्री, रविन्द्र चौबे और अध्यक्ष यशोदा नीलाम्बर वर्मा होगी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डे और अध्यक्ष पूर्व विधायक खैरागढ़ कोमल जंघेल होंगे। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय और अन्य विशिष्ट अतिथियों का आगमन होगा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे


मेला स्थल पर राज्य के लोक कलाकारों, राज्य स्तर पर पुरस्कृत लोककला और सांस्कृति के कलाकारों का प्रदर्शन और विजेता दलों का पूरे 3 दिनों तक रंगारंग पस्तुति होगी। मेला स्थल पर दर्शक प्रतिदिन मंच से सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ़ उठा सकेंगे। प्रथम दिवस होगा जिला रामायण प्रतियोगिता के विजेता दल की प्रस्तुति एवं अन्य कार्यक्रम। द्वितीय दिवस नर्मदा में राज्यस्तरीय लोक कलाकारों की होगी शानदार प्रस्तुति। अंतिम दिवस राज्य युवा महोत्सव में विजेता दलों के कार्यक्रम का आकर्षक आयोजन किया जाएगा।

# एशिया के जूनियर जादूगर का 4 को मैजिक शो

- प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज में 5 को मेडिटेशन सत्र

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

देश विदेश में अपने 150 से ज्यादा हैरतअंगेज कारनामे दिखाने वाले एशिया का सबसे छोटा जादूगर 10 वर्षीय जतिन का मैजिक शो 4 फरवरी शनिवार को डोंगरगांव नगर में होने जा रहा है। आत्मानंद स्कूल ग्राउंड में अपरान्ह 4 बजे से होने वाले मैजिक शो में टीवी सीरियल अकबर बीरबल के कलाकार जादूगर हास्य सम्राट हैरी भी मायाजाल दिखाएंगे।



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय डोंगरगांव के बैनरतले आयोजित मैजिक शो मस बाल जादूगर जतिन के द्वारा दिल्ली का मीना बाजार, जादुई मंदिर, मौत का शिकंजा, खाली हाथों से नोटों की बारिश तथा रंगीन मायाजाल विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय डोंगरगांव द्वारा पारिवारिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम एक ही मंच से किया जाएगा।

इसी तारतम्य में मोगरा कॉलोनी में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा राज ऋषि भवन डोंगरगांव में 5 फरवरी रविवार को प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक एवं संध्या 7 बजे से 8 बजे तक राजयोग मेडिटेशन निःशुल्क शिविर का 7 दिवसीय आयोजन रखा गया है। आयोजक प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने धर्मलाभ लेने अपील की है।

# नेशनल लोक अदालत 11 को, लंबित प्रकरणों का होगा निराकरण

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 11 फरवरी 2023 को पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिस हेतु जिला न्यायालय राजनांदगांव के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय राजनांदगांव, व्यवहार न्यायालय-खैरागढ़, ड़ोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी, छुईखदान एवं राजस्व न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में न्यायालय के लंबित राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण बड़े ही सौहार्द्रपूर्ण माहौल में किया जाता है। लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विनय कुमार कश्यप द्वारा संबंधित न्यायाधीश, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधियों के साथ लगातार बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है।

# शांतिनाथ जिनालय के रजत जयंती पर ध्वजा समारोह

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में स्थापित श्री शांतिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर जिनालय के निर्माण एवं प्रतिष्ठा के 25 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। धर्मावलंबी व अनुयायियों द्वारा रजत जयंती वर्ष पर धार्मिक एवं ज्ञानवर्धक आयोजन किया जा रहा है। 3 फरवरी को मुख्य कार्यक्रम ध्वजा आयोजित है। सुबह 10 बजे से सत्तरभेदी पूजा होगी। ध्वजा 12.36 को होगा। रात्रि में राहुल झाबक रायपुर द्वारा भक्ति संध्या की प्रस्तुति होगी।

श्रीशांतिनाथ जिनालय से जुड़े सामाजिकजनों के मुताबिक सन 1970 के दशक में पूज्य मनोहर म.सा. का नगर में आगमन हुआ। इस दौरान धार्मिक क्रियाकलाप ने गति पकड़ ली। इस बीच 1982 में परम पूज्य कनक विजय श्री जी म.





सा. एवं कलहंस विजय श्री जी म. सा. का आगमन हुआ। इनके मध्य नगर के समाजसेवियों द्वारा मंदिर हेतु मंशा जाहिर करने पर आचार्यों ने मंदिर निर्माण संकल्पना को मुरी रूप देने समाजसेवीजनों को मूर्ति प्रदान की। धर्म अनुयायियों द्वारा पूजा प्रारंभ की गई।

जिनेश्वर देव के दर्शन, ध्यान, पूजा -अर्चना के बीच मंदिर निर्माण के शीघ्रता की भावना सुश्राविका कमलाबाई डाकलिया ने व्यक्त की। वर्ष 1992 -93 में नगर के समाजसेवी बंशीलाल शाह व गुलाबचंद नखत के सहयोग एवं विभिन तीर्थ स्थलों,श्री संघो, दानवीरों से राशि प्राप्त कर मंदिर का निर्माण का कार्य वर्ष 1995-96 में प्रारंभ हुआ जो दिसम्बर 1997 में तैयार हुआ।

# टूर्नामेंट में मजबूत रही जूनीहटरी को भरकापारा ने दी शिकस्त, आदित्य रहे मैन ऑफ द मैच

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्टेट हाईस्कूल मैदान में जारी शहीद उदय मुदलियार स्मृति रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में वार्डस्तरीय टीमों के मुकाबले अंतिम दौर में है। जल्द ही आखिरी 4 टीमों के बीच सेमीफाईनल के बाद फाईनल मुकाबला खेला जाएगा। बुधवार को यहां वार्ड नं. 26 जूनीहटरी और वार्ड नं. 27 भरकापारा के बीच मैच खेला गया। राजीव फैंस क्लब के अध्यक्ष नितिन बत्रा व सचिव अमित कुशवाहा ने बताया कि, बुधवार को प्रतियोगिता में एक ही मैच खेला गया। इस दौरान भीड़ मैच के रोमांच के लिए यहां डटी हुई थी।

खेला गया यह इकलौता मैच टूनार्मेंट में अब तक अपने प्रदर्शन से लोहा मनवाने वाली दो मजबूत टीमों के बीच हुआ। वार्ड नं. 26 जूनीहटरी और वार्ड नं. 27 भरकापारा आमने सामने थीं जो कि इस प्रतियोगिता में प्रतिद्वंदियों को तगड़ी शिकस्त देती रहीं हैं। दोनों ही टीमों के बीच मुकाबले में शुरु से भरकापार की टीम हावी रही।



जूनीहटरी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जो उसके पक्ष में नहीं गया। भरकापारा की टीम बल्लेबाजी में काफी मजबूत मानी जाती है और खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने यह साबित भी किया। पहले बैटिंग करते हुए भरकापारा ने 97 रन का स्कोर खड़ा किया। इस दौरान जूनीहटरी के गेंदबाजों ने 8 विकेट लिए। हरप्रित ने जहां गेंदबाजी में वाहवाही बटोरी तो आदित्य ने बैटिंग से जलवा दिखाया।

दूसरी पारी में जूनीहटरी के बैटर्स लक्ष्य का पीछा करने उतरे लेकिन भरकापारा के गेंदबाजों ने शुरुआत से दबाव बनाए रखा। सधी हुई गेंदबाजी के आगे भरकापारा के बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे। बड़े शॉटस खेलने का मौका न देते हुए भरकापारा ने गेंदबाजी करते हुए विकेट भी चटकाए। यह मुकाबला भरकापारा ने 29 रनों से जीता। मैन ऑफ द मैच आदित्य रहे।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 फरवरी तक आमंत्रित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, कृषि, उद्यानिकी फॉमेसी आदि संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छत्तीसगढ़ के निवासियों के लिए महाविद्यालय स्तर ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की कार्रवाई की जा रही है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा वेबसाईटपर विद्यार्थियों द्वारा 10 फरवरी 2023 तक नवीन एवं नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की गई है। इसी तरह संस्था प्रस्ताव व स्वीकृति लॉक 15 फरवरी 2023 तक कर सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा ब्याज पर आकर्षक छूट

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास योजनांतर्गत निर्मित व आबंटित भवनों के हितग्राहियों से बकाया राशि पर आबंटित विलंबित अवधि के ब्याज की राशि में संपूर्ण छूट प्रदान की गई है। इसी तरह स्ववित्तीय योजनांतर्गत (केवल निर्मित भवनों के लिए) एकमुश्त, ऑफर, भाड़ाक्रय, आधार पर आबंटित भवनों के हितग्राहियों को भवनों के बकाया राशि पर भारित विलंबित अवधि के ब्याज राशि में संपूर्ण बकाया राशि एकमुश्त जमा करने पर ब्याज राशि में 50 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रेक्षक राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

## बजट प्रतिक्रिया

# कांग्रेस : केंद्र के बजट में छत्तीसगढ़ का परिवेश दरकिनार, भाजपा : अमृतकाल में सप्तऋषि केंद्रित बजट से होगा उद्धार

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार के बजट 2023 पर प्रतिक्रिया आई है। नगर व क्षेत्र के प्रमुख नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस ने बजट में छत्तीसगढ़ से भेदभाव करार दिया है। तो भाजपा ने अमृतकाल में सप्तर्षि बिंदुओं के बजट से देश के उद्धार होने का दावा किया है। कांग्रेस ने युवाओं, बेरोजगारों व कामगारों सहित ग्रामीण अधोसंरचना को नजरअंदाज करने का आरोप मोदी सरकार पर लगाया है।

### केंद्र सरकार का चुनावी बजट : विधायक



विधायक दलेश्वर साहू ने केंद्र के बजट को चुनावी करार देते हुए ग्रामीण अधोसंरचना से खिलवाड़ निरूपित किया है। विधायक ने कहा कि कृषि क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय कदम नही उठाया है। शिक्षा व चिकित्सा के बजट सिर्फ बड़े शहरों पर केंद्रित है। कला व संस्कृति को नजरअंदाज किया है। देश राजा और रंक की जीवनशैली की ओर अग्रसर प्रतीत होता है। कोविडकाल के आड़ में नाकामी छिपाने का कुत्सित प्रयास है।

### कृषि क्षेत्र में फोकस है बजट : गांधी



पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कहा कि टैक्स स्लैब 5 से बढ़कर 7 लाख होने से मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत मिलेगी। युवाओं में लिए स्टार्टअप फण्ड तथा इंटरनेशनल इंडिया स्किल सेंटर युवा भारत मजबूत होगा। किसानों के कृषि क्रेडिट 20 लाख करोड़ तक बढ़ाने का निर्णय लिया। किसानों के लिए 9 बड़ी योजनाएं क्रांतिकारी साबित होगी। पीपीपी मॉडल पर खेती सहित 2 हजार 200 करोड़ की बागवानी की उपज नवाचार होगा।

### बजट में छग से भेदभाव-टिकेश



जपंअध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट में भी छग से भेदभाव किया है। ग्रामीण परिवेश को तवज्जो नही है। खाद व बीज में सब्सिडी का जिक्र ही नही है, यानी कृषि प्रधान देश मे किसान नजरअंदाज किये गए। ग्रामीण परिवेश के उत्थान के लिए मोदी सरकार ने कुछ नही किया। रोजमर्रा की वस्तुओं पर महँगाई की मार बरकरार है। युवा बेरोजगारों के लिए मोदी सरकार फेलवर है।

### छग के 10 सांसद औचित्यहीन : सुयश



जपंउपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट ज़मीनी हक़ीक़त से दूर है। आंकड़े में फेरबदल कर सिर्फ़ चुनावी बजट प्रतीत होता है। देश के बेरोज़गारों के लिए कुछ भी नहीं है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए कोई प्रावधान इस बजट में नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ के 10 सांसद होते हुए भी बजट में राज्य के लिए कुछ भी नहीं है। मध्यम निम्नवर्ग को महंगाई से राहत नही है।

### निम्न मध्यमवर्ग हतोत्साहित : हीराभाई



नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद ने केंद्र के बजट को सिर्फ उद्योगपतियों का बजट बताते हुए कहा कि बजट से युवा बेरोजगार व कामगार हतोत्साहित हैं। नगरीय क्षेत्र के उन्नयन का कोई उल्लेख नही है। शिक्षा, चिकित्सा क्षेत्र के बुनियादी ढांचों में कोई इजाफे नही हुए। फ्री में अनाज सिर्फ चुनावी शिगूफा है। मोदी सरकार कोविडकाल की भरपाई नही पाई है। मोदी सरकार को सिर्फ जीएसटी की चिन्ता है।

### सर्वहारा वर्ग के लिए लाभकारी : डॉ नीरेंद्र



भाजपा पिछड़ावर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ नीरेंद्र साहू ने कहा कि यह बजट अंत्योदय के विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण साबित होगा। बजट में मध्यम, निम्नवर्गीय परिवार, किसान, कर्मचारी, करदाता, व्यापारी, सैनिक, उद्यमी के लिए राहत है। प्रधानमंत्री आवास योजना के फंडिंग के लिए 66 फीसदी बढ़ोत्तरी की गई है। गांव, गरीब व किसान वर्ग के जीवन मे सकारात्मक परिवर्तन आयेगा।

### अमृतकाल व सप्तऋषि का दुरुपयोग : लोढ़ा



नपंउपाध्यक्ष ललित लोढ़ा ने कहा कि केंद्र बजट में अपनी विफलता को ढकने अमृतकाल व सप्तर्षि शब्दों का दुरुपयोग है। शिक्षित बेरोजगारों व महंगाई पर कोई नियंत्रण नही है। जीएसटी के आड़ में सिर्फ निम्न मध्यम वर्ग के जेब पर डाका डालने की नीयत है। नगरीय अधोसंरचना को लेकर मोदी सरकार की समझ निंदनीय है। देश सिर्फ आर्थिक तंगी की ओर अग्रसर होगा।

### सभी वर्गों के लिए निराशाजनक : रुबी गरचा



कांग्रेस नेता रुबी गरचा ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि - केंद्र का वित्त बजट सभी वर्गों के लिए निराशाजनक है। रोजगार के अवसर न होने के बीच युवाओं के स्कील डेवलपेंट की बातें हवा-हवाई ही है। दो करोड़ रोजगार देने की बातों से मुकरने वाली केंद्र सरकार निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। इसके इतर, महंगाई को लेकर किसी तरह की राहत आमआदमी को नहीं मिली है। ईंधन, रसोई गैस जैसी तमाम मूलभूत जरुरतों के लिए जूझने वाला मध्यवर्गीय और गरीब परिवार बजट में उपेक्षित है। किसानों की मांगों पर भी कोई अमल नहीं किया गया है। यह बजट केंद्र की असफल नीतियों का परिचायक है।

### देश में महिला सशक्तिकरण : जागृति



जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जागृति चुन्नी यदु ने कहा कि मोदी सरकार महिला सशक्ति करण के लिए प्रतिबद्धता है। बजट में महिलाओं को पर्याप्त प्राथमिकता दी गई। किसानों की आय दुगुना करने कदम उठाए गये हैं। युवाओं के कौशल उन्नयन पर फोकस है। महंगाई में नियंत्रण का प्रयास है। सर्वहारावर्ग के दैनिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा।

### मोदी सरकार की बजट दूरदर्शी : गुप्ता




सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार का बजट दूरदर्शी है। बजट के प्रावधानों से देश आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर होगा। शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में क्षेत्रीय संतुलन व संयोजन दिखेगा। कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। युवाओं व कामगारों की मेहनत व हुनर को पहचान मिलेगी। छोटे नगर व कस्बों में अधोसंरचना विकसित होंगे। कृषि व रक्षा पर फोकस संतुलित बजट है।

### गरीब और बेरोजगार विरोधी कोई नहीं : मेहुल मारू



पूर्व लोकसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मेहुल मारु ने आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि मोदी राज में देश की अर्थव्यवस्था बिना किसी रोडमैप के उल्टे पांव भाग रही है। देश के बहुमूल्य संसाधन बेचने और कर्ज लेने के अलावा आर्थिक नीतियों का कोई फेमवर्क नहीं है। जीएसटी संग्रह में वृद्धि के बावजूद हमारा राजकोषीय घाटा लगातार बढ़ रहा है। इस बजट में भी कुल बजट का लगभग 40 प्रतिशत से अधिक उधार द्वारा वित्त पोषित है। मोदी सरकार के पास जमा पर गिरते ब्याज दर, बढ़ती मुद्रास्फीति, महंगाई और बेरोजगारी का कोई हल नहीं है।

### आम लोगों के हित में कोई प्रावधान नहीं : निखिल द्विवेदी



केंद्रीय बजट पर निखिल द्विवेदी (युवा नेता) छत्तीसगढ़ सदस्य पर्यटन मंडल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बजट को निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में आम लोगों के हित में कोई खास प्रावधान नहीं है, पीएम सम्मान निधि में कोई इजाफा नहीं हुआ है, इससे किसान वर्ग निराश है, कृषि सेक्टर में आय दुगनी जैसी कोई बात नहीं हुआ है। निखिल द्विवेदी ने आगे कहा कि सामान्य रूप से देखेंगे तो यह बजट निराशाजनक है ।गरीबों के लिए कोई नई योजना नहीं है, युवाओं के लिए भी बजट में कोई खास बात नहीं है ,महिलाओं को भी कोई राहत नहीं दी गई है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय बजट में महंगाई पर लगाम जैसी कोई बात नहीं है।

### आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया : आशीष डोंगरे

प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री आशीष डोंगरे ने वर्ष 2023-24 के लिए पेश किए गए आम बजट को दूरदर्शी करार दिया है। उन्होंने कहा कि कोरोना की विभिषिका से जूझते हुए कई राष्ट्र की इकॉनामी ढह गई लेकिन मोदी सरकार के बेहतर प्रबंधन ने इसे संभाले रखा। इस आम बजट में आयकर में बढ़ाई गई झूठ का बड़ा फायदा मिलेगा। वित्तमंत्री निर्मला सीमारमण ने सात प्राथमिकताओं को एक साथ लेकर सप्तऋषि अवधारणा को पटल पर रखा है वह राष्ट्र के समुचित विकास को आगे बढ़ाएगा। मोदी सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट है। युवाओं को स्टाईपेंड और कौशल विकास योजना 4.0 बड़ा कदम है। कुलमिलाकर इस बजट ने आधुनिक युग में हमे कई और मील आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया है।

# मधुमेह को लेकर जन जागरूकता फैलाने बिलासपुर में होगी दो दिवसीय कार्यशाला

## देशभर से 350 एमडी डॉक्टर अपने अनुभवों से लोगों को करेंगे जागरूक

■ 4 और 5 फरवरी को होटल कोर्टयार्ड मैरियट में होगी कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




आंख,हृदय,किडनी,प्रेग्नेंट महिला,लीवर और मोटापे में मधुमेह का कनेक्शन और इससे होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी देने को लेकर बिलासपुर में 2 दिनों तक प्रख्यात डॉक्टरों की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। पूरे हिंदुस्तान से करीब 3 सौ पचास एमडी डॉक्टर यहां आकर कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और अपने अनुभव के साथ ही मधुमेह को नियंत्रित करने आवश्यक जानकारी देंगे। इस संबंध में गुरुवार को प्रेस क्लब में डॉ प्रवीण कालवीट,डॉ अविजीत रायजादा,डॉ विजय कूपटकर और डॉ पवन अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए दो दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया की पांचवी राज्य स्तरीय एनुवल कॉन्फ्रेंस ऑफरिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया÷ विषय पर 4 और 5 फरवरी को होटल कोर्टयार्ड मैरियट में कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेश के अलावा देश भर से करीब 350 एमडी डॉक्टरों की टीम आ रही है, जो अपने-अपने अनुभव और इलाज को लेकर अपनी बातें रखेंगे।उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में यह पहली बार बड़ा कॉन्फ्रेंस डायबिटीज को लेकर अयोजित किया जा रहा है जिसमे 20 राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ जिनमे डॉ बंशी साबू, राष्ट्रीय और ढ्ढष्टस्न सार्क देशों के अध्यक्ष क्क रू मक्कड़,डायबटीज़ सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आ रहे हैं। पटना से अजय कुमार दिल्ली से डॉ मक्कड़, विनोद मित्तल,मुंबई से मंगेश तिवास्कर और विजय नेगालुकर, बंगलुरु से डॉ अरविंद,श्रीनगर से डॉ अब्दुल जरगर, लखनऊ से अनुज माहेश्वरी और नरसिंह वर्मा के अलावा नागपुर से डॉ सुनील गुप्ता,प्रकाश खेतान और सुनील अम्बुलकर आ रहे हैं।इसमें खास बात यह भी है कि 50 पीजी डॉक्टर भी इसमें जानकारी लेने शामिल होंगे। इस दौरान टाइप वन के 21 बच्चों को ग्लूकोमीटर उपलब्ध कराया जाएगा। डायबिटीज क्यों और कैसे होता है इसकी रोकथाम के लिए क्या-क्या उपाय किए जा सकते हैं इस संबंध में सभी विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी अपनी राय रखेंगे। चेन्नई, बेंगलुरु, पटना, लखनऊ सहित अन्य राज्यों से आकर डॉक्टर लोगों को जागरूक करेंगे। डायबिटीज का ट्रीटमेंट सस्ता हो और सब तक पहुंचे इसे लेकर भी जागरूकता फैलाई जाएगी। डॉक्टरों ने बताया कि अगर जागरूकता आ जाए तो 50 फीसदी मरीज मधुमेह को खुद से नियंत्रण कर सकते है।पत्रकारों से चर्चा करते डॉक्टरों ने बताया कि भारत देश में जितनी सस्ती दवाईया मिलती हैं उससे सस्ती दुनिया में कहीं और नहीं मिलती। डायबिटीज को रोकने और उसके नियंत्रण के लिए शासन की विभिन्न योजनाएं भी काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि सप्ताह में 1 दिन इंसुलिन लेने वाली पद्धति 2023 के अंतिम तक देश में आ जाएगी। डायबिटीज के लिए सबसे बड़ा कारण बताते हुए डॉक्टरो ने जानकारी दी कि पहले की तरह इंसान आजकल मेहनत नहीं कर रहा है खान-पान में भी लापरवाही बरती जा रही है।

# बिल्हा विधायक व जिला पंचायत सभापति ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जीवन हो या खेलजबिना सामुहिक प्रयास से किसी को सफलता नहीं मिलती। जीवन की दौड़ में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से समाज और परिवार का हमेशा सहयोग रहा है। इसी सहयोग के दम पर ही सफलता मिलती है। ठीक ऐसा ही खेल का भी स्वभाव है। कोई खिलाड़ी अकेले दम पर टीम को सफलता नहीं दिला सकता है। मतलब चाहे खेल हो या जीवन की दौड़। सफलता सामुहिक प्रयास से ही मिलती है। यह बातें बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने सिरगिट्टी में सेकंड इनिंग स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा फ्लड नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारम्भ के अवसर पर कही। सिरगिट्टी में एकता कप क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक बतौर मुख्य अतिथि साथ ही जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत किया। सादगी भरे कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर रिबन काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने धरमलाल कौशिक जी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं भी दी। उपस्थित खिलाडियों और गणमान्य लोगों को मुख्य अतिथि ने संबोधित किया। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा..खेल और जीवन की तासीर एक ही है।

चूंकि मानव का स्वभावगत सामाजिक प्राणी है। इसलिए, कल्पना करना कि अकेले दम पर सब कुछ हासिल करे लेगा..पूरी तरह गलत है। दुनिया में सहभागिता से ही हर काम संभव है। खेल का मैदान भी कुछ ऐसा ही होता है। खिलाड़ियों के सामुहिक प्रयास से ही खेल संभव है। मतलब एकता ही सफलता का सबसे बड़ा मंत्र है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने कहा खेल से हमें एक रहने की शिक्षा मिलती है। हमारे रूप रंग अलग अलग हो सकते हैं। लेकिन हमारा उद्देश्य एक ही होता है और हमें अपना उद्देश्य स्पष्ट रखना होगा। तब ही खेल में मिली जीत की तरह..हम विकास की जीत को हासिल कर पाएंगे। कार्यक्रम में आयोजन समिती के मनोज दुबे,बबला श्रीवास, रामखिलावन साहू,पप्पू कश्यप, गिरी राव,राजू पटेल, शेखर राव ,के.के कौशिक,अरविन्द प्रसाद, सोनल दुबे,शशिकांत श्रीवास, बंटी सोनी,संजय मरकाम,राजू श्रीवास जी, रवि श्रीवास, सोनू खान व भारी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहें।

# जिले में की गई मुख्यमंत्री भूपेश की घोषणाओं पर करें त्वरित अमलः कलेक्टर

■ प्रत्येक ग्राम पंचायतों में खेल ग्राउण्ड के लिए स्थल चिन्हांकित करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुंगेली जिला में अमरटापू-मोतिमपुर और लालपुर थाना प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं पर त्वरित अमल किया जाए। इस हेतु कार्ययोजना बनाकर गंभीरतापूर्वक कार्य करें। कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री बघेल द्वारा की गई घोषणाओं के क्रियान्यवन की जानकारी ली। उन्होंने जिले में खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान हेतु स्थल चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि स्थल चिन्हांकित कर जिला प्रशासन को शीघ्र सूची उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों पर भर्ती की प्रक्रिया में लेट-लतीफी पर नाराजगी जताई और शीघ्र भर्ती हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में से है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने राजस्व और वन विभाग के अधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित कर जिले के छुटे हुए हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र देने की कार्यवाही तत्परता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही वन अधिकार पत्र से वंचित न रहे। उन्होंने जिले में सड़क निर्माण, नवीनीकरण और संधारण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वीकृति उपरांत अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू कराया जाए। उन्होंने ऐसे ठेकेदार जो कार्य करने के इच्छुक नहीं हैं, उनकी टेंडर को निरस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी धान उपार्जन केन्द्रों में भौतिक स्टॉक सत्यापन के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने और धान के उठाव कार्य में तेजी लाने के साथ कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में शार्टेज की समस्या होने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# श्रद्धा महिला मंडल ने किया शासकीय प्राथमिक शाला, लिंगियाडीह में सामान वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




लोककल्याण कार्य में अग्रणी भूमिका निभानेवाली श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा आदरणीया पूनम मिश्रा ने अपने सहयोगी संगीता कापरी के साथ शासकीय प्राथमिक शाला, लिंगियाडीह, जिला बिलासपुर विद्यालय में 30 नग बेंच और 30 नग टेबल सहयोग में दिया। 118 विद्यार्थियों की क्षमता वाले विद्यायल में बच्चों की सुचारू रूप से पढ़ाई में मदद हेतु यह परोपकारी कार्य सराहनीय है।

इस कल्याणकारी कार्य के समय कमिटी की सचिव सुष्मिता मांझी के साथ डॉक्टर प्रियंका श्रीवास्तव, सविता अग्रवाल, शाइनी जॉर्ज, शालू साहू, संगीता शुक्ला, सुनीता श्रीवास्तव, श्रीदेवी पिल्लई, सरिता सिंह, सुनीता सरकार, श्रीजा महादेवन, सागरिका पटनायक, पूनम सिंह मौजूद थी। वैष्णव जन तो तैने कहिए, जाने पीर पराई रे जरूरतमंदों के मदद में श्रद्धा महिला मंडल के ये उठे हाथ वैष्णव जन भावना की एक छोटी पर प्रभावकारी संदेश है। इस संदर्भ में मंडल की अध्यक्षा पूनम मिश्रा का लगातार जारी प्रयास मुक्त कंठ से प्रशंसनीय है।



# मरदाकला में मड़ई मेला का आयोजन देवी-देवताओं की निकाली गई शोभायात्रा



पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

ग्राम मरदाकला में बुधवार को मड़ाई मेला का आयोजन किया गया। इस मड़ाई मेला में क्षेत्र भर के देवी -देवताओ की ध्वज पताके डांगडोली पहुंचे जहां पूरे क्षेत्र भर के लोगो के द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र मे सुख शांति समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किया गया और देवी-देवताओ की शोभायात्रा निकाला गया। देवी -देवताओ की शोभायात्रा मे उनसे आशीर्वाद लेने हजारो की संख्या में लोग उमड़ पड़े क्षेत्र मे मड़ाई मेला मे भारी उत्साह देखने को मिला आदिवासी परंपरा अनुसार देवी -देवताओ की पूजा अर्चना कर मड़ाई बिहाई गई और एक दिन पूर्व रात्री जागरण कर पूजा अर्चना किया गया।

इस मड़ाई मेला मे शामिल होने आसपास ग्रामो के हजारो लोग पहुंचे जहां कई प्रकार के दुकान लगाई गई थी और जमकर खरीददारी भी हुआ।

# कलेक्टर-एसपी ने शिवरीनारायण मेला के सुव्यस्थित आयोजन के लिए तैयारियों का लिया जायजा



■ मेला महोत्सव समिति और संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा जिले की नव पदस्थ कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आज शिवरीनारायण नगर में 5 से 18 फरवरी तक आयोजित होने वाले शिवरीनारायण मेला की तैयारियों के लिए मेला महोत्सव समिति और संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने शिवरीनारायण मेला के व्यवस्थित आयोजन के लिए बैठक लेने के साथ ही मेला ग्राउंड का निरीक्षण भी किया। उन्होंने घाट किनारे स्नान व सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा, बैरिकेटिंग, पेयजल, बिजली, अनाउंस करने की उचित व्यवस्था, फ्लेक्स बैनर लगाए जाने, मेला ग्राउंड में साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था आदि अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधि, मेला महोत्सव समिति के सदस्य, तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जमीन बिक्री में हेराफेरी कर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, जांजगीर पुलिस की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



आरोपी द्वारा एक ही जमीन को दो अलग-अलग व्यक्तियों को बिकी हेतु सौदा कर तीसरे व्यक्ति को बिक्री कर धोखाधड़ी किया गया। आरोपी द्वारा रामगोपाल पांडेय से 2 लाख रूपये एवं हेमंत तिवारी से 4 लाख 50 हजार रूपये कुल 6,50,000 रूपये की धोखाधड़ी किया गया। आरोपी प्रमोद यादव निवासी हाथीटिकरा को दिनांक 02.02.23 को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी रामगोपाल पाण्डेय निवासी बनारी द्वारा थाना जाजगीर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी प्रमोद यादव निवासी हाथीटिकरा द्वारा अपने हक की भूमि जो ग्राम हाथीटिकरा में अवस्थित है जिसका खसरा नंबर 487/01 रकबा 050 एकड भूमि को दिनांक 04.04.18 को प्रार्थी को बिक्री करने इकरारनामा लिखवाया था एवं आरोपी द्वारा उसी भूमि को गवाह हेमंत तिवारी को बिक्री करने इकरारनामा लिखवाया गया। साथ ही आरोपी द्वारा उक्त भूमि को संगीता राठौर निवासी खोखरा को बिकी कर दिया।

आरोपी द्वारा प्रार्थी एवं गवाह हेमंत तिवारी के साथ उक्त भूमि की सौदा कर उनसे रूपये लेकर छलकपट एवं बेईमानीपूर्वक धोखाधड़ी करते हुए बयाना की रकम को वापस नहीं किया एवं उक्त भूमि को संगीता राठौर के पास बिक्री कर धोखाधड़ी करने पर आरोपी प्रमोद यादव के विरुद्ध थाना जांजगीर में अपराध कमांक 65 / 23 धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये आरोपी प्रमोद यादव उम्र 29 वर्ष निवासी हाथीटिकरा चौकी नैला को उसके घर ग्राम हाथीटिकरा से गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक उमेश साहू, सउनि भोलेनाथ तिवारी प्रधान आरक्षक विरेन्द्र कुमार भानू एवं आरक्षक दिलीप सिंह का विशेष योगदान रहा।

# सरस्वती पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम के लिए विद्यालय के छात्राओं एवं अभिभावक माताओं ने निकाला कलश यात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ कोटा
www.dailypioneer.com



विद्या भारती एवं सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ की योजना से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगी रोड कोटा में सरस्वती पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम के लिए विद्यालय के छात्राओं एवं अभिभावक माताओं के द्वारा कलश यात्रा निकाला गया तथा गेंदराम राजपूत (विभाग समन्वयक बिलासपुर एवं कोरबा विभाग) के मुख्य आतिथ्य, वेंकट लाल अग्रवाल (अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर कोटा) की अध्यक्षता एवं गौरव शुक्ला (रजिस्टार डॉक्टर सीवी रमन विश्वविद्यालय करगी रोड कोटा) के विशिष्ट आतिथ्य में बड़ी धूमधाम से मां सरस्वती, ब्रह्म स्वरूप ओम एवं भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि गेंदराम राजपूत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की समस्त 1111 सरस्वती शिशु मंदिरों में इस समय सरस्वती पूजन, समर्पण कार्यक्रम एवं विद्यारंभ कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं विद्यारंभ संस्कार के माध्यम से छोटे-छोटे बच्चों का विद्यारंभ संस्कार करा कर अध्ययन अध्यापन के लिए एवं विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है आगे उन्होंने कहा कि 16 संस्कारों में से विद्यारंभ संस्कार भी एक विशेष संस्कार है, सभी माता-पिता को अपने अपने छोटे-छोटे बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराने के बाद ही विद्यालय में अध्ययन अध्यापन के लिए भेजना चाहिए जिसके द्वारा बच्चे का मन, बुद्धि आदि का सर्वांगीण विकास हो सके अर्थात बच्चे हिंदुत्वनिष्ठ, राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गौरव शुक्ला जी ने सरस्वती शिशु मंदिर भूरी- भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत में केवल एक ही संस्था सरस्वती शिशु मंदिर है जो शिक्षा के साथ साथ छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास पर ध्यान देती है यहां की संस्कार अद्वितीय है यहां के शिक्षक भी बच्चों को देशभक्ति, ईमानदारी, सत्यनिष्ठ, कर्तव्यनिष्ठ इत्यादि अनेक प्रकार की शिक्षा देती है जो अपने आप में एक अद्वितीय है मैं सभी माता-पिता को धन्यवाद देना चाहता हूं जो अपने बच्चों को सरस्वती शिशु मंदिरों में पढ़ा रहे हैं और मैं समाज से आह्वान करता हूं कि सभी अपने अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर में प्रवेश करावें। कार्यक्रम के अध्यक्ष वेंकट लाल अग्रवाल ने मंच को संबोधित करते हुए कहां कि सरस्वती शिशु मंदिर को समाज से अच्छा सहयोग मिल रहा है और समाज सरस्वती शिशु मंदिर की प्रशंसा भी कर रहे हैं अतः सरस्वती शिशु मंदिर की ओर सभी की निगाह है।

## कठोर कार्यवाही आज तक नही, पढ़ाई छोड़ बच्चे बिन रहे कबाड़

# चोरी और नशे को बढ़ा रहा कबाड़ का धंधा, नेशनल हाइवे में सबसे बड़ा कबाड़खाना

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नेशनल हाइवे के किनारे या सड़क से लगे हुए सरकारी जमीन पर कबाड़ व्यापारियों का दबदबा बना बना है। इन पर आजतक न तो राजस्व विभाग कार्यवाही किया है न ही पुलिस। इससे इनके हौसले बुलंद हो रहे है। कवर्धा शहर सहित आसपास के गांवों में कबाड़ काकारोबार चरम पर है नगर के मुख्य मार्गो में कबाड़ से लदे ओवरलोड वाहन आसानी से देखे जा सकते है जिनमें कबाड़ के नाम पर सरकारी सम्पति भी बेखौफ होकर खपाई जा रही नियमो व कानूनी व्यवस्था को खुली चुनौती देता यह कारोबार चोरी, नशा, बालश्रम जैसे अपराधो को बढ़ावा दे रहा है, कारोबारी बेखौफ होकर बिना लेखा-जोख के चोरी का सामान खरीद रहे जो की जिले में बढ़ते अपराध का एक मुख्य कारण बना हुआ है।

**जिला में दर्जनों कबाड़खाने**-कबीरधाम जिला के पंडरिया, बोड़ला, लोहारा, पौड़ी मिलाकर दर्जनों कबाड़ दुकानें हैं। इन दुकानों के संचालकों के पास वैध लाइसेंस है या नहीं यह कोई नहीं जानता। इन दुकानों में कीमती सरकारी सामानों को पानी के मोल खरीदकर कारोबारी लाखों रुपए कमा रहे हैं। इन दुकानों में कबाड़ खरीदी-बिक्री का न तो रसीद होती है और न ही कोई रिकार्ड।

**जिले से बाहरी लोगों का दबदबा**-प्रशासनिक ढिलाई के चलते जिले के बाहर से आए लोग इस व्यवसाय में सक्रिय नजर आ रहे हैं। लोहे के सामान व घरेलू उपयोग के सामान सहित कई कीमती सामान पानी के मोल कबाड़ी अपने दलालों के माध्यम से खरीद कर लाखों कमा रहे हैं। जबकि सरकारी खजाने में दो कौड़ी भी जमा नहीं







कराया जा रहा है। इतना ही नही गरीब तबके के बच्चो को पैसे का लालच देकर इस व्यवसाय में धकेल दिया जाता है। काम के लिए नशे की लत लगाकर गली-गली जाकर कबाड़ ढूंढने व चोरी करने के लिए मजबूर किया जाता है।

**कैमिकल ड्रग्स के शिकार होते मासूम**-बच्चे दिनभर बोरी लेकर सड़कों और कचरों की खाक छानते रहते हैं। शराब की खाली बोतलें इकट्ठा कर कबाड़ दुकानों में बेचते हैं। रुपयों और नशे की लालच में यही बच्चे लोहा व खाली बोतलों को कबाडियों तक पहुंचाते हैं और कबाडियों द्वारा इन बच्चों को और बढ़ावा दिया जाता है, ताकि उनका व्यवसाय और फल-फूल सके।

**निर्धारित मापदंड का पालन नहीं**-नियमों की मानें तो क्रय किया हुआ समस्त कबाड़ पंजीबद्ध होना चाहिए, हर क्रय-विक्रय की रसीद होनी चाहिए, किंतु इन दुकानों में बिना भय के, बिना लेख-जोख के चोरी का कबाड़ क्रय-विक्रय किया जाता है और इनके कबाड़ को वाहनों में ओव्हर लोड वाहनों के माध्यम से शहर के बाहर ले जाकर खपाया जाता है, यदि यह कबाड़ कागजों तक पहुंचे तो इसका राजस्व भी सरकार तक भारी मात्रा में पहुंचेगा, किंतु प्रशासनिक अमले की उदासीनता से प्रति वर्ष लाखों के राजस्व के नुकसान के साथ जिले भर में पनप रही समस्याओं को निदान नहीं हो पा रहा है।

**खप रहा चोरी का माल**-दर्जनों संचालित कबाड़ दुकानें मुख्य रूप से ट्यूबवेल की केबल चोरी की तारें, स्प्रिंकलर पाइप, पुरानी जर्जर हो रही सरकारी भवनों के खिड़की-दरवाजे, नगर के विभिन्न मकानों से चोरी हुआ समान खपा रहे हैं। इतना ही नहीं सूत्रों की मानें तो शहर के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी हुई मोटर साइकिलों एवं अन्य वाहनों को भी कटवाकर कबाड़ के भाव इन्हीं दुकानों में तौल दिया जाता हैं। इन कबाडख़ानें की स्थिति ऐसी है कि बाहर से इस बात का अंदाजा लगाना काफी मुश्किल है कि अंदर टीन और प्लास्टिक की जगह सरकारी लोहा, दफ्तरों की खिड़कियां व नलकूप की केबल की तारें खपाई जा रही हैं। इन कबाड़ दुकानों से दिन भर में कई ओव्हर लोड वाहन कबाड़ लेकर शहर की गालियों से होकर निकलते हैं, फिर भी इन्हें किसी बात की रोक-टोक नहीं होती। कबाड़ के कारोबारी शहर के जिम्मेदारों से अच्छे तालुकात रखते हैं, जिस वजह से इन पर कार्यवाही की गाज नहीं गिरती।

**जिले का सबसे बड़ा कबाड़ पोड़ी में**-रायपुर जबलपुर राष्ट्रीय मार्ग और कबीरधाम जिला के ग्राम पंचायत पोड़ी में जिला का सबसे बड़ा कबाड़खाना हैं जो नेशनल हाइवे से महज 100 मीटर की दूरी पर वही एक दुकान महज सौ मीटर व दूसरा पुलिस चौकी से 200 मीटर में जहां पर प्रतिदिन लाखो का व्यारा न्यारा होता हैं लेकिन अबतक किसी की नजर नही पड़ी जो समझ से परे हैं ।

**कार्रवाई का नहीं भय**-बेरोक-टोक जाते ओव्हरलोड वाहन मुख्य मार्गो से सटे बाड़ों में चोरी के कबाड़ का संग्रह यह बात तो स्पष्ट करता है कि इन कारोबारियों को कार्यवाही का रत्ती भर भी भय नहीं है, इतना ही नहीं किसानों के खेत से पाइप व केबल को इन दुकानों तक पहुंचाया जाता है, जिसकी खबर नगर में हर दूसरे व्यक्ति को है, फिर भी न तो पुलिस अधिकारी इन पर कार्यवाही करते हैं।

# जशपुरिया स्ट्राबेरी से महकेगा छत्तीसगढ़

## हिमांचल प्रदेश, महाराष्ट्र में उत्पादित होने वाले स्ट्राबेरी की खेती अब छत्तीसगढ़ में

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के ठंडे क्षेत्रों में स्ट्राबेरी की खेती लोकप्रिय हो रही है। अपने लजीज स्वाद और मेडिसिनल वेल्यू के कारण यह बड़े स्वाद के खाया जाता है। राज्य के जशपुर, अंबिकापुर, बलरामपुर क्षेत्र में कई किसान इसकी खेती कर रहे हैं। स्ट्राबेरी की मांग के कारण यह स्थानीय स्तर पर ही इसकी खपत हो रही है। इसकी खेती से मिलने वाले लाभ के कारण लगातार किसान आकर्षित हो रहे हैं। एक एकड़ खेत में इसकी खेती 4 से 5 लाख की आमदनी ली जा सकती है। जशपुर जिले में 25 किसानों ने 6 एकड़ में स्ट्राबेरी की खेती की है। जशपुर में विंटर डान प्रजाति की स्ट्राबेरी के पौधे लगाए गए हैं। इन किसानों को उद्यानिकी विभाग की योजना राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत तकनीकी मार्गदर्शन और अन्य सहायता मिल रही है। किसानों का कहना है कि छत्तीसगढ़ में होने वाली स्ट्राबेरी की गुणवत्ता अच्छी है और साथ ही स्थानीय स्तर पर उत्पादन होने के कारण व्यापारियों को ताजे फल मिल रहे हैं। जिसके कारण उन्हें अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।





**जशपुर, अंबिकापुर सहित अन्य जिलों में किसान हो रहे आकर्षित**

**राष्ट्रीय बागवानी मिशन से मिल रही मदद**

### धान के मुकाबले 8 से 9 गुना फायदा

स्ट्राबेरी की खेती धान के मुकाबले कई गुना फायदे का सौदा है। जहां धान की खेती के लिए मिट्टी का उपजाऊपन के साथ साथ ज्यादा पानी और तापमान की जरूरत होती है वहीं स्ट्राबेरी के लिए सामान्य भूमि और सामान्य सिंचाइ में भी यह बोई जा सकती है। धान की खेती में जहां देख-रेख की ज्यादा जरूरत पड़ती है वहीं स्ट्राबेरी के लिए देख-रेख की कम जरूरत पड़ी है, सिर्फ इसके लिए ठंडे मौसम की जरूरत होती है। जहां धान से एक एकड़ में करीब 50 हजार की आमदनी ली जा सकती है वहीं स्ट्राबेरी की खेती में 3 से 4 लाख की आमदनी हो सकती है। इस प्रकार धान से 8-9 गुना आमदनी मिलती है। स्ट्राबेरी की खेती छत्तीसगढ़ के ठंडे क्षेत्रों में ली जा सकती है। इसके लिए राज्य के अंबिकापुर, कोरिया, बलरामपुर, सूरजपुर जशपुर का क्षेत्र उपयुक्त है।

### ठंडे क्षेत्र खेती के लिए उपयुक्त

जशपुर में जलवायु की अनूकूलता को देखते हुए 25 किसानों ने 6 एकड़ में स्ट्राबेरी की फसल ली गई है। इन किसानों ने अक्टूबर में स्ट्राबेरी के पौधे रोपे और दिंसबर में पौधे से फल आना शुरू हो गए। फल आते ही किसानों ने हरित क्राति आदिवासी सहकारी समिति के माध्यम से या स्वयं अच्छी पैकेजिंग की। पैकेजिंग के साथ कुछ समय में प्रतिसाद मिलना शुरू हो गए। जशपुर में 25 किसानों ने दो-दो हजार पौधे लगाए हैं। इससे हर किसान को अब तक करीब 40 से 70 हजार रूपए की आमदनी हो चुकी है। किसानों ने बताया कि स्ट्राबेरी के पौधों पर मार्च तक फल आएंगे, इससे करीब एक किसान को एक से डेढ़ लाख रूपए की आमदनी संभावित है। वहीं एक किसान से करीब 3000 किलो स्ट्राबेरी फल होने और सभी किसानों से कुल 75000 किलोग्राम स्ट्राबेरी के उत्पादन होने की संभावना है। जशपुर के किसान धनेश्वर राम ने बताया कि पहले उनके पास कुछ जमीन थी जो अधिक उपजाऊ नहीं थी वह बंजर जैसी थी। मुश्किल से कुछ मात्रा में धान की फसल हो पाती थी। जब उन्हें विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन मिलने पर फलों की खेती प्रारंभ की। नाबार्ड संस्था से सहयोग भी मिला। उन्होंने 25 डिसमील के खेत में स्ट्राबेरी के 2000 पौधे का रोपण किया। तीन माह में ही अच्छे फल आ गए हैं। मार्केट में इसकी उन्हें 400 रूपए प्रति किलो की कीमत मिल रही हैं। उन्हें अभी तक करीब 70 हजार रूपए की आय हो गई है। उन्हें राष्ट्रीय बागवानी मिशन से मल्चिंग और तकनीकी मदद मिली है। स्ट्राबेरी का उपयोग कई प्रकार के खाद्य पदार्थों में किया जाता है। आइस्क्रीम, जेम जेली, स्क्रैश आदि में स्ट्राबेरी फ्लेवर लोकप्रिय है। इसके अलावा इसका उपयोग पेस्ट्री, टोस्ट सहित बैकरी के विभिन्न उत्पादनों में किया जाता है। स्ट्राबेरी में एण्टी आक्सीडेंट होने के कारण इसका उपयोग विभिन्न प्रकार के सौंदर्य प्रसाधनों लिपिस्टिक फेस क्रीम के अलावा बच्चों की दवाईयों में फ्लेवर के लिए किया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की पहल का असर अब खेती किसानी में दिखने लगा है। खेती किसानी में मिल रहे इनपुट सब्सिडी का उपयोग किसान अन्य फसलों के लिए कर रहे हैं। किसान अब परम्परागत धान की खेती की जगह बागवानी फसलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। किसानों के इस नवाचारी पहल की लिए बधाई और शुभकामनाएं।

# हाईकोर्ट ने शराब पर कोरोना टैक्स लेने के मामले में सरकार से मांगा जवाब

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना काल के दौरान प्रदेश सरकार ने प्रदेश में बेची जा रही शराब पर कोरोना टैक्स लगाया था। शराब पर लगे कोरोना टैक्स मामले में 10 माह बाद भी राज्य सरकार अपना जवाब पेश नहीं कर सकी है। इस मामले में दायर हुई याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।



हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को जवाब पेश करने का अंतिम मौका दिया है। इस मामले की सुनवाई अब छह सप्ताह बाद होगी।

इस याचिका को पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, बृजमोहन अग्रवाल व अन्य ने दायर किया था, जिसमें कहा गया था कि इस टैक्स का पैसा कोरोना से बचाव के इंतजामों में नहीं लगाया गया है। कोरोना काल के दौरान राज्य सरकार ने शराब पर 10 प्रतिशत कोरोना टैक्स लगाया था। यह टैक्स शराब में अब भी जारी है। इस मामले में पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर और बृजमोहन अग्रवाल ने टैक्स से मिलने वाले पैसे को कहां लगाया जा रहा है और इस तरह लगाए गए टैक्स को कोरोना से बचाव के इंतजामों में लगाने के नियम की बात कहते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

याचिका में कहा गया है कि शराब में लगाए गए कोरोना टैक्स से करोड़ों रुपए जमा हुए हैं। इस टैक्स की राशि को कोरोना के खिलाफनहीं इस्तेमाल किया गया है और स्वास्थ्य विभाग को भी पैसे ट्रांसफर नहीं किए गए, जबकि नियमानुसार जिस वजह से टैक्स लिया जाता है, उसका उपयोग उसी में किया जाना चाहिए, लेकिन इस राशि का उपयोग किस तरह किया जा रहा यह स्पष्ट नहीं है।

# मुख्यमंत्री ने चंदूलाल चंद्राकर की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ के प्रखर पत्रकार और पूर्व सांसद स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे और डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री बघेल ने चंदूलाल चंद्राकर के अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि वे अनेक बार लोकसभा में सांसद निर्वाचित हुए। उन्होंने कई महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री पद का दायित्व संभालते हुए देश और प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण सर्वदलीय मंच के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलन को नई दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि चंदूलाल मूल्य आधारित निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के लिए भी जाने जाते हैं। वे राष्टीय स्तर के संपादक भी रहे। उन्होंने कई ज्वलंत मुद्दों पर निडरता से आवाज उठाई। अपने प्रखर व्यक्तित्व और निर्भीक पत्रकारिता से देश में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। राज्य सरकार ने उनकी स्मृति में पत्रकारिता के क्षेत्र में चंदूलाल फेलोशिप स्थापित की है, जिससे मूल्य आधारित पत्रकारिता को बढ़ावा मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र चंदूलाल की मातृभूमि के प्रति सेवा भावना, उनके अमूल्य विचार नई पीढ़ी को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

# के. राजू का दौरा कार्यक्रम

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय संयोजक (एससी, एसटी, ओबीसी, एवं Minority Departments) के. राजू 03 फरवरी शुक्रवार को सुबह 8.45 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा हैदराबाद से रायपुर पहुंचेंगे एवं सर्किट हाउस के लिये रवाना होंगे। दोपहर 2 राजीव भवन रायपुर में लीडरशिप डेव्हलपमेन्ट मिशन (एलडीएम) के तहत आयोजित बैठक में भाग लेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय संयोजक (एससी, एसटी, ओबीसी, एवं Minority Departments) के. राजू 04 फरवरी 2023 शनिवार को दोपहर 12.25 बजे एयर इंडिया के नियमित विमान सेवा द्वारा रायपुर से विशाखापट्टनम के लिये रवाना होंगे।

# ड्रग विभाग की छापामार कार्रवाई दवाइयों को जांच के लिए भेजा लैब

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मिलावट दवाइयों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार राजधानी के गीतांजलि नगर, बिरगांव, शंकर नगर समेत कई इलाकों पर ड्रग डिपार्टमेंट ने रेड की कार्रवाही की है। दरअसल, ड्रग डिपार्टमेंट को आयुर्वेदिक औषधि युक्त दवाइयों में एलोपैथी केमिकल मिलावट की शिकायत मिली थी, जिसपर ड्रग डिपार्टमेंट की 4 टीम शहर के कई इलाकों में दबिश देते हुए रेड की कार्रवाई की। बता दें गीतांजलि नगर स्थित बजरंग औषधि भंडार पर छापेमार की कार्रवाई जारी है। वहीं ड्रग डिपार्टमेंट द्वारा जब्त की गई सैकड़ों कार्टन दवाइयों के सैंपल को जांच के लिए लैब भेजा गया है। फिलहाल इस पर आगे की कार्रवाई जारी है।

# भू-वैज्ञानिक के सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, सोने-चांदी के जेवर लेकर हुए फरार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

खमतराई थाना क्षेत्र में चोरों ने भू-वैज्ञानिक के सूने मकान का अपना निशाना बनाया है। चोर ने वैज्ञानिक के घर से सोने-चांदी के जेवर चोरी कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। खमतराई थाने में सेक्टर 4 शिवानंद निवासी ज्ञानेश्वर सिंह ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। वे भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण आफिस डीडी नगर मे वरिष्ठ भू-वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत हैं। 24 जनवरी को वे अपने परिवार सहित घर में ताला लगाकर अकबरपुर फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश गए थे। घर के सामने के गेट की चाबी पड़ोसी मंजू को काम वाली बाई को देकर गए हुए थे। 31 जनवरी को सुबह 11.30 बजे मंजू ने प्रार्थी की पत्नी स्नेहलता सिंह को फोन कर बताया कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला और इंटर लाक टूटा हुआ है। अंदर बेडरूम का ताला एवं लोहे का आलमारी का लाकर टूटा हुआ है। इसके बाद वह पत्नी के साथ रायपुर आए। घर में आकर देखा कि बैडरूम के आलमारी में रखे एक नग सोने का हार, एक जोड़ी सोने का कंगन, एक जोड़ी चांदी का पाजेब व पांच जोड़ी चांदी का पायल अलमारी में नहीं था।

# अभा कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सैलजा का दौरा

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा 03 फरवरी शुक्रवार को दोपहर 1.35 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा नई दिल्ली से रायपुर विमानतल, पहुंचेंगे एवं सर्किट हाउस जायेंगे। दोपहर 2 बजे राजीव भवन, रायपुर में लीडरशिप डेव्हलपमेन्ट मिशन के तहत आयोजित बैठक में भाग लेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा 04 फरवरी शनिवार को प्रातः 11 बजे सर्किट हाउस, रायपुर में विधायकों के साथ बैठक एवं चर्चा करेंगे।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा 06 फरवरी 2023 सोमवार को रात्रि 9 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा रायपुर से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403